राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक-08
लखनऊ, शुक्रवार 23 अगस्त, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





देश के विभिन्न हिस्सों में 10 दिनों में 900 दुष्कर्म की घटनाएं : अभिषेक 12

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे होंगे सम्मानित : जयवीर 03


## सुप्रीम कोर्ट ने की हड़ताली डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील

**आग्रह**

- आंदोलनकारी डॉक्टरों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने के साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का सरकारों को दिया निर्देश






**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उच्चतम न्यायालय ने कोलकता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज की स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में आंदोलनरत देशभर के डॉक्टरों को अपने काम पर तत्काल लौटने की गुरुवार को अपील की और काम पर लौटने वाले आंदोलनकारी डॉक्टरों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने के साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का सरकारों को निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने घटना के स्वतः संज्ञान मामले में सुनवाई के दौरान सभी संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। नौ अगस्त को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद देशभर के अस्पतालों में मरीजों की समस्याओं पर गौर करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पीठ की ओर डॉक्टर से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि न्याय और चिकित्सा हड़ताल पर नहीं जा सकते। क्या हम अब उच्चतम न्यायालय के बाहर जाकर बैठ सकते हैं? पीठ ने अपने आदेश में कहा कि डॉक्टरों ने आशंका जताई है कि उनमें से कुछ पर पिछले दिनों हुए विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के कारण कार्रवाई की जा रही है। हमें आश्वासन दिया गया है कि डॉक्टर काम पर वापस लौट आएंगे... और आज (22 अगस्त 2024) के आदेश के बाद काम पर वापस आने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव को राज्य के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक करके काम पर लौटने के इच्छुक डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि यह बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाए और राज्य सरकार दो सप्ताह के भीतर सुधारात्मक उपाय करें। पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि राज्य चिकित्सा प्रतिष्ठानों में हिंसा की किसी भी आशंका को रोक सकें। शीर्ष अदालत ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को एक पोर्टल खोलने का निर्देश दिया, जहां सभी हितधारक अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकें। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को बाधित न करने का निर्देश देते हुए कहा कि सरकारें आरजी कर मेडिकल कॉलेज की उस घटना के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करें। पीठ ने डॉक्टरों के कल्याण और सुरक्षा के मुद्दे को बार-बार रेखांकित करते हुए कोलकाता की इस मेडिकल कॉलेज की घटना के मामले का राजनीतिकरण न करने का सभी से आग्रह किया और कहा कि कानून अपना काम कर रहा है।

### पोस्टमार्टम को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को लगाई कड़ी फटकार

उच्चतम न्यायालय ने कोलकता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज की प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने से पहले शव का पोस्टमार्टम करने पर गुरुवार को आश्चर्यजनक व्यक्त किया और पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और बंगाल सरकार की ओर से पेश मामले से संबंधित जांच प्रगति विवरण देखने के बाद कहा कि उसने कभी ऐसे मामले में इस तरह का रवैया नहीं देखा। न्यायालय ने केजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त की घटना में शव का पोस्टमार्टम करने के बाद और अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने पर पश्चिम बंगाल सरकार के प्रति नाराजगी और आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि वह हैरान है कि अप्राकृतिक मौत के मामले में मुकदमा दर्ज होने से पहले पोस्टमार्टम किया गया। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि क्या हो रहा था? अप्राकृतिक मौत के मामले और एफआईआर दर्ज होने से पहले पोस्टमार्टम किया गया। मैंने 30 वर्षों में कभी भी इस तरह से ऐसे मामले को निपटाते नहीं देखा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्य पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि एक पहलू बेहद परेशान करने वाला है। मृत्यु की जीडी (सामान्य डायरी) प्रविष्टि अगले दिन सुबह 10:10 बजे दर्ज की गई। अपराध स्थल की सुरक्षा, जब्ती आदि का काम रात 11:30 बजे किया गया। पीठ ने बताया कि अप्राकृतिक मृत्यु का मामला रात 11:30 बजे दर्ज किया गया था, जबकि मृत्यु की सूचना सुबह 10:10 बजे दी गई।

### एम्स के डॉक्टरों की हड़ताल खत्म, सुप्रीम कोर्ट के आश्वासन के बाद काम पर लौटे

कोलकाता में डॉक्टर से रेप और मर्डर केस के खिलाफ आंदोलन कर रहे रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने बड़ा ऐलान किया है सुप्रीम कोर्ट के आश्वासन के बाद दिल्ली एम्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने 11 दिन से जारी हड़ताल खत्म कर दी है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फाइमा) से संबंधित रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन की ऑल इंडिया लेवल की बैठक चल रही है। इसमें भी हड़ताल खत्म करने को लेकर फैसला लिया जा सकता है। उधर, कोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव को डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के मुख्य सचिवों और डीजीपी के साथ बात करने का निर्देश दिया है। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में 9 अगस्त को महिला डॉक्टर के साथ हैवानियत हुई थी। रेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। दिल को झकझोर देने वाली इस घटना के खिलाफ 11 दिन से प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विरोध प्रदर्शन करने वाले इन डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी।

## राष्ट्रपति ने प्रदान किए विज्ञान रत्न पुरस्कार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2024 प्रदान किये।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. गोविंदराजन पद्मनाभन को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आजीवन उपलब्धि और योगदान के लिए विज्ञान रत्न पुरस्कार प्रदान किया। प्रो. पद्मनाभन भारत में आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान में अग्रणी हैं। केंद्र सरकार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दिए जाने वाले इस सर्वोच्च पुरस्कार की शुरुआत इसी वर्ष से की है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कृषि विज्ञान में डॉ. आनंदरामकृष्णन सी, परमाणु ऊर्जा में डॉ. अवेश कुमार त्यागी, जैविक विज्ञान में प्रो. उमेश वार्ष्णेय और जैविक विज्ञान में प्रो. जयंत भालचंद्र उदगांवकर, पृथ्वी विज्ञान में प्रोफेसर सैयद वजीह अहमद नकवी, इंजीनियरिंग विज्ञान में प्रोफेसर भीम सिंह, गणित और कंप्यूटर विज्ञान में प्रोफेसर आदिमूर्ति आदि और गणित और कंप्यूटर विज्ञान में प्रोफेसर राहुल मुखर्जी, चिकित्सा में प्रो. डॉ. संजय बिहारी, भौतिकी में प्रो. लक्ष्मणन मुथुसामी, भौतिकी में प्रो. नबा कुमार मंडल और अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में डॉ. अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम, प्रो. रोहित श्रीवास्तव को प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के लिए कुल 13 विज्ञान श्री पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति ने कृषि विज्ञान में डॉ. कृष्ण मूर्ति एस.एल., कृषि विज्ञान में डॉ. स्वरूप कुमार परिदा, जैविक विज्ञान में प्रो. राधाकृष्णन महालक्ष्मी, जैविक विज्ञान में प्रो. अरविंद पेनमत्सा, रसायन विज्ञान में



प्रो. विवेक पोलशेट्टीवार, रसायन विज्ञान में प्रो. विशाल राय, पृथ्वी विज्ञान में डॉ. रॉक्सी मैथ्यू कोल, इंजीनियरिंग विज्ञान में डॉ. अभिलाष, इंजीनियरिंग विज्ञान में डॉ. राधा कृष्ण गंटी, पर्यावरण विज्ञान में डॉ. पूरबी सैकिया, पर्यावरण विज्ञान में डॉ. बप्पी पॉल, गणित और कंप्यूटर विज्ञान में प्रो. महेश रमेश काकड़े, चिकित्सा में प्रो. जितेन्द्र कुमार साहू, चिकित्सा में डॉ. प्रज्ञा ध्रुव यादव, भौतिकी में प्रो. उर्वशी सिन्हा, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में डॉ. दिगेन्द्रनाथ स्वैन, अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में डॉ. प्रशांत कुमार, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में प्रो. प्रभु राजगोपाल सहित 18 को विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में चंद्रयान-3 टीम को विज्ञान टीम पुरस्कार प्रदान किया। चंद्रयान-3 मिशन का सफल समापन देश की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक है और यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों की टीम द्वारा प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान को दर्शाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'बांग्लादेश की पूर्वी सीमा पर बाढ़ त्रिपुरा में बांध खुलने से नहीं'

**नई दिल्ली।** भारत ने स्पष्ट किया है कि बांग्लादेश की पूर्वी सीमा पर स्थित जिलों में बाढ़ की वर्तमान स्थिति त्रिपुरा में गुमटी नदी के ऊपर बने डंबुर बांध के खुलने के कारण नहीं है। भारत और बांग्लादेश से होकर बहने वाली गुमटी नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों में इस साल की सबसे भारी बारिश हुई है। बांग्लादेश में बाढ़ मुख्य रूप से बांध के नीचे की ओर इन बड़े जलग्रहण क्षेत्रों के पानी के कारण है।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में इस बात पर चिंता व्यक्त की जा रही है कि बांग्लादेश की पूर्वी सीमा पर स्थित जिलों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति त्रिपुरा में गुमटी नदी के ऊपर बने डंबुर बांध के खुलने के कारण है।

### पद्म पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन 15 सितंबर तक खुले

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन 15 सितंबर तक खुले हैं। इच्छुक प्रतिभागी राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर जाकर अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

### रमनजीत हांगकांग से भारत प्रत्यर्पित

**चंडीगढ़।** पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि 2016 के नाभा जेल ब्रेक के मास्टरमाइंड रमनजीत सिंह ऊर्फ रोमी को हॉंगकॉंग से भारत प्रत्यर्पित किया गया है। श्री यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस के अथक प्रयासों के बाद, मुख्य साजिशकर्ता रोमी को न्याय का सामना करने के लिये वापस लाया जा रहा है। वह आईएसआई और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) के हरमिंदर सिंह मिंटू, कश्मीर सिंह गलवड्डी और अन्य फरार कैदियों के संपर्क में था।

### मनरेगा मजदूरों के ऊपर दीवार गिरी, चार की मौत, एक घायल

**इटावा।** इटावा जनपद में थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत महेंदीपुर गांव में मनरेगा की मजदूरी कर रहे मजदूरों पर पुरानी दीवार गिर गई। दीवार के नीचे दबकर चार मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दीवार के मलबे के नीचे दबे मजदूरों को निकालकर मृतक मजदूरों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल मजदूर को उपचार के लिए भर्ती करवाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत महेंदीपुर गांव में मनरेगा की मजदूरी कर नाला निर्माण कर रहे मजदूरों के ऊपर नाले के पीछे बनी पुरानी दीवार गिर गई हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक मजदूर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य मजदूर का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा आज से, इंतजाम कड़े



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर आयोग ने नया अपडेट जारी किया है। 60244 पदों के लिए 26 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 6 लाख 3 हजार 481 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। बिहार के दो लाख 67 हजार 296, मध्य प्रदेश के 98400, राजस्थान के 97276 और सबसे कम मिजोरम के तीन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

परीक्षा आज (23 अगस्त) से शुरू हो रही है। सिपाही भर्ती परीक्षा के चलते राजधानी लखनऊ में 23, 24, 25, 30, 31 अगस्त को ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। परीक्षा सुबह 10 से 12 और शाम 3 से 5 दो पालियों में होगी। डायवर्जन व्यवस्था परीक्षा की तिथियों पर सुबह 6 बजे से ही लागू हो जाएगा। रेलवे ने भीड़ बढ़ने पर परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अधिक किराया वसूलने पर बस, टैक्सी का परमिट निरस्तीकरण की कार्यवाही करेगा। लखनऊ में 81 सेंटरों पर परीक्षा होगी।

### सुरक्षा सख्त, ड्रोन से होगी निगरानी

यूपी पुलिस का हिस्सा बनने के लिए सिर्फउत्तर प्रदेश ही नहीं, 27 अन्य राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों के 6,30,481 अभ्यर्थी भी परीक्षा में किस्मत आजमाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों के आसपास हॉट स्पॉट की निगरानी ड्रोन कैमरों से कराई जाएगी। 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को प्रदेश के 67 जिलों में होने वाली परीक्षा के सुरक्षा प्रबंधों में तकनीक का भी उपयोग कराया जा रहा है। बड़े शहरों में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने पर विशेष जोर है। परीक्षा केंद्रों के आवागमन मार्ग पर स्थित सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील करा लिया जाये। परीक्षा में 48,17,441 अभ्यर्थियों को शामिल होना है। उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक 2,67,296 अभ्यर्थी बिहार के होंगे। मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली सहित देशभर से अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

## भारत-पोलैंड के बीच रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने का फैसला

**एजेंसी, वारसा।**

भारत एवं पोलैण्ड ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी का स्वरूप देने तथा आर्थिक सहयोग को व्यापक बनाने पर सहमति जताने के साथ संयुक्त राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को आतंकवाद सहित वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम बनाने के लिए उनमें व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

पोलैंड की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मेज़बान प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के बीच यहां प्रतिनिधि मंडल स्तर की द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिये गये। दोनों देशों ने शहरी विकास, तकनीकी उन्नयन एवं सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए अनेक फैसलों की घोषणा की। बैठक के बाद श्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में वारसा में उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री श्री टस्क का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री टस्क लंबे समय से भारत के मित्र रहे हैं और भारत और पोलैंड के बीच संबंधों को बढ़ाने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल हम अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस मौके पर हमने रिश्ते को रणनीतिक साझीदारी में बदलने का फैसला किया है। भारत और पोलैंड के बीच संबंध लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे साझा मूल्यों पर आधारित हैं। आज, हमने संबंधों को एक नई दिशा देने के लिए कई पहलों की पहचान की है।



**निर्णय**

- रिश्ते को रणनीतिक साझीदारी में बदलने का किया फैसला

### पोलिश कंपनियों को किया आमंत्रित

पीएम मोदी ने कहा कि आर्थिक सहयोग को व्यापक बनाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में पोलैंड विश्व में अग्रणी है, हम चाहते हैं कि पोलिश कंपनियां भारत में बन रहे मेगा फूड पार्क से जुड़ें। भारत में तेजी से हो रहे शहरीकरण से जल उपचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में हमारे सहयोग के नए अवसर खुल रहे हैं। शहरी बुनियादी ढांचा, स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी, हरित, हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी हमारी सामान्य प्राथमिकताएं हैं। हम पोलिश कंपनियों को मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। भारत ने फिनटेक, फार्मा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। हमें इन क्षेत्रों में पोलैंड के साथ अपना अनुभव साझा करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर हम दोनों देश वैश्विक चुनौतियों से निपटने में संयुक्त राष्ट्र संघ और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल देते हैं।

## रिश्वत लेकर थाने की दीवार फांदकर भागा इंस्पेक्टर

**बरेली, समृद्धि न्यूज।**

आईपीएस अधिकारी के गाड़ी का सायरन सुनते ही रिश्वत के नौ लाख रुपये छोड़ इंस्पेक्टर दीवार फांदकर भाग निकला। आईपीएस अधिकारी मानुष पारीक ने गुरुवार को थाना फरीदपुर में छापा मारा था। उन्हें इंस्पेक्टर के खिलाफ पुख्ता शिकायत मिली कि थाने में लेनदेन होने वाला है। इस पर मानुष ने उसे रंगे हाथ पकड़ने का प्लान बनाया। हालांकि, सायरन ने मामला गड़बड़ा दिया।

आईपीएस अधिकारी मानुष पारीक ने गुरुवार को अचानक थाना फरीदपुर पहुंचे। उन्हें रिश्वत लिए जाने की सूचना मिली थी। उनकी गाड़ी के सायरन की आवाज सुनकर इंस्पेक्टर थाने की दीवार फांदकर भाग गया। कमरे के बेड पर रिश्वत की रकम बरामद हुई। काउंट करने पर रकम 9 लाख रुपये निकली। पुलिस ने इंस्पेक्टर पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। तलाश में दबिश जारी है। फरीदपुर थाने में रामसेवक इंस्पेक्टर हैं। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर आईपीएस अधिकारी मानुष पारीक ने यह छापा मारा था। इंस्पेक्टर के थाने में आवास में पुलिस टीम पहुंची, यहां बेड में पैसा रखा मिला। इंस्पेक्टर थाने में दीवार फांदकर फरार हो गया। इंस्पेक्टर को पकड़ने के लिए टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही इस घटना का बड़ा खुलासा किया जाना है।

बरेली के फरीदपुर थाना प्रभारी रामसेवक के खिलाफ कुछ दिन से शिकायत मिल रही थी। अधिकारियों ने बताया कि फरीदपुर पुलिस ने स्मैक तस्कर नवदिया निवासी आलम, मोहम्मद इस्लाम, नियाज अहमद को पकड़ा था। इन सभी को छोड़ने के लिए इंस्पेक्टर फरीदपुर रामसेवक ने 9 लाख रुपये लिए। यह पैसा थाने के आवास के बेडरूम में लिया गया। जानकारी एसएसपी अनुराग आर्य व एसपी दक्षिण को मिली। जैसे ही मानुष पारीक थाने में पहुंचे तभी इंस्पेक्टर दीवार फांदकर भाग निकला। इंस्पेक्टर को पकड़ने के लिए एसपी के गनर भी दौड़े, लेकिन इंस्पेक्टर भाग निकला।



**अपराध**

- बिस्तर पर मिला 9 लाख कैश
- पुलिस के सायरन की आवाज सुनकर दीवार फांदकर फरार

### कमरे में कैश देखकर पुलिस भी दंग

भारी भरकम कैश देखकर पुलिस भी दंग रह गई। बाद में पुलिस ने पूरे मामले की जांच की और फौरन ही उस तस्कर को भी पकड़ लिया, जिसे इंस्पेक्टर ने रिश्वत लेकर छोड़ा था।

## श्रवण साहू हत्याकांड : आठ दोषियों को उम्र कैद की सजा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ के चर्चित सआदतगंज में व्यापारी श्रवण साहू हत्याकांड में गुरुवार (22 अगस्त) को कोर्ट का अहम फैसला आया है। सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने आठ दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामले में अकील अंसारी, सत्यम पटेल, अमन सिंह, विवेक वर्मा, बाबू खान, फैसल, अजय पटेल, रोहित मिश्रा को उम्रकैद की सजा मिली है। साथ ही कोर्ट ने सभी दोषियों पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया है।

1 फरवरी 2017 को श्रवण साहू पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर मारा गया था। लखनऊ के सआदतगंज कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर स्थित श्रवण के घर पर हत्या की गई थी। शूटरों ने कई गोली मारकर व्यापारी श्रवण साहू की हत्या की थी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई थी। पहले व्यापारी श्रवण साहू के बेटे की हत्या हुई थी। कोर्ट में पैरवी कर रहे पिता श्रवण की बाद में हत्या कराई गई थी। इस घटना के बाद व्यापारियों ने विरोध जताया था।

व्यापारी श्रवण साहू की हक्या 2017 में उसके घर सामने ही गोली माकर की गई थी। श्रवण साहू की हत्या से पहले उनके बेटे की हत्या की गई थी। इसी मामले में वह अपने बेटे के हत्यारों के खिलाफ कोर्ट में केस लड़ रहे थे। जानकारी के मुताबिक श्रवण साहू के बेटे की हत्या साल 2013 में कर दी गई थी। इस केस में व्यापारी श्रवण साहू इकलौते गवाह थे। इसलिए प्लान के तहत उनको भी रास्ते से हटा दिया गया।



### श्रवण साहू को 2017 में मारी गई थी गोली

श्रवण साहू तेल कारोबारी थे। 1 फरवरी 2017 को रात के करीब 8 बजे सआदतगंज में अपनी दुकान पर काम कर रहे थे, तभी दो शूटर पहुंचे और उनके ऊपर गोलियों की बरसात कर दी। शुटरों ने श्रवण साहू एक के बाद एक पांच गोलियां मारी थी। एक गोली उनके सिर में जा लगी और उनकी मौत हो गई और दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। अब करीब सात साल बाद दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

## अयोध्या में सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में अयोध्या के भदरसा कस्बे में नाबालिग बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान के खिलाफ सरकारी भूमि व तालाब पर बनाए गए मल्टी कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई। इससे पहले तहसील प्रशासन की जांच में आरोपी की बेकरी तालाब की भूमि पर पाए जाने के बाद तहसील प्रशासन ने बेकरी निर्माण इकाई पर बुलडोजर चलवाकर उसे ध्वस्त करा दिया था।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस बिल्डिंग का निर्माण अवैध ढंग से तालाब की जमीन पर और चकरोड की जमीन पर कब्जा करके किया गया था। विकास प्राधिकरण के द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस दी जा चुकी थी। उसके बाद उनके द्वारा मानचित्र नहीं दाखिल किया गया। न तो किसी प्रकार की रुचि ही दिखाई गई। इसके ध्वस्तीकरण का आदेश जून में ही पारित कर दिया गया था। इस आदेश का तामीला कराते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को एक्टिवेट कराया गया है। एसडीएम के द्वारा आगे जांच की जा रही है, आगे भी जो अवैध संपत्ति पाई जाएगी उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।




### अल-कायदा से प्रेरित मॉड्यूल का भंडाफोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की पुलिस के सहयोग से चलाए गए एक समन्वित, खुफिया अभियान में अल-कायदा से प्रेरित मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस मॉड्यूल को रांची से डॉ. इश्तियाक नामक व्यक्ति चला रहा था और वह खिलाफत की घोषणा करने तथा देश के भीतर गंभीर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की आकांक्षा रखता था। दिल्ली पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार ऑपरेशन जारी है और अब तक रांची में 15, राजस्थान में 1 और अलीगढ़ में 1 जगह पर छापेमारी की गई है। मॉड्यूल के सदस्यों को विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण और हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया गया है। राजस्थान के भिवाड़ी से छह व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है, जो वास्तव में हथियार चलाने का प्रशिक्षण ले रहे थे। इसके अलावा झारखंड और उत्तर प्रदेश से कुल आठ संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## मेरा जम्मू-कश्मीर के लोगों से गहरा जुड़ाव : राहुल गांधी

**एजेंसी, श्रीनगर।**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्राथमिक उद्देश्य जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करना है।

जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर आये श्री गांधी ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि वह केन्द्रशासित प्रदेश और देश के बाकी हिस्सों के लोगों को यह संदेश देना चाहते हैं कि उनका प्रतिनिधित्व सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोग अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को फिर से हासिल करें। मेरा जम्मू-कश्मीर के लोगों से गहरा जुड़ाव है और मेरा उन्हें संदेश है कि कांग्रेस पार्टी हमेशा उनका समर्थन करने के लिए मौजूद है। उन्होंने कहा कि लोग चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हिंसा खत्म हो। अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य सम्मान और भाईचारे के जरिए 'नफरत के बाजार में प्यार की दुकान खोलना' है। इससे पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर का राज्य से केंद्र शासित प्रदेश में बदलना अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। केंद्र शासित प्रदेश राज्य बन गये हैं, लेकिन यह पहली बार है जब कोई राज्य केंद्र शासित प्रदेश बना है। हमारे राष्ट्रीय घोषणापत्र में स्पष्ट हैं कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करना हमारी प्राथमिकता है।



**संबोधन**

- जम्मू-कश्मीर के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करना कांग्रेस की प्राथमिकता

### जम्मू-कश्मीर में सभी 90 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के साथ गठबंधन तय हुआ : फारूक अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर की सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन तय हो गया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को यह घोषणा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ अपने आवास पर हुई बैठक के बाद की। फारूक अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि हमारे बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में बैठक हुई। गठबंधन सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और ईश्वर की इच्छा से यह सुचारू रूप से चलेगा। सभी 90 सीटों पर गठबंधन तय हो गया है। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों के लिए तीन चरणों में चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होंगे। परिणाम 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के राहुल गांधी के आश्वासन के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि यह इंडिया गठबंधन की प्राथमिकता में है। अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई कि सभी शक्तियों के साथ पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।

# गौशाला में हुई अनियमितता, प्रधान तलब

- एसडीएम, बीडीओ ने किया स्थलीय जांच, 95-जी का नोटिस किया जारी



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के पसगवां ब्लॉक के अब्बासपुर ग्राम पंचायत के मजरे निजामपुर में संचालित गो आश्रय स्थल में गोवंशों की मृत्यु के मामले को संज्ञान लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसडीएम विनीत उपाध्याय, बीडीओ मोहित कौशिक, सीवीओ डॉ जगदीश प्रसाद को स्थलीय जांच के लिए भेजा।

अफसरों ने जांच में पाया कि गत दिवस शाम 05 बजे 09 गोवंश के बीमार होने की सूचना थी, जिनका पशु चिकित्सकों ने उपचार किया। छह गोवंश रिकवर हो गए। तीन की मृत्यु हो गई, जिनका पोस्टमार्टम प्रक्रियाधीन है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर तदनुसार कार्यवाही की जाएगी। पोस्टमार्टम के उपरांत सम्मानजनक तरीके से मृत गोवंशो का अंतिम संस्कार कराया जाएगा। इस मामले को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गंभीरता लेकर संबंधित ग्राम के ग्राम सचिव जितेंद्र कुमार को स्पष्टीकरण तलब किया। ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार को 95-जी का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, तीन घायल

- दुर्घटना से आक्रोशित परिजनों ने पुलिस चौकी के सामने किया रोड जाम

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**




लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर गुरुवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार महिला की मौत हो गई। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। आक्रोशित परिजनों ने बिजुआ पुलिस चौकी के सामने हाईवे जाम कर दिया। टक्कर मारने वाली कार को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है। कोतवाली भीरा के गांव दम्बल टांडा निवासी संजय सिंह रक्षाबंधन में मायके आई अपनी बहन गोमती को उसके ससुराल गुलाब टांडा छोड़ने बृहस्पतिवार दोपहर अपनी बाइक से जा रहे थे। लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर भानपुर बरम बाबा के मध्य स्थित पेट्रोल पंप के सामने भीरा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार शिफ्ट कार ने बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार वहीं पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। टक्कर मारकर स्विफ्ट कार चालक कार लेकर मौके से बिजुआ की तरफ भाग निकले। पकड़े जाने के डर से कार को बिजुआ में राम लखन पुत्र देवी दयाल के घर पर खड़ी कर चालक भाग गया।



स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची भीरा पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां पर गंभीर घायल गोमती देवी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। साथ ही घायल हुए संजय व बच्चों का इलाज चल रहा है। उधर आक्रोशित परिजनों ने बिजुआ पुलिस चौकी के सामने सड़क जाम कर दी व मांग करने लगे कि पहले कार चालक को गिरफ्तार कर बिजुआ चौकी में लाया जाए तभी मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजेंगे। करीब एक घंटे तक रोड जाम रही,स्विफ्ट गाड़ी जो की गांव में राम लखन पुत्र देवी दयाल के घर पर खड़ी करके चालक फरार हो गए घर वालो ने गाड़ी की सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया आक्रोशित परिजनों को पुलिस द्वारा काफी समझाने के बाद परिजन माने, परिजनों से लिखित तहरीर लेकर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया।

# एससीएसटी वर्ग के लोगों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**उचौलिया खीरी।** एससी एसटी वर्ग के आरक्षण में क्रीमीलेयर के फैसले का पूरे देश में विरोध हो रहा है। एसटी एससी वर्ग समाज ने आज क्रीमी लेयर पर आए निर्णय के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम उचौलिया इंस्पेक्टर मनीष कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा और इस फैसले को वापस लेने की मांग की है। उचौलिया में एससी एसटी वर्ग के लोगों ने रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में समुदाय के लोग शामिल हुए जो क्रीमी लेयर पर आए निर्णय का विरोध कर रहे थे। सर्वप्रथम सभी लोग उचौलिया के अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए। अंबेडकर पार्क से सभी लोग रैली निकालते हुए नारेबाजी करते हुए थाना पहुंचे और थाना अध्यक्ष को ज्ञापन सौपा।

# छोटा हाथी-बाइक में जोरदार टक्कर, आठ जखमी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के पढ़ुआ थाना क्षेत्र के ढखेरवा चौराहे पर लखमीपुर मार्ग पर वर्मा फ्यूल सेंटर के सामने गुरुवार दोपहर छोटा हाथी और बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दंपति सहित आठ लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सीएचसी रमियांबेहड़ भेजा जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल चार लोगों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

बताया जाता है कि छोटा हाथी और बाइक में हुई आमने-सामने जोरदार टक्कर में बाइक सवार बबलू (28) पुत्र पंचम व उसकी पत्नी पूनम (25) व पुत्र मीतेश (10) निवासी रामुआपुर तिकुनिया कोतवाली, छोटा हाथी सवार जानकी (40) पत्नी बलराम, गीता (45) पत्नी बृजेंद्र, रामकिशुन (80) पुत्र सर्वजीत, गणेश (34) पुत्र शालिकराम व कुंती (40) पत्नी जंगली सहित आठ लोग जख्मी हो गए हैं।

जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी रमियाबेहड़ भेजा गया जहां से बबलू, मीतेश, जानकी व गीता को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। छोटा हाथी सवार सभी लोग गांव मरौचा थाना संपूर्णा नगर के निवासी हैं। जोकि लखीमपुर स्थित अपने रिश्तेदारी में एक अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। उधर बाइक सवार दंपति ससुराल से रक्षाबंधन का त्यौहार मना कर अपने घर रमुआपुर थाना तिकुनिया लौट रहे थे। घटना के बाद मौके पर लोगों भीड़ जमा हो गई।



# बीडीओ ने किया अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण, बीमार तीन गोवंशो का कराया इलाज

**निघासन खीरी।** बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने गुरुवार को क्षेत्र के ढखेरवा खालसा स्थित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए संरक्षित किए गए गोवंश के रख रखाव का अवलोकन किया। उन्होंने गोवंश आश्रय स्थल की स्वच्छता, पेयजल, चारा-पानी, सेवादार श्रमिकों के कार्य प्रक्रिया को समझा और पशुओं को चारा पानी समय बद्ध तरीके से खिलाने के तौर तरीके को लाभकारी बताया।निरीक्षण के दौरान तीन गौवंश सामान्य रूप से बीमार मिलें। पशुचिकित्साधिकारी व उनकी टीम द्वारा बीमार गौवंश का समुचित इलाज किया गया।बीडीओ ने भूसा स्टोर,दाना स्टोर का निरीक्षण किया।वहीं भूसा आपूर्तिकर्ता द्वारा गलत भूसा भेजे जाने पर उसे नष्ट कराने को कहा।भूसा स्टोर में भूसा व हरा चारा स्टाक में मिला। इस दौरान एडीओ (पं) विजय गुप्ता, पशुचिकित्साधिकारी इंद्रपाल,सचिव पवन द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मतदाताओं का सत्यापन शुरू 18 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

- डीएम ने घर-घर मतदाताओं का सत्यापन में लगाए 2890 बीएलओ
- 06 जनवरी 2025 को होगा वोटरलिस्ट का अंतिम प्रकाशन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मतदाताओं का घर-घर जाकर बीएलओ सत्यापन काम में लगे है। यह 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक फोटोयुक्त मतदाता सूची का सत्यापन करेगे। जिले में फोटोयुक्त मतदाता सूची सत्यापन के लिए 2890 बीएलओ को लगाया गया है। वोटर आईडी की गड़बड़ी दूर कराने का निर्वाचन आयोग ने एक और मौका दिया है। मंगलवार से फोटोयुक्त मतदाता सूची का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। बीएलओ मतदाता सूची का घर-घर जाकर सत्यापन करने में लग गए हैं। मतदाता सूची एवं वोटर आईडी कार्ड की विसंगतियों को दूर किया जाएगा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व की विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रम के सम्बन्ध में तिथियां निर्धारित की गयी हैं, जिसके अनुसार 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मतदाताओं का सत्यापन घर-घर किया जाना है। तद्पश्चात् 29 अक्टूबर 2024 को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन एवं 06 जनवरी 2025 को अंतिम प्रकाशन किया जाना है। डीएम ने जिले के सभी मतदाताओं से घर-घर सत्यापन के कार्य में बीएलओ का सहयोग प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं है, तो फार्म-6 भरकर सम्मिलित कराने के लिए आवेदन करें।

यदि निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित है और उसके नाम, पिता का नाम, आयु अथवा पते आदि में कोई संशोधन है, तो उसके लिये फार्म-8 भरकर संशोधन की कार्यवाही करायी जा सकती है।फार्म-8 के माध्यम से एक ही विधानसभा में एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरित किये जाने हेतु आवेदन किया जा सकता है। ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है अथवा स्थायी रूप से स्थान परिवर्तन कर चुके हैं, वे फार्म-7 भरकर आवेदन कर अपमार्जन की कार्यवाही करा सकते हैं।

# दिव्यांगों को मिलेंगे कृत्रिम अंग, लगाये जाएंगे शिविर

- एडिप योजना :डीएम ने जारी किया रोस्टर, दिव्यांगों को मुख्य धारा से जोड़ने की कोशिश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

दिव्यांगजनों के लिए ÷एडिप योजना के तहत कृत्रिम अंग (कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर एवं कैलीपर) निःशुल्क प्रदान किये जाने के लिए ऑन द स्पॉट निःशुल्क चिन्हाकन/वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दिव्यांगजनों की सुविधा की दृष्टिगत जिलेभर में आठ स्थलों पर 05 सितंबर से 13 सितंबर तक ब्लाकों में लगने वाले शिविरो का रोस्टर जारी किया है। डीएम ने



सहायक विकास अधिकारी (स0क0) को शिविर का नोडल अधिकारी नामित किया है, जो शिविरों के सफल शिविर संचालन सुनिश्चित करेगें।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया कि एसआर ट्रस्ट, रतलाम, मध्य प्रदेश द्वारा एडिप योजना के तहत दिव्यांगजन को ऑन द स्पॉट निःशुल्क चिन्हाकन/वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह संस्था भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर के सहयोग से दिव्यांगजन को उच्चकोटि के कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर एवं कैलीपर इत्यादि उपकरण निःशुल्क प्रदान करेगी। इस शिविर मे चिन्हाकन के साथ ही उसी दिन कृत्रिम अंग/कैलीपर प्रदान किये जायेगे। जारी रोस्टर के अनुसार 05 सितंबर को लखीमपुर, नकहा, फूलबेहड ब्लॉक/सम्बन्धित नगरीय क्षेत्र के लिए ब्लॉक लखीमपुर में शिविर लगेगा। 06 सितंबर को गोला, बिजुआ, बॉकेगज ब्लॉक/सम्बन्धित नगरीय क्षेत्र के लिए कुंभी ब्लॉक में शिविर का आयोजन होगा। 07 सितंबर को ब्लॉक परिसर मोहम्मदी में मोहम्मदी, पसगवॉ ब्लॉक/सम्बन्धित नगरीय क्षेत्र के लिए शिविर आयोजित होगा।

09 सितंबर को ब्लॉक परिसर मितौली में मितौली, बेहजम के लिए शिविर लगेगा। 10 सितंबर को निघासन, रमियाबेहड ब्लॉक/सम्बन्धित नगरीय क्षेत्र के लिए ब्लॉक परिसर निघासन में शिविर का आयोजन होगा।11 सितंबर को ब्लॉक परिसर पलिया में ब्लॉक एवं नगरीय क्षेत्र पलिया के लिए शिविर लगेगा। 12 सितंबर को ब्लॉक परिसर धौरहरा में धौरहरा, ईसानगर ब्लॉक एवं संबंधित नगरीय क्षेत्र के लिए शिविर लगेगा। वही 13 सितंबर को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र मिश्राना में सम्पूर्ण जनपद में आयोजित शिविरों में छूटे हुए दिव्यांगजन के लिए शिविर लगेगा।

# जंगल से निकले हाथियो के झुंड ने किसानों की फसल को रौंदा

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज।** एक तरफ बाढ़ ने मचाई थी तबाही जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो गई थी वही दूसरी ओर सिंगाही थाना क्षेत्र के भैरमपुर गांव के पास जंगल से निकले हाथियों के झुंड ने लगभग 4 एकड़ धान व गन्ने की फसलों को खाकर व रौंदकर खराब कर दिया। जानकारी के अनुसार भैरमपुर गावँ के समीप बुधवार की रात जंगल से निकले हाथियों के झुंड ने रामकुमार, देशराज, माताप्रसाद, विजयकुमार का लगभग 4 एकड़ धान की फसल को खाया व रौंदकर खराब कर दिया। पहले बाढ़ ने फसलो को खराब किया अब जंगल से निकले हाथी फसलो को नष्ट कर रहे है जिससे किसान परेशान है। पीड़ित किसानों ने फसलो के नुकसान की जानकारी बेलरायां रेंज को दी है।

# सूचना अधिकार अधिनियम को नहीं मानते ईओ नगर पंचायत बरबर

- मांगी गई सूचनाओं का जवाब नहीं दे रहे ईओ, पीड़ित ने किया सूचना आयोग में अपील

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बरवर नगर पंचायत से सूचनाएं ना मिलने से आहत पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की है और राज्य सूचना आयोग में अपील की है वहीं नगर पंचायत बरवर के अधिशासी अधिकारी उच्चाधिकारियों का भी आदेश नहीं मानते हैं। मोहल्ला प्रेम नगर के निवासी पीड़ित गौरव कुमार गुप्ता ने कुछ बिंदुओं पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत बरवर नगर पंचायत से सूचनाएं मांगी थी।सूचनाएं ना मिलने पर अपर जिला अधिकारी लखीमपुर खीरी को एक अपील भेजा अपर जिलाधिकारी ने एक पत्र जारी किया कि गौरव गुप्ता को नियत समय में सूचनाएं दी जाएं उसके उपरांत भी सूचनाएं नहीं मिली जो सूचनाएं क्रमशः इस प्रकार से हैं।

1-शोभित गुप्ता कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति कब और किस चयन समिति के द्वारा की गई चयन समिति के अध्यक्ष व सदस्य कौन थे पूर्ण विवरण सहित अवगत करायें।

2-चयन समिति जिला स्तर तहसील स्तर या शासन स्तर के किसी अधिकारी का अनुमोदन लिया गया सूचना उपलब्ध करायें।

3-नियुक्त के समय किस वेतन पर अनुमोदन चयन समिति द्वारा दिया गया।

4-वर्तमान समय में शोभित गुप्ता को क्या वेतन प्राप्त हो रहा है वेतन वृद्धि किस शासनादेश किस अधिकारी द्वारा की गई स्पष्ट सूचना तथा आदेश की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करायें।

5-संविदा भर्ती उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कब प्रतिबंधित की गई क्या शोभित गुप्ता की नियुक्ति संविदा नियमों के तहत की गई स्पष्ट सूचना प्रदान करें।

उक्त सूचनाओं 21 अक्टूबर 2023 को गौरव कुमार गुप्ता के द्वारा नगर पंचायत बरबर से मांगी गई थी लेकिन इतने माह बीत जाने के बाद भी नगर पंचायत बरवर से गौरव कुमार गुप्ता को सूचनाओं नहीं दी गई जो बरवर नगर पंचायत को लेकर लगातार भ्रष्टाचार की खबरें लगातार सुर्खियों में चल रही है और सूचनाए ना देना किसी बड़े संदेश की तरफ इशारा कर रहा है।

# जंगल झाड़ी की जमीन पर हो रहे निर्माण रोकने में राजस्व विभाग असफल

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

- भू माफियाओं ने उक्त जमीन को हरियाणा के व्यक्ति को बेच दिया

उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहनपुर में गाटा संख्या 252 और 786 राजस्व अभिलेखों में जंगल झाड़ी के नाम पर दर्ज थी। जिसको कुछ साल पहले भू माफियाओं ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिली भगत करके अपने नाम दर्ज कर लिया। जिसके बाद भू माफियाओं ने उक्त जमीन को हरियाणा के व्यक्ति को बेच दिया। जमीन को बेचने के लगभग 4 साल बाद उक्त जमीन का दाखिल खारिज हुआ?। इसके बाद हरियाणा के व्यक्ति ने उसे जमीन को शाहजहांपुर के प्लॉटर को बेच दिया जिस पर वह लगभग 2 सालों से अवैध प्लाटिंग कर रहा है। सूत्रों के अनुसार उक्त जमीन में प्लाट खरीदने वाले मोहम्मदी के व्यक्ति के द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा लेखपाल और एसडीएम मोहम्मदी अवनीश कुमार को भी दी गई। लेकिन उन्होंने हो रहे निर्माण कार्य को नहीं रुकवाया।

ग्रामीणों का कहना है कि अवैध निर्माण को रुकवाया जाए और जंगल झाड़ी के नाम दर्ज जमीन को खाली कराया जाए।

# अध्यक्ष पद पर एक नामांकन वापस, चुनाव चिन्ह आवंटित

**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



- अब अध्यक्ष पद पर दो और महामंत्री पद पर चार प्रत्याशी हैं चुनाव मैदान में

नगर व्यापार मंडल चुनाव प्रक्रिया में गुरुवार को नाम वापसी और प्रत्याशियों में चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। इस दौरान अध्यक्ष पद पर दावेदारी करने वाले एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस ले लिया। अब अध्यक्ष पद पर दो और महामंत्री पद पर चार प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्याशियों ने व्यापारी मतदाताओं के पास पहुंचकर उनसे अपने पक्ष में मतदान की अपील शुरू कर दी है।

पूर्व निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी जिसमें अध्यक्ष पद पर धीरज गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष अनूप मिश्रा व आलोक कुमार गुप्ता ने अपना नामांकन कराया था। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान अध्यक्ष व महामंत्री पद पर चुनाव लड़ रहे सभी सातों प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए। गुरुवार को नाम वापसी के साथ चुनाव चिन्हों का वितरण किया जाना था। इस दौरान अध्यक्ष पद पर अपना नामांकन कराने वाले प्रत्याशी आलोक गुप्ता ने अपना पर्चा वापस ले लिया। पर्चा वापसी के बाद अब अध्यक्ष पद पर दो और महामंत्री पद पर चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी धीरज गुप्ता को चुनाव निशान छाता, अनूप मिश्रा को उगता सूरज सौंपा गया। वहीं महामंत्री पद के प्रत्याशी आशीष अग्निहोत्री को चुनाव चिन्ह शंख, संदीप बंसल को नगाड़ा, राजीव गुप्ता को कलम दवात व चांद कुमार जैन को पतंग का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्याशियों ने व्यापारी मतदाताओं के पास पहुंचकर उनसे अपने पक्ष में मतदान की अपील शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अब अध्यक्ष पद पर दो और महामंत्री पद पर चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त को सुबह नौ से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इस दौरान व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष बलराम गुप्ता, चुनाव अधिकारी जफर अहमद टीटू, चुनाव अधिकारी फुरकान अंसारी सहित व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने ली मासिक समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

- अच्छी अटेंडेंस पर अभिभावक होंगे सम्मानित, कम अटेंडेंस पर अभिभावक की काउंसलिंग करेगे शिक्षक

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक ली, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिया कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, मिड-डे-मील सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिले। सभी बीईओ पंजीकृत छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थिति के साथ-साथ इस बात को भी सुनिश्चित करें कि सभी छात्र प्रापर ड्रेस, जूता, मोज़ा व स्वेटर पहन कर विद्यालयों में आयें। डीएम ने बीएसए को निर्देशित किया कि शिक्षकों द्वारा शिक्षक संदर्शिका व शिक्षक डायरी का अनिवार्यता से दैनिक प्रयोग किया जाए। न्यून अधिगम स्तर वाले छात्रों को उपचारात्मक शिक्षण प्रदान कराए। समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं शिक्षक-सन्दर्शिका के अनुरूप ही शिक्षण कार्य करें, जिससे छात्रों को निपुण बनाने में सहजता और शीघ्रता हो। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रत्येक माह के अंतिम बुधवार को सभी परिषदीय विद्यालयों में अभिभावक -शिक्षक बैठक आयोजित की जाए। निर्देश दिए कि इन बैठकों में सुपरवाइजरी अफसरो की ड्यूटी भी लगाई जाए।

### स्कूलों में बनेगा नोनिहालों का जन्मदिन, बच्चों में बाटेंगे टाफियां

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में माह के प्रथम दिन विद्यालय में नामांकित छात्रों में से उसे माह में जन्मे बच्चों का जन्मदिन मनाया जाए। जन्मदिन वाले बच्चे के हाथो से अन्य साथी बच्चों को टाफिया का वितरण कराया जाए।

### उपस्थिति को सुनिश्चित करने के लिए करे विशेष प्रयास : सीडीओ

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि बीईओ अपने आवंटित ब्लॉक में अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण को बढ़ाते हुए उपस्थिति को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करें। अभियान के दौरान कम अटेंडेंस वाले बच्चों के घर दस्तक देकर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। विद्यालयों के शैक्षिक व भौतिक गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। बैठक में डीएम ने एसएमसी गठन सूचना प्रेरणा पोर्टल पर अपलोडिंग, केजीबीवी परिसर में एकेडमिक, छात्रावास निर्माण की प्रगति, डीबीटी मॉडल, स्कूल चलो अभियान, मिशन प्रेरणा, फेज-दो, निपुण भारत के प्रभावी क्रियान्वयन, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में 19 पैरामीटर्स के संतृप्तिकरण, कक्षाओं को प्रेषित विभिन्न शैक्षिक सामग्री व शिक्षकों की दक्षता वृद्धि हेतु प्रशिक्षण, मध्यान भोजन टास्क फोर्स, बा विद्यालय में स्टाफ उपस्थिति प्रतिशत की बिंदुवार समीक्षा की व जरूरी निर्देश दिए।

**समस्या**

## दूसरे दिन भी पलिया भीरा रोड पर बंद रहा यातायात

# शारदा नदी में तेज बहाव के चलते रोका गया यातायात

**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

- बाढ़ के तेज बहाव से पानी की चपेट में आने से बाल बाल बचे बाइक सवार

पलिया भीरा रोड पर शारदा नदी की बाढ़ का पानी तेज बहाव से चलने के चलते पुलिस प्रशासन ने रोड पर वाहनों का संचालन पूरी तरह बंद रखा। प्रशासन लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं छोड़ना चाह रहा है। रोड पर पानी का बहाव कम होने के बाद वाहनों का संचालन शुरू हो सकेगा। बुधवार को पानी के बहाव की चपेट में आने से एक बाइक चालक परिवार के साथ बह रहा था जिसे लोगों के द्वारा बमुश्किल बचाया जा सका। बता दें कि बाढ़ का पानी कम होने के बाद महंगापुर गुरुद्वारे की संगत ने प्रशासन के साथ मिलकर पुलिया की मरम्मत का कार्य किया था जिसके बाद रोड पर छोटे वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया था। खास बात तो यह थी कि इसके बावजूद एक माह तक बसों का संचालन नहीं हो सका था। लेकिन अभी भी शारदा नदी से कटी रेल लाइन जस की तस पड़ी हुई है जिसके चलते बनबसा बैराज से अगर पानी छोड़ा जाता है तो वह सीधे



पलिया भीरा रोड पर आ जाता है। बुधवार को एक बार फिर बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद शारदा नदी की बाढ़ का पानी तेज बहाव के साथ पलिया भीरा रोड पर आ पहुंचा जिसके चलते प्रशासन को इस रोड पर वाहनों का संचालन बंद करना पड़ा। प्रशासन लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं छोड़ना चाह रहा है। बुधवार को पानी के बहाव की चपेट में आने से एक बाइक चालक परिवार के साथ बह रहा था जिसे लोगों के द्वारा बमुश्किल बचाया जा सका। सीओ यादवेन्द्र यादव ने बताया कि रोड पर बाढ़ के पानी का बहाव तेज होने के चलते यातायात पूरी तरह बंद रखा गया है। उन्होंने बताया कि पानी कम होते ही यातायात बहाल कर दिया जाएगा? एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कर्मियों को रोड पर तैनात किया गया है। जानकारी देते हुए एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि रोड पर शारदा नदी की बाढ़ का पानी तेज बहाव के साथ चल रहा है जिसके चलते रोड पर वाहनों के संचालक पर रोक लगाई गई है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से पलिया निघासन रोड का इस्तेमाल करने की अपील की है।

# संस्कृत सप्ताह के समापन पर हुई श्लोक गायन प्रतियोगिता

**लखीमपुर खीरी।** भगवान दीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परास्नातक संस्कृत एवं हिंदी विभाग तथा संस्कृत भारती अवध प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत सप्ताह के समापन अवसर पर संस्कृत श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। सरस्वती वंदना महाविद्यालय की छात्राओं लविशा , पूर्णिमा एवं प्रज्ञा ने अत्यंत सुमधुर स्वर में प्रस्तुत की। संस्था के जिला मंत्री श्री राजकिशोर दीक्षित ने संस्कृत भारती संस्था का परिचय देते हुए सभी का स्वागत भी किया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रोफेसर गीता शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत भाषा व साहित्य में भारतीय संस्कृति समाहित है।

# डीएम करेंगी तहसील व विकासखंड कार्यालयों का निरीक्षण



▸ जनशिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर दिया जोर

**जिलाधिकारी के विकासखंड व तहसील के निरीक्षण का कार्यक्रम**

- 03 **सितंबर** तहसील गोण्डा सदर
- 10 **सितंबर** विकासखंड रूपईडीह
- 13 **सितंबर** तहसील करनैलगंज
- 17 **सितंबर** विकासखंड कार्यालय पंडरीकृपाल
- 20 **सितंबर** तहसील तरबगंज
- 24 **सितंबर** विकासखंड झंझरी
- 27 **सितंबर** तहसील मनकापुर
- 01 **अक्टूबर** विकासखंड कार्यालय इटियाथोक
- 04 **अक्टूबर** विकासखंड कार्यालय मुजेहना
- 08 **अक्टूबर** विकासखंड कार्यालय करनैलगंज
- 11 **अक्टूबर** विकासखंड कार्यालय कटरा बाजार
- 15 **अक्टूबर** विकासखंड कार्यालय परसपुर
- 18 **अक्टूबर** विकासखंड कार्यालय हलधरमऊ
- 22 **अक्टूबर** विकासखंड कार्यालय तरबगंज
- 25 **अक्टूबर** विकासखंड कार्यालय बेलसर
- 29 **अक्टूबर** विकासखंड कार्यालय वजीरगंज
- 01 **नवम्बर** विकासखंड कार्यालय नवाबगंज
- 05 **नवम्बर** विकासखंड कार्यालय मनकापुर
- 08 **नवम्बर** विकासखंड कार्यालय बभनजोत एवं छपिया

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम चौपाल में आम जनपदवासियों से सीधे संवाद के बाद अब बारी अधिकारियों से जवाब तलब करने की है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा आगामी सितंबर और अक्टूबर माह में जनपद के सभी तहसील एवं विकासखंड कार्यालयों का निरीक्षण करेंगी। जिलाधिकारी की ओर से गुरुवार को इसका कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

इस दौरान संबंधित क्षेत्र में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यों के साथ जनशिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर जोर दिया जाएगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। स्वास्थ्य, शिक्षा, साफ-सफाई सहित ग्रामों में विकास कार्यों के लिए बनाई जा रही योजनाओं का क्रियान्वयन, मनरेगा, विकासखंड पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता आदि पर जोर दिया जाएगा। बता दें, जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद गोण्डा में संवाद की नई संस्कृति को विकसित किया है। बीते दिनों ग्राम चौपाल 2.0 के माध्यम से जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। इनके माध्यम से जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। अब, अधिकारियों के जवाबदेही की बारी है।

# भातखण्डे संस्कृति विवि का 14वां दीक्षांत समारोह संपन्न

▸ कठोर परिश्रम और सच्ची लगन से जीवन में किसी भी मनचाहे मुकाम को किया जा सकता है हासिल : राज्यपाल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

कला मंडपम प्रेक्षागृह में सम्पन हुआ दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल,कुलाधिपति, माननीय आनंदी बेन पटेल विशिष्ट अतिथि डा किरण सेठ की अध्यक्षता में 159 उपाधियां प्रदान की गई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि इस बार कुसुम वर्मा स्वर्ण पदक बीपीऐ गायन में प्रशान्त पाण्डेय को प्रदान किया गया गोंण्डा जनपद के विष्णुपुरी निवासी श्री अशोक कुमार पांण्डेय के पुत्र/प्रशान्त पांण्डेय को कुसुम वर्मा स्वर्ण पदक बीपीऐ गायन में एवं पाँच अन्य स्वर्ण पदक प्राप्त किया।



मुख्य अतिथि राजपाल आनंदी बेन ने कहा कि कठोर परिश्रम और सच्ची लगन से जीवन में किसी भी मनचाहे मुकाम को हासिल किया जा सकता है। लक्ष्य छोटे-छोटे तय कर बड़े लक्ष्य की तरफ बढ़ना चाहिए। इससे आसानी से कामयाबी पाई जा सकती है। यही सफलता का मूलमंत्र है। विशिष्ट अतिथि किरण सेठ ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में समय का बहुत महत्व होता है। समय के प्रबंधन की कला जिसे आ जाती है वह जीवन में आगे बढ़ता है विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मांडवी सिंह ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए हर क्षेत्र के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में नृत्य, संगीत, गायन, खेल आदि जैसे पाठ्येतर गतिविधियों में बच्चों को निपुण किया जाता है। प्रशान्त की प्रारम्भिक संगीत शिक्षा गोंण्डा जिले के रघुवर संगीत विद्यालय तुलसीदास द्विवेदी गुरु जी से प्राप्त हुई, प्रशांत के मां नारी ज्ञानस्थली स्कूल में प्राइवेट अध्यापिका आशु पांडेय एव पिता प्राइवेट काम करते है। बेटे की इस उपलब्धि से गोंडा जनपद एव पूरा परिवार प्रशांत एव माता-पिता बाबा लखन लाल पाण्डे और चाचा संजीव कुमार पांडे ने ढेरो शुभकामनाएं दी।

# महाकवि तुलसीदास पीजी कॉलेज में लगा वृक्षारोपण शिविर

**स्वयंसेवकों ने एक पेड़ माँ के नाम का संदेश फैलाने का लिया संकल्प**




**परसपुर/गोण्डा समृद्धि न्यूज़।**

महाकवि तुलसीदास पी.जी. कॉलेज, परसपुर में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (रा.से.यो.) इकाई द्वारा एक पेड़ माँ के नाम थीम के तहत एक विशेष वृक्षारोपण शिविर का आयोजन किया गया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और समाज में हरित चेतना का प्रसार करना था। शिविर की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीना सिंह और रा.से.यो. की कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सीमा तिवारी ने टिकोमा और तुन के पौधे लगाकर की। इनके साथ रा.से.यो. के स्वयंसेवक सैफ आलम, आनंद सोनी, आशुतोष वर्मा, रामगोपाल, आयुषी शुक्ला, शबनम बानो, प्रीति, और सानिया ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई और एक पेड़ माँ के नाम का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण के बाद संगोष्ठी में डॉ. सीमा तिवारी ने वृक्षारोपण के पर्यावरणीय लाभ और समाज में जागरूकता बढ़ाने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. श्रेयशी ठाकुर, डॉ. ज्योतिबाला पाण्डेय, डॉ. दयाशंकर मिश्र, नरेन्द्रनाथ पाण्डेय, रेवती रमण सिंह सहित कई एन.एस.एस. के प्रतिभागी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान टिकोमा, बोगेनवेलिया, नीम, तुन, गुलमोहर, पपीता और अमलताश जैसे वृक्ष लगाए गए, जिससे महाविद्यालय परिसर हरे-भरे वातावरण से भर गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ,जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# शोहदों के डर से छात्राओं ने कालेज जाना छोड़ा, एसपी से लगायी गुहार

**परसपुर/गोण्डा समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी इंटरमीडिएट की छात्रा ने घर से कालेज जाते समय रास्ते में नहर पुलिया के पास दो शोहदों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। छात्रा की मां की उलाहना से नाराज़ शोहदों ने उसके घर में घुसकर परिजनों से मारपीट की और छात्राओं को उठा ले जाने की धमकी दी। इससे तंग छात्राओं ने कालेज जाना भी बंद कर दिया है। स्थानीय थाने में सुनवाई न होने पर छात्रा ने जिले के उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित छात्रा ने थाने से लेकर एसपी विनीत जायसवाल को भेजे गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह बीते सात अगस्त को कालेज से घर वापस आ रही थी। रास्ते में दो युवकों ने नहर के पास जबरन रोक कर उसके साथ बदसलूकी की। यह बात उसने घर जाकर अपने मां से बताई। मां के उलाहना से नाराज युवकों ने उसके घर में घुसकर परिजनों से मारपीट की।

बताया कि घटना की तहरीर उसने स्थानीय थाने पर दी लेकिन कार्रवाई न होने से मनबढ़ शोहदों के डर से दोनों बहनों ने कालेज जाना बंद कर दिया है। पीड़ित छात्रा ने बताया कि इन मनचले शोहदों के कारण क्षेत्र अधिकांश लड़कियों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पंकज श्रीवास्तव ने कई मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव का दिया सुझाव

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मंडल रेल प्रबंधक से मिलकर देवीपाटन मंडलवासियों की सुविधा हेतु कई प्रमुख सवारी एवं मेल/ एक्सप्रेस गाड़ियां का संचालन शुरू किए जाने का सुझाव दिया है। जेड आर यू सी सी मेंबर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार को दिए गए सुझाव पत्र में कोरोना कल से बंद गोंडा से लखनऊ पैसेंजर ट्रेन का संचालन अविलम्ब शुरू किए जाने, गोंडा अयोध्याधाम से मनकापुर एवं मनकापुर से अयोध्याधाम तथा इलाहाबाद से मनकापुर एवं मनकापुर से इलाहाबाद तक चलने वाली सरयू साकेत एक्सप्रेस का विस्तार गोंडा तक किए जाने, अधिवक्ताओं, व्यापारियों, छात्रों एवं युवाओं



कर्मचारियों की सुविधा हेतु गोंडा कचेहरी रेलवे पर बाघ एवं आम्रपाली का ठहराव किए जाने, गोंडा जंक्शन पर दिव्यांग एवं वृद्धजनों की सुविधा हेतु बैटरी रिक्शा उपलब्ध कराए जाने, गोंडा कचहरी रेलवे स्टेशन का नामकरण शहीद राजेंद्र नाथ लाहड़ी के नाम किए जाने, रेलवे कर्मचारियों हेतु निर्मित 1700 आवासीय स्थल का पुनर्निर्माण कराए जाने, गोंडा, कर्नलगंज, इटियांथोक, मोतीगंज, मसकनवा, बभनान समेत कई स्थानों पर रेल आवासों एवं रेलवे की जमीनों पर अवैध कबजेदारों को हटाकर कार्यवाही किए जाने, गोंडा से नई दिल्ली एवं नई दिल्ली से गोंडा तक सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन किये जाने, 12569 / 12570 इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव इटियांथोक, जरवल रोड एवं बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर ठहराव किए जाने, 19716 /19715 गोमती नगर से जयपुर एवं जयपुर से गोमती नगर तक संचालित होने वाली मेल एक्सप्रेस का विस्तार गोंडा जंक्शन तक किए जाने, गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन की ओर आने वाली जर्जर सड़कों का निर्माण कराये जाने समेत तमाम बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए निस्तारण का सुझाव रेल यात्रियों के हित में दिया गया है। जिस पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सुझाव पत्र पर कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर भाजपा के उमेश श्रीवास्तव, महेंद्र, दानिश, राजेश श्रीवास्तव, देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बालिका से छेड़खानी के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**कटरा बाजार/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** बालिका को घर में अकेली पाकर दुष्कर्म करने की नियत से कमरे के अंदर खींचने वाले के विरुद्ध पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना थाना कटरा बाजार अन्तर्गत एक गांव से जुड़ी है। यहां की निवासिनी एक महिला ने दी गई तहरीर में कहा है की वह अपने मायके गई थी। उसकी 20 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी,जिसका फायदा उठाते हुए शाम करीब 4 बजे मुकेश उसके घर में घुस गया और उसकी पुत्री का हाथ पकड़कर कमरे के अंदर खींचने लगा। उसने किसी तरह अपना हाथ छुड़ाकर कमरे के बाहर से कुण्डी लगा दिया और हल्ला गुहार करने लगी। मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा दरवाजा खोलते ही वह भाग गया। पीड़िता ने दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकेश निवासी ग्राम असरना के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 333 व 74 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मौला-ए-कायनात वेलफेयर फाउंडेशन ने सौंपा ज्ञापन



**उतरौला,बलरामपुर।** मौला- ए-कायनात वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने राम गिरि महाराज के द्वारा इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद( सज़अंज़) पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। जिसको लेकर संस्था के सदस्यों एवं क्षेत्र के उलामा ए कराम ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार उतरौला को सौंपा। नौशाद खान ने बताया कि रामगिरी महाराज के द्वारा इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद( सज़अंज़) पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। जिससे करोड़ों मुसलमानों के आस्थाओं व भावनाओं को ठेस पहुंचा है। मुस्लिम समुदाय शांतिप्रिय तथा अमन शांति चाहता है। परंतु शांत व सेक्युलरिज्म व गंगा जमुनी तहजीब के नाम पर देश का मुस्लिम समाज अपने धर्म व पैगंबर साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। रामगिरी महाराज के खिलाफ विधिक एवं कड़ी कार्रवाई करते हुए उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जाए। जिससे देश का माहौल बिगाड़ने वाले लोगों के हौसले पस्त हो सके। यदि राम गिरि महाराज के ऊपर कोई कार्रवाई न की गई तो देश व प्रदेश के मुसलमान विभिन्न संस्थाओं के बैनर तले सड़क पर शांत प्रिय ढंग से उतरने ने को मजबूर होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर नौशाद खान ,मौलाना सैयद मुहीबुल हक, मोहम्मद गुफरान, मोहम्मद इरफान, तौसीफ रंगरेज, समीर खान, निजामुद्दीन, मोहम्मद वकास ,शहजाद ,अहमद रजा, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# घर में सो रही बालिका को भेड़िया ने बनाया निवाला

▸ घर से एक किलोमीटर की दूरी पर शव बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िया ने एक बालिका पर हमला कर निवाला बना लिया। जबकि एक अन्य बालिका घायल हुई। उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

मृतक बालिका के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे बस्ती गडरिया के मजरा भटौली निवासी खुशबू (8) पुत्री राजेश कुमार बुधवार रात को परिवार के लोगों के साथ सो रही थी। देर रात को घर में भेड़िया घुस गया। भेड़िया ने बालिका को जबड़े में दबोच लिया। इसके बाद उसे एक किलोमीटर दूर ले



जाकर निवाला बना लिया। गुरुवार सुबह परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की तो क्षत विक्षत शव बरामद हुआ। इस पर भीड़ लग गई। वन विभाग और पुलिस के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। सीओ रूपेंद्र गौड़ और वन क्षेत्राधिकारी मोहम्मद साकिब टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।उधर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरदी गौरा निवासी क्लाची (6) पुत्री फूलचंद्र रक्षाबंधन के लिए टेपरा कोटिया गांव निवासी मामा चेतराम कश्यप के यहां आई थी। उस पर भी भेड़िया ने हमला कर घायल कर दिया। उसका इलाज सीएचसी में चल रहा है।

# 23 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

▸ नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी ने की बड़ी कार्यवाही

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस टीम ने एक तस्कर को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 23 लाख रूपये बताई जा रही है। जिले में नेपाल सीमा से सटे रूपईडीहा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस की संयुक्त टीम सीमा पर संयुक्त पेट्रोलिंग कर रही थी।



एसएसबी की 42वीं वाहिनी के उप सेनानायक दिलीप कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सशस्त्र सीमा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार रात रुपईडीहा थाना क्षेत्र में रूपईडीहा-बाबागंज मार्ग के पास गंगापुर गांव में एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर रोका। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से पॉलीथीन में लिपटी 34 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 23 लाख रुपये बतायी जाती है। कुमार ने बताया कि तस्कर की पहचान बहराइच जिले के आलोक सिंह के रूप में की गयी है। उसके खिलाफ औषधि एवं मनप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। कुमार के मुताबिक, पूछताछ के दौरान अभियुक्त आलोक ने बताया कि उसे यह प्रतिबंधित सामग्री एक भारतीय व्यक्ति से मिली थी और उसे इसे एक नेपाली व्यक्ति को देना था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# प्राचार्य ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया में बृहस्पतिवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुकेश चन्द्र श्रीवास्तव के संयोजक में महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को निशुल्क फाइलेरिया रोधी एवं आंत के कीटाणु रोधी दावों का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसिया से आए स्वास्थ्य कर्मी पंकज त्रिपाठी एवं उमेश यादव ने महाविद्यालय तथा गायत्री विद्यापीठ इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को दवा वितरण कर अपना मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने फाइलेरिया से बचाव के लिए समस्त छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए स्वास्थ्य संबंधित जानकारी उपलब्ध कराया। इस अवसर पर समस्त शिक्षा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने निशुल्क दवा का सेवन किया। इस अवसर पर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रीति मुरारी श्रीवास्तव, डॉ सुभाष चंद्र, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, डेविड पांडे, अमित मौर्य, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, नंदन श्रीवास्तव, रिकेश्वर प्रसाद, रविंद्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

▸ परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जायेगी बदार्शत : वृंदा शुक्ला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने 23, 24, 25 व 30 एवं 31 अगस्त को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं




नकलविहीन, निष्पक्ष कराने को लेकर परीक्षा केन्द्र महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय का भ्रमण कर अभ्यर्थियों के परीक्षा स्थल पर प्रवेश के समय किए जाने वाले चेकिंग स्थल व परीक्षा कक्ष, स्ट्रांग रूम व कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उपरोक्त तिथियों में होने वाली परीक्षाओं की तैयारी पूरी कर ली गयी है, परीक्षा में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बदार्शत नहीं की जायेगी, सभी लोग अपने डयूटी प्वांइट पर समय से पहुंच कर, सतर्क दृष्टि रखते हुए अपने अपने उत्तरदायित्वों का तत्परता से निर्वहन करेगें। परीक्षा अभ्यर्थी प्रतिबन्धित वस्तु डिजिटल घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रानिक गैजेट आदि किसी भी प्रकार का परीक्षा रूम में न ले जा पाये। साल्वर गैंग व परीक्षा नकल माफिया के विरूद्ध पुलिस बल को सक्रिय कर पैनी नजर रखने की हिदायत दी गयी। ऐसा कोई संज्ञान में आये तो सख्त से सख्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

जनपद में आज से ही रोडवेज, बस स्टाफ, रेलवे स्टेशन व अन्य आने जाने साधन की जगह पर पुलिस हेल्प डेस्क सक्रिय कर दिया गया है ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर जाने में असुविधा न हो तथा रात्रि में परीक्षा अभ्यर्थी जिन स्थानों पर रोकेंगे ,सुरक्षा के दृष्टिकोण से वहाँ पर पुलिस बल तैनात रहेंगे, पीआरवी-112 लगातार परीक्षा केन्द्रो के आस पास भ्रमणशील रहेगी।

# अपग्रेडेशन कार्य की धीमी प्रगति पर डीएम नाराज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

आयुष विभाग की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मतरेपुर, विश्वनाथ गांव व धर्मापुर में होम्योपैथ चिकित्सालय के उच्चीकरण कार्य की धीमी प्रगति तथा कार्यदायी संस्था यू.पी.पी.सी.एल. के किसी प्रतिनिधि के बैठक में उपस्थित न होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए यथास्थिति से प्रबन्ध निदेशक को पत्र भिजवाये जाने का निर्देश दिया। जिले के आयुर्वेद चिकित्सालयों में चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ की तैनाती व उपस्थिति, औधधि की उपलब्धता, हर्बल गार्डेन की स्थापना इत्यादि की समीक्षा करते हुए निर्देश



▸ बैठक मे नही पहुंचे यूपीपीसीएल के प्रतिनिधि, प्रबंध निदेशक को पत्र भेजने के निर्देश

दिया गया कि सभी चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ समय से चिकित्सालय में उपस्थित रहकर आने वाले मरीज़ों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं। डीएम द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया गया कि खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से आयुष चिकित्सालयों का आकस्मिक निरीक्षण कराया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, जिला आर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजन वर्मा, जिला होम्योपैथ अधिकारी डॉ. यूसुफ अली अंसारी सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने घोटाले का आरोप लगाकर किया प्रदर्शन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के ग्राम पंचायत पिपरिया के ग्रामीण बृहस्पतिवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। सभी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर गांव में हुए भ्रष्टाचार की जांच करवा कर दूसरे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। शिवपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में विकास कार्यों के नाम पर 13 दिन में ही 36 लाख रुपये का वारा न्यारा किया गया है। इसको लेकर 3 दिन पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित किया जा चुका है। अब ग्राम प्रधान और अन्य पर कार्रवाई की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को गांव निवासी शिवांगी स्वास्थ्य की अगुवाई में दर्जनों लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। सभी ने डीएम को ज्ञापन देकर कहा कि ग्राम पंचायत में ऐसे विकास कार्यों को दिखाया गया है जो धरातल पर हुआ ही नहीं है। इतना ही नहीं एक साथ काफी संख्या में हैंडपंप को रिबोर दिखा दिया गया है। सभी का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिव का एक दिन पहले ट्रांसफर लेटर जारी होने के बाद भी भुगतान होना कई सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मौजूदा ग्राम प्रधान आगरा जिले के निवासी हैं लेकिन फर्जी कागजात बनवाकर यहां के प्रधानी का चुनाव लड़ गए और जीत गए।

# वृद्ध पर लाठी-डंडे से हमला कर किया घायल

▸ पीड़ित ने तीन लोगों के विरुद्ध दी तहरीर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कैसरगंज थाना अंतर्गत ग्राम कोनारी बंगला में बुधवार शाम को बच्चों के बीच हुए विवाद की शिकायत लेकर पहुंचे बुजुर्ग को दूसरे पक्ष ने लाठी डंडों से पीट दिया जिससे बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गया और बेहोश होकर गिर गया।

घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के भाई वसीहुद्दीन ने मजिद सहित तीन लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम कमरुद्दीन के परिवार व असगर अली के



परिवार के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। जिसकी शिकायत लेकर कमरुद्दीन गुरुवार की सुबह असगर अली के घर पहुंचे तो वह लोग नाराज हो गए तथा उन्होंने कमरुद्दीन के साथ गाली गलौज शुरू कर दिया।

इसका विरोध करने पर असगर अली अपने बेटे मजिद व दिल बहार के साथ मिलकर बुजुर्ग कमरुद्दीन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल होकर बेहोश हो गए। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो वहां पहुंचकर उन्होंने कमरुद्दीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है।कमरुद्दीन के भाई वसीहुद्दीन ने माजिद सहित तीन लोगो के विरूद्ध नामजद के तहरीर देते हुए दोषियो के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल राजनाथ सिंह का कहना है कि जांच के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

# माताओं को बच्चियों का टीकाकरण कराने के लिए किया जागरूक



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में डीएम पवन अग्रवाल , विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला , जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी द्वारा बेटियों की माताओ को उपहार एवं बधाई पत्र देकर बेटियों के जन्म की खुशियां बनाई गई। बेटियों की माताओं को उपहार स्वरूप बेबी किट, बेटियों के लिए कपड़ा एवं स्थान वितरित किया गया। इस अवसर पर विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम ने कहा कि बेटियों का जन्म घर में होना सौभाग्य की बात है। बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे हैं तथा देश, प्रदेश एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बेटियां आगे बढ़े इसके लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है एवं बेटियों की पढ़ाई से लेकर विवाह तक का जिम्मा सरकार द्वारा उठाए जा रहा है।

इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल द्वारा माताओं को नवजात बेटियों का नियमित टीकाकरण कराए जाने को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि सभी समय से बेटियों का टीकाकरण कराए एवं आसपास जरूर स्वच्छता रखें। इस अवसर पर सीएमएस संयुक्त चिकित्सालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी , लीसीपीओ प्रदीप द्विवेदी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## महिला चिकित्सालय में बढ़ेगी लेबर रूम एवं एसएनसीयू में बेड की संख्या, दिए निर्देश



**बलरामपुर।** जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो इस हेतु डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने महिला चिकित्सालय परिसर में ही बने असंचालित न्यू बिल्डिंग ब्लॉक का जायजा लिया। न्यू बिल्डिंग ब्लॉक में उन्होंने नए लेबर रूम को संचालित करते हुए बेड की संख्या बढ़ाए जाने का निर्देश दिया , जिससे की महिला चिकित्सालय में लेबर रूम में बेड की संख्या 25 से बढ़कर 55 बेड की हो जाएगी। इसके अलावा इस बिल्डिंग में ही नया एसएनसीयू भी संचालित किए जाने का निर्देश दिया, जिससे एसएनसीयू की क्षमता 12 बेड से बढ़कर 18 बेड की हो जाएगी तथा नए ऑपरेशन थियेटर की भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने सीएमएस महिला चिकित्सालय को अति शीघ्र सभी कार्य पूर्ण कराते हुए नए ब्लॉक का संचालन कराए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष, लेबर रूम , एसएनसीयू का निरीक्षण किया गया एवं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया।

# सादुल्लाह नगर से गैंडास बुजुर्ग जाने वाली सड़क जर्जर

▸ बड़े-बड़े गडढों में जलभराव के चलते राहगीरों को परेशानी

**उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



सादुल्लाह नगर कस्बे में गैंडास बुजुर्ग मार्ग पर बड़े बड़े गडढों में जलभराव के चलते राहगीरों को अनेक समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। सादुल्लाह नगर से गैंडास बुजुर्ग जाने वाली लगभग एक किलोमीटर सड़क जर्जर होने से कस्बा वासियों व राहगीरों को अनेक समस्याओ का सामना करना पड़ता है।दददन मिश्रा, सिराजुद्दीन, टिप्पू, फूल चंद, अब्दुल माजिद, सर्वेश तिवारी, विकास,कलीमुल्लाह आदि लोगों ने बताया कि कई वर्ष से सादुल्लाहनगर-गैंडास बुजुर्ग मार्ग का सादुल्लाह नगर कस्बे में मरम्मत न होने से समस्या निरंतर बनी हुई है उक्त मार्ग पर ही सादुल्लाह नगर डाकघर व बालिका इंटर कॉलेज स्थित है हजारो की संख्या में यात्री उतरौला सहित अन्य स्थानों के लिए आते जाते हैं सड़क पर असंख्य गड्ढे हैं वर्षा होने पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। बीते वर्ष सड़क निर्माण के लिए कुछ बोल्डर गिराए गये थे लेकिन काम आगे नहीं बढ सका वर्षा के मौसम में उक्त समस्या और विकराल रूप धारण कर गई है समस्या के निस्तारण के लिए लोक निर्माण विभाग ने गडढो में ईंट भरवाए हैं जिससे समस्या और भयावह हो गई हैं ईंट में फंसकर अक्सर राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो रहे हैं कस्बा वासियों ने सादुल्लाह नगर-गैंडास बुजुर्ग मार्ग को सादुल्लाह नगर कस्बे में दो किलोमीटर तक आर सी सी रोड निर्माण कराने की मांग की है।

# जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण सड़क पर चलना दुश्वार

**उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ नगर पालिका नहीं उठा रही ठोस कदम

अतिक्रमण विरोधी अभियान क्षेत्र में हवा हवाई साबित हो रहा है। जबकि इसके चलते हर दिन राहगीरों और अतिक्रमणकारियों के बीच मारपीट व गाली गलौज की स्थितियां उत्पन्न होती रहती हैं। नगर पालिका वोट बैंक के चलते ठोस कदम उठाने से पीछे हट रहा है वहीं प्रशासन हर घटना के बाद शांति भंग की कार्रवाई करके चिंता मुक्त हो जाता है।

संपूर्ण समाधान दिवस में वकीलों ने डीएम को ज्ञापन देकर पटरियों से अवैध कब्जा खाली करने की मांग की थी। दस दिन बीत जाने के बाद भी किसी तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं स्कूल की बसें व साइकिल बाइक से स्कूल जा रहे बच्चे जाम अश्लील जुमलेबाजी का शिकार होते रहते हैं।

अधिवक्ता संदीप कुमार अमित कुमार पवन सिंह का कहना है कि पुलिस विभाग की गाड़ियां एंबुलेंस भी सब्जी मंडी व फल मंडी में फंस कर हूटर बजाती रह जाती हैं लेकिन अतिक्रमणकारी अंजान बने रहते हैं। सांप्रदायिक दृष्टि से अतिसंवेदनशील नगर क्षेत्र में अतिक्रमण की यह समस्या कभी भी विकराल रूप ले सकती है। प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की नोटिस दूकानदारों को दी जा चुकी है।

# डीएम ने तीन दिवसीय प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज, ऑडिटोरियम के परिसर में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित राणा बेनी माधव बक्श सिंह के जीवन एवं जनपद के महत्वपूर्ण स्थलों व प्रदेश सरकार के विकास कार्यों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि राणा बेनी माधव बक्श सिंह के जीवन व जनपद के महत्वपूर्ण स्थलों एवं प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा 22 से 24 अगस्त तक फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के परिसर में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी सुबह 09 बजे से सायं 06 बजे तक आमजन मानस के लिए खुली रहेगी। जिसमें आम जनमानस आकर जानकारी प्राप्त कर सकते है। डीएम ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार होता है और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं संबंधित जानकारी लोगों को मिलती है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, राणा बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति के संरक्षक इंद्रेश विक्रम सिंह, महेंद्र अग्रवाल, गजानन सिंह, रविंद्र सिंह, राकेश सिंह भदौरिया, शिवप्रसाद सिंह, व्यापार मंडल की तरफ से व्यापार मंडल से जीसी चौहान सहित सूचना विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# न्यायालय के आदेश पर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ सब इंस्पेक्टर को सौंपी गई मामले की जांच

न्यायालय के आदेश से उतरौला पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध लड़की को छेड़ने व घर में घुसकर तोड़फोड़ कर मारने पीटने व गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर स्वतंत्र कुमार को सौंपी गई है। गोण्डा के थाना कटरा बाजार के ग्राम बैरमपुर निवासी सलीम की पुत्री ने मुंसिफ मजिस्ट्रेट उतरौला न्यायालय पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह असहाय होने से मोहर्रम अली व उसकी पत्नी सलीमनिन्नशा निवासी ग्राम दौलतपुर ग्रिन्ट थाना खोड़ारे बाजार नौकरी लगवाने का झांसा देकर उतरौला ले आए और उसे मनकापुर रोड उतरौला बाजार के एक कमरे में किराए पर दिला दिया। उसके साथ अकरम खान पुत्र कल्लन खा निवासी ग्राम गजपुर ग्रिन्ट थाना रेहरा बाजार के साथ अफजल राजा पुत्र वसी अहमद निवासी उतरौला बाजार आने लगे। इस पर अकरम खान उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ छेड़खानी कर शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। पीड़िता के मना करने पर तीनों लोगों ने पीड़िता को गाली देते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मोहर्रम अली, सलीमुन्निशा, अकरम खान व अफजल राजा के खिलाफ धारा 354/452/323/506/ 427 भादसं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व तरुण सक्सेना, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में 14 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समस्त तहसीलदार के न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। उक्त बैठक की अध्यक्षता अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अनुपम शौर्य के द्वारा की गयी। बैठक में अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।



## पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत डीएम ने किया निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ कल से शुरू होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी परीक्षा 2023 के शांतिपूर्ण सम्पादन के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कक्षाओं, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों, फर्नीचर, विद्युत,पेयजल,शौचालय आदि की व्यवस्थाओ को देखा। उन्होंने निर्देश दिया की परीक्षा के दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर लिया जाए। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए जरूरी दिशा निर्देशों का कठोरता से पालन कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ केंद्र के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सब्जी उत्पादन में जैविक खेती अत्यंत लाभप्रदः विश्वनाथ

▸ संस्थान ने सभी किसानों को निःशुल्क रेडीमेड बर्मी बेड किया वितरित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




बिरला कॉरपोरेशन के सहयोग से एवं विश्वास संस्थान द्वारा संचालित समग्र ग्राम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड अमावा के सभागार में किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मंचित पुर बूढनपुर व मैनूपुर के किसानों ने प्रतिभाग किया प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन मौके पर बीडीओ अमावा संदीप सिंह बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड रायबरेली से साहब यादव शिव गोविंद सिंह विश्वास संस्थान से विकास बाजपेई दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया विश्वास संस्थान द्वारा चयनित किसानों को वर्मी कंपोस्ट बनाने एवं उपयोग करके ऑर्गेनिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर से डॉक्टर आर के कनौजिया कृषि विभाग से बीटीएम विश्वनाथ ने उपस्थित किसानों को वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि का प्रशिक्षण दिया साथ ही बताया कि जैविक खेती से हम अपने खेतों की मिट्टी के जैविक गुणों को बचाए रख सकते हैं तथा रासायनिक खादों के दुष्प्रभाव से स्वास्थ्य रक्षण कर सकते हैं सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में जैविक खेती अत्यंत लाभप्रद है। सब्जी खेती वर्मी कंपोस्ट के माध्यम से एवं जैविक विधि से तैयार कीटनाशक दवाएं फसलों को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक रखने में सहायक होते हैं संस्थान द्वारा सभी किसानों को निःशुल्क रेडीमेड बर्मी बेड वितरण किया गया।

# बारिश के बाद शहर से लेकर गांव तक मंडराया मलेरिया का खतरा

**उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

बारिश के बाद शहर से लेकर गांव तक मलेरिया का खतरा मंडराने लगा है। उतरौला नगर व उसके आस पास बुखार कहर बरपा रहा है। यहां लगभग हर घर में मरीज हैं मच्छर का प्रकोप बढ़ गया है। हालत यह है कि कुछ लोग मरीजों को सरकारी तो कुछ निजी अस्पतालों में उपचार करवा रहे हैं।दर असल जलभराव वाले स्थानों पर मच्छरों का लावा पनप रहा है।

शहर से लेकर देहात तक घर घर बुखार के मरीज हैं नगर वासियों की माने तो कई बार शिकायत करने के बाद भी दवा का छिड़काव नही हुआ है।नगरीय स्वास्थ केंद्र पर मरीजों का ताता लगा हुआ है भारी भीड़ के चलते कुछ लोग निजी अस्पतालों मे भर्ती हो रहे हैं।

**नालियों में पसर रही गंदगी**

शहर के नालियों में गंदगी पसरी हुई है तो वही गांव की बजबजाती नालियों कूड़े के ढेर लगे हुए हैं जिससे मच्छरों का बसेरा बना हुआ है। सरकारी अस्पतालों में डाक्टर की कमी और समय से उपचार न मिलने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डाक्टरों का धंधा खूब फल फूल रहा है। जिम्मेदार अधिकारी के बोल स्वास्थ अधीक्षक डॉ. सी .पी .सिंह का कहना है कि बारिश के दौरान जलभराव होने से मच्छर पनपने लगते हैं जिस पर अंकुश लगाने के लिए एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## ट्रेन चपेट में आने से महिला की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** बुधवार रात लगभग आठ बजे पद्मावत ट्रेन बछरावां रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी। इसी दौरान क्षेत्र के सुदौली गांव की रहने वाली दुर्गेश कुमारी उम्र लगभग 40 वर्ष पत्नी घसीटे रेलवे ट्रैक पारकर प्लेटफार्म नंबर दो की तरफ जा रही थी। तभी वह दूसरे ट्रैक से गुजर रही राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। आरपीएफ की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है घटना की तफ्तीश की जा रही है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# चौकी प्रभारी ने आयोजित की पीस कमेटी की मीटिंग



**बछरावां,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आने वाले त्योहार कृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम के मद्देनजर एसपी अभिषेक अग्रवाल के निर्देशन में कोतवाली अंतरगत थुलेंडी चौकी पर चौकी प्रभारी वागीश मिश्र ने सभी समुदायों के लोगों के साथ पीस कमेटी का आयोजन किया , आयोजन का मकसद सभी धर्मों के त्योहारों को शान्ति ढंग ने मनाने वा कही किसी प्रकार की अराजकता ना हो सके इसलिये था , साथ ही सभी लोगों से यह अपील भी की गयीं की कृपया कोई किसी के बहकावे में आकर कोई अराजकता ना फैलाए वा ऐसे लोगो की पहचान कर पुलिस को इनके संबंध में सूचित करें , इस मौके पर थुलेंडी ग्राम सभा के सभी सम्मानित व्यक्ति वा जनप्रतिनिधिगढ़ मौजूद रहे।

## गैस भट्टी से पाइप निकलने से दो लोग झुलस कर हुए घायल

**बछरावां,रायबरेली।** सरबजीत खेड़ा थाना शिवगढ़ अंतर्गत सोनू पुत्र राजेंद्र के घर में मकान में स्लेप डाली जा रही थी। घर में ही कुछ महिलाएं गैस सिलेंडर वाली भट्टी में खाना बना रही थी। खाना बनाते समय अचानक भट्टी से सिलेंडर से लगी हुई पाइप निकल गई। पाइप निकलते ही आग लग गई। जिसमें महिलाओं तथा अन्य घर वालों में भगदड़ मच गई। आग लगने से घर गृहस्ती का काफी सामान जलने लगा। इसी बीच सोनू के द्वारा किसी तरह सिलेंडर को कर घर के बाहर फेंका गया। और कड़ी में मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से सोनू एवं एक महिला श्री कांती पत्नी चंद्रनाथ निवासिनी गुलाब खेड़ा मजरे मलपुर झूलस कर घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेंस से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया।

# रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य ने किया फोर्ज्ड व्हील प्लांट का दौरा

▸ आने वाले समय में फोर्ज्ड व्हीलों की मांग बढेगी इसलिए उत्पादन बढाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने का दिया सुझाव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का बृहस्पतिवार को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) संजय कुमार पंकज ने दौरा किया।

अपर सदस्य पंकज ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान दीन दयालु कोचों के उत्पादन को गति देने के लिए आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया क्योंकि रेलवे का ध्येय सामान्य कोचों में यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने का है। अपर सदस्य ने फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को 35 हजार से बढाकर 50 हजार एवं आगे 70 हजार फोर्ज्ड व्हील वार्षिक करने हेतु प्लाण्ट की अवसंरचना का विकास के संबंध में उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श किया एवं बताया कि आने वाले समय में फोर्ज्ड व्हीलों की मांग बढेगी इसलिए उत्पादन बढाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने का सुझाव दिया। रेलवे बोर्ड का सहयोग आप लोगों को हमेशा मिलता रहेगा। आरेडिका के व्हील निर्माण से फोर्ज्ड व्हीलों के विदेशी आयात से भी राहत मिल रही है। अपर सदस्य ने कारखाना परिसर का दौरा किया एवं आरेडिका में प्रथम निर्माणाधीन टीआरएस एवं टीआरएससी कोचों का निरीक्षण किया। सभी विभागों के कार्य की समीक्षा की एवं कार्य प्रगति से प्रसन्न हो कर रु0 50 हजार के समूह पुरस्कार की घोषणा की। इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई, विवेक खरे, पीसीईई हरीश चंद्र, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव एवं व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सघन मत्स्य पालक के लिए एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना शुरू

▸ तीन सितम्बर तक किए जा सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण रायबरेली इरफानुल्लाह खान ने बताया है कि शासन के शासनादेश अनुसार एक नवीन योजना सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना प्रारम्भ की गई है। उन्होंने उक्त योजनान्तर्गत लाभ पाने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अन्तर्गत मत्स्य बीज हैचरी संचालित करने वाले हैचरी स्वामी, निजी क्षेत्र एवं पट्टे पर आवंटित तालाब की महिला मत्स्य पालक जिनके तालाब की पट्टा अवधि कम से कम 5 वर्ष अवशेष हो एवं विद्युत कनेक्शन/जनरेटर की उपलब्धता हो, पात्र होंगे। परियोजनान्तर्गत 0.50 हे0 के तालाब में 2 हार्सपावर के एक काड पैडिल व्हील एरियेटर एवं 1.00 हे0 या उससे बड़े तालाब हेतु अधिकतम दो एरियेटर प्रति महिला मत्स्य पालक जिनके तालाब की वर्तमान मत्स्य उत्पादकता कम से कम 4-5 टन प्रति हे0 हो, की उत्पादकता में वृद्धि हेतु अनुदान दिया जायेगा। योजना पूर्णतः महिला मत्स्य पालकों के लिए संचालित की गई है। उक्त योजना में विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना होगा। ऑनलाइन आवेदन 20 अगस्त से 03 सितम्बर 2024 तक किए जा सकेंगे। योजना में तालाबों के ऐसे सभी पट्टा धारक आवेदन कर सकते हैं जिनके पट्टे की अवधि में न्यूनतम 5 वर्ष अवशेष हों। योजना हेतु आवेदक को इकाई लागत रुपए 0.75 लाख प्रति यूनिट पर सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं हेतु 50 प्रतिशत अनुदान तथा अनुसूचित जाति की महिलाओं हेतु 60 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। योजनान्तर्गत अन्य विवरण, इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण उक्त विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। योजना के सम्बन्ध में मत्स्यभाग के जनपदीय, मण्डलीय व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण रायबरेली के कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# राणा बेनी माधव की जन्म जयंती पर संगोष्ठी आयोजित



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राणा बेनी माधव बक्श सिंह की जन्म जयंती भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य एवं पूर्व प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी बछरावां विधानसभा डॉ मातादीन पासी द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें स्वदेश सरस्वती शिशु मंदिर एवं कविराज शिवकुमार सिंह तथा वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिका सिंह द्वारा राणा बेनी माधव बक्श सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

चर्चा करते हुए डॉक्टर मातादीन पासी ने बताया कि 1857 की क्रांति में रायबरेली जिले में अगर कोई अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए आगे बढ़ा तो उसमें राणा बेनी माधव बक्श सिंह का स्थान सदैव सर्वोपरि रहेगा इस संबंध में चर्चा करते हुए माता दीन पासी ने बताया कि जब अंग्रेजों के द्वारा राजा राव राम बक्स सिंह को फांसी दी गई ।

# अर्जुन पासी हत्याकांड बना चर्चा का विषय

▸ जनता की नहीं सुनते आवाज लेकिन नेतागिरी के चक्कर में बांट रहे समाज

**महराजगंज,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिले में इस समय चर्चित हत्याकांड अर्जुन पासी का चर्चा का विषय बना हुआ है जहां पुलिस ने 6 लोगों को जेल भेज दिया उसके बावजूद भी लगातार संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहे हैं लेकिन इन धरना प्रदर्शनों की जरूरत क्यों पड़ी इस विषय में समाज को सोचना चाहिए जो समाज आपस में इस तरह जुड़ा रहता है और एक दूसरे के साथ कदमताल मिलाकर अपना-अपना विकास करते हैं। लेकिन कुछ नेताओं की महत्वाकांक्षा समाज में समरसता को खत्म करने पर तुली हुई है रायबरेली जिले में वैसे तो कई विधानसभा क्षेत्र पडते हैं लेकिन हम आपको बछरावां विधानसभा क्षेत्र की ओर लेकर चलते हैं पूर्व में एक सपा विधायक हुआ करते थे बछरावां विधानसभा के जो वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी में मलाई खा रहे हैं। उनका कार्य होता था जब भी किसी की मौत होती थी तो उसकी लाश को सड़क पर रखकर या फिर प्रशासन को किसी तरह दबाव में लाकर अपनी बात मनवाना उसके बाद पीड़ित परिवार के साथ क्या हुआ बाद में पीड़ित परिवार को क्या जरूरते हैं।

इन सब चीजों से नेता जी को कोई जरूरत नहीं रहती थी उनको तो केवल अपनी नेतागिरी ही चमकानी है। वर्तमान में एक नेता है जो कि केवल अपनी बिरादरी के लिए ही नेतागिरी करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं जहां सदर विधायक अखिलेश सिंह ने पांच पांच बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बनाया है तो वही नेता जी ने कई बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड बना रखा है ।और विधायक बनने का सपना सपना ही बनकर रह गया है वर्तमान में अर्जुन पासी की हत्या हुई हत्या के बाद नेताजी अपने लाव लश्कर के साथ पहुंच गए कप्तान ऑफिस और कप्तान ऑफिस में प्रशासन और डीएम ऑफिस के सामने भी धरना प्रदर्शन किया कि किसी तरह प्रशासन उनके पास कोई अधिकारी आए फोटो खींचे उसको सोशल मीडिया पर डालें की हम अपनी बिरादरी के सबसे बड़े नेता हैं।

## दूध की सुध

यह मानवीय मूल्यों के पराभव की पराकाष्ठा है कि दूध की जगह रासायनिक पदार्थों से बना जहरीला पदार्थ धड़ल्ले से बिक रहा है। हकीकत में दूध दुनिया में सबसे ज्यादा मिलावटी खाद्य पदार्थ है, लेकिन भारत में यह संकट बड़ा है। वैसे भारत पिछले दो दशक से दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। लेकिन लगातार पशुधन संख्या में गिरावट के बावजूद दूध से जुड़े आंकड़े संदेह भी पैदा करते हैं। दूध में पानी मिलाने की कथाएं तो सदियों पुरानी हैं। लेकिन हाल के दशकों में उन खबरों ने डराया है, जिनमें कहा गया कि आपराधिक मानसिकता के मुनाफाखोर दूध में डिटर्जेंट, यूरिया, ग्लुकोज और फॉर्मेलिन आदि मिला रहे हैं। विडंबना देखिये कि सदियों से कहा जाता रहा है कि दूध बलवर्धक व स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ है। आज के दौर में खाने-पीने की चीजों में तमाम रासायनिक पदार्थों की मिलावट के बाद एक दूध से उम्मीद होती है कि बच्चे दूध पीकर तंदुरुस्त बनें। लेकिन जब वे रासायनिक पदार्थों से बना दूध पीएंगे तो उनका क्या स्वास्थ्य सुधरेगा? कल्पना कीजिए कि किसी मरीज को डॉक्टर स्वस्थ होने के लिये दूध पीने को कहे और वह नकली दूध पीने से और बीमार पड़ जाए। वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंडों पर भी लगातार नकली दूध की चाय बिकने की शिकायतें आती रही हैं। कुछ वर्ष पहले उ.प्र. के एक रेलवे स्टेशन में सफेद रंग से बने दूध की चाय बिकने की शिकायत सामने आई थी। लेकिन इसके बावजूद इस मिलावट पर अंकुश लगाने के लिये हितधारकों की तरफ से कोई गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आते। यह दुखद ही है कि हर घर में प्रयुक्त होने वाले दूध की गुणवत्ता में भारी गिरावट के बाद भी शासन-प्रशासन की दृष्टि में यह गंभीर मुद्दा नहीं है। न ही राजनीतिक दल ही इस गंभीर मुद्दे को संबोधित करते हैं। जिसकी वजह से मिलावट करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

बहरहाल, आज यदि समाज में सेहत के लिये घातक रासायनिक पदार्थों से बना नकली दूध धड़ल्ले से बिक रहा है तो स्वाभाविक प्रश्न है कि जिन खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के पास खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने का जिम्मा है, क्या वे ईमानदारी से अपने दायित्वों को निभा रहे हैं? दरअसल, इन मलाईदार पदों पर नियुक्ति में जिस तरह धनबल व राजनीतिक बल चलता है, वह पद कालांतर सोने का अंडा देने वाली मुर्गी में बदल जाता है। तभी दिवाली आदि त्योहारों में मिठाई के लिये बाजार में दूध, मावे और पनीर की बाढ़ आ जाती है, लेकिन ऐसी स्थिति वर्ष के शेष महीनों में नहीं होती। सवाल स्वाभाविक है कि दिवाली व अन्य त्योहारों के समय दूध व उसके उत्पादों से जो बाजार भर जाता है, साल के शेष महीनों में वह दूध आदि क्यों नजर नहीं आता? इस खेल की तह तक जाने की जरूरत है।

# जनाब! सिर्फ क्रिकेट को खेल मत समझिए

**डॉ सत्यवान सौरभ**



**क्रिकेट कॉरपोरेट और सत्ता का खेल है और इन्हें ही लाभ पहुंचाने के लिए खेला जाता है। इसलिए इस खेल से परहेज किया जाए और इसकी लोकप्रियता को नशा न बनने दिया जाए, अन्यथा कॉरपोरेट और सत्ताधारियों की चांदी कटती रहेगी। क्रिकेट के अलावा ज्यादातर खेल अपर्याप्त वित्तीय सहायता और निम्नस्तरीय बुनियादी ढांचे से जूझ रहे हैं। हॉकी, भारत का राष्ट्रीय खेल होने और एक गौरवशाली इतिहास होने के बावजूद, हॉकी खिलाड़ियों को अकसर पुराने प्रशिक्षण मैदान, अपर्याप्त उपकरण और सीमित वित्तीय सहायता का सामना करना पड़ता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रदर्शन प्रभावित होता है। मीडिया और जनता का ध्यान अन्य खेलों में न के बराबर है। क्रिकेट पर मीडिया का अत्यधिक ध्यान अन्य खेलों को दरकिनार कर देता है, जिससे उनकी दृश्यता और प्रशंसक आधार कम हो जाता है। बैडमिंटन में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बावजूद , इस खेल को शायद ही कभी मीडिया का उतना ध्यान मिलता है।**

समावेशी खेल संस्कृति सभी एथलीटों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करती है, चाहे वे किसी भी खेल में भाग लें। भारत में, क्रिकेट का वर्चस्व अन्य खेलों पर हावी है, जिससे विभिन्न खेलों में सीमित विकास होता है। युवा मामले और खेल मंत्रालय के अनुसार, जहां क्रिकेट के बहुत से प्रशंसक हैं, वहीं एथलेटिक्स, हॉकी और बैडमिंटन जैसे खेल अपर्याप्त बुनियादी ढांचे और धन की कमी से जूझ रहे हैं। क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों के सीमित विकास के पीछे अपर्याप्त धन और बुनियादी ढांचा है। क्रिकेट की लोकप्रियता कॉरपोरेट घरानों की देन है। क्रिकेट कॉरपोरेट और सत्ता का खेल है और इन्हें ही लाभ पहुंचाने के लिए खेला जाता है। इसलिए इस खेल से परहेज किया जाए और इसकी लोकप्रियता को नशा न बनने दिया जाए, अन्यथा कॉरपोरेट और सत्ताधारियों की चांदी कटती रहेगी। क्रिकेट के अलावा ज्यादातर खेल अपर्याप्त वित्तीय सहायता और निम्नस्तरीय बुनियादी ढांचे से जूझ रहे हैं। हॉकी, भारत का राष्ट्रीय खेल होने और एक गौरवशाली इतिहास होने के बावजूद, हॉकी खिलाड़ियों को अकसर पुराने प्रशिक्षण मैदान, अपर्याप्त उपकरण और सीमित वित्तीय सहायता का सामना करना पड़ता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रदर्शन प्रभावित होता है। मीडिया और जनता का ध्यान अन्य खेलों में न के बराबर है। क्रिकेट पर मीडिया का अत्यधिक ध्यान अन्य खेलों को दरकिनार कर देता है, जिससे उनकी दृश्यता और प्रशंसक आधार कम हो जाता है।

बैडमिंटन में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बावजूद , इस खेल को शायद ही कभी मीडिया का उतना ध्यान मिलता है जितना क्रिकेट को मिलता है, जिससे जनता के बीच इसका आकर्षण सीमित हो जाता है। अन्य खेलों के लिए जमीनी स्तर पर विकास कार्यक्रमों का अभाव है। क्रिकेट के विपरीत, जिसमें जमीनी स्तर पर विकास की मजबूत व्यवस्था है, कई अन्य खेलों में युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए संरचित कार्यक्रमों का अभाव है। भारत के एथलेटिक्स परिदृश्य में समर्पित कार्यक्रमों की अनुपस्थिति के कारण कम उम्र में प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें निखारने में संघर्ष करना पड़ता है।

सीमित कॉरपोरेट प्रायोजन मुख्य रूप से क्रिकेट में प्रवाहित होता है, जिससे अन्य खेलों को न्यूनतम वित्तीय सहायता मिलती है । इससे कम टूर्नामेंट, अपर्याप्त प्रशिक्षण सुविधाएं और एथलीटों के लिए कम वेतन मिलता है। उदाहरण के लिए- ग्रामीण क्षेत्रों में खेल की लोकप्रियता के बावजूद, कबड्डी खिलाड़ी कम प्रायोजन सौदों के कारण कम आय से जूझते हैं। सांस्कृतिक और सामाजिक पूर्वाग्रह के चलते क्रिकेट के प्रति एक सांस्कृतिक झुकाव है, जिसे अकसर खेलों में एकमात्र व्यवहार्य करियर माना जाता है।

यह पूर्वाग्रह युवाओं को अन्य खेलों को पेशेवर रूप से अपनाने से हतोत्साहित करता है।

पंजाब जैसे राज्यों में भी, जहां हॉकी का समृद्ध इतिहास रहा है, क्रिकेट ने धीरे-धीरे इसे पीछे छोड़ दिया है, जिससे खेल का विकास प्रभावित हुआ है। अधिक समावेशी खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आज हमको सभी खेलों के लिए वित्तपोषण में वृद्धि की जरूरत है। सरकार और निजी क्षेत्र को सभी खेलों के लिए वित्तपोषण में वृद्धि करनी चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि सुविधाएँ और प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रिकेट के लिए उपलब्ध सुविधाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बराबर हों। एथलेटिक्स और तैराकी के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे में निवेश करने से संभावित ओलंपियनों की पहचान करने और उन्हें विकसित करने में मदद मिल सकती है। मीडिया घरानों को लोगों की रुचि बढ़ाने के लिए खेलों की व्यापक रेंज को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना चाहिए और उन्हें आच्छादित करना चाहिए। उदाहरण के लिए प्राइम-टाइम टेलीविजन पर फुटबॉल और कुश्ती जैसे खेलों की राष्ट्रीय और क्षेत्रीय लीगों का प्रसारण करने जैसी पहल से उनकी लोकप्रियता और दर्शकों की सहभागिता बढ़ सकती है। जमीनी स्तर के कार्यक्रमों को मजबूत करने और अधिक खेलों को कवर करने के लिए खेलो इंडिया जैसे जमीनी स्तर के कार्यक्रमों का विस्तार करने से कम उम्र में प्रतिभा की पहचान करने और उन्हें विकसित करने में मदद मिल सकती है। विभिन्न राज्यों में तीरंदाजी और जिमनास्टिक जैसे खेलों के लिए समर्पित अकादमियां स्थापित करने से प्रशिक्षित एथलीटों की एक स्थिर जुड़ाव सुनिश्चित हो सकती है। कर प्रोत्साहन और सार्वजनिक मान्यता के माध्यम से विभिन्न खेलों के लिए कॉरपोरेट प्रायोजन को प्रोत्साहित करने से कम वित्त पोषित खेलों में निवेश को बढ़ावा मिल सकता है। प्रो कबड्डी लीग जैसे सफल मॉडल, जिन्हें महत्वपूर्ण कॉरपोरेट समर्थन प्राप्त हुआ है, हॉकी और एथलेटिक्स जैसे अन्य खेलों के लिए भी अपनाए जा सकते हैं। सभी खेलों में एथलीटों के लिए समान प्रोत्साहन और समर्थन प्रदान करने वाली नीतियों को लागू करने से अधिक भागीदारी को बढ़ावा मिल सकता है। उदाहरण के लिए गैर क्रिकेट खेलों के एथलीटों के लिए नौकरी आरक्षण और छात्रवृत्ति को बढ़ावा देना युवाओं को विविध खेल विषयों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। भारत की खेल संस्कृति को क्रिकेट से परे कई विषयों को अपनाने और बढ़ावा देने के लिए विकसित किया जाना चाहिए। क्रिकेट में कॉरपोरेट के दखल के चलते क्रिकेट को अछूता बनाने के बजाय जरूरत यह समझने की है कि यह बदलाव क्यों आया। आखिर क्यों कॉरपोरेट घराने खेलों में एंट्री पाने में सफल रहे और खेल उन पर निर्भर हो गए।

ऐसा सिर्फ इसलिए हुआ क्योंकि सरकारें खेलों को प्रोत्साहन देने में नाकामयाब रहीं। रणनीतिक निवेश, मीडिया विविधीकरण और समावेशी नीतियों के साथ, भारत एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर सकता है जो विभिन्न खेलों में प्रतिभाओं का पोषण करता है। यह दृष्टिकोण न केवल भारत की वैश्विक खेल स्थिति को बढ़ाता है बल्कि एक स्वस्थ और अधिक समावेशी खेल वातावरण और समाज को भी बढ़ावा देता है जहाँ हर खेल को उसकी उचित मान्यता और समर्थन मिलता है।

## विचार

# प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या और गर्तगामी समाज

**कुलभूषण उपमन्यु**



**। सवाल यह है कि हत्या के प्रकट मामले को आत्महत्या क्यों दिखाने के प्रयास हुए हैं। इसमें पुलिस प्रशासन की भूमिका क्यों संदिग्ध बनी हुई है। प्रथम दृष्टया हत्या दिखने वाले मामले को पुलिस आत्महत्या दिखाने का प्रयास करे तो यह बहुत गंभीर मामला बनता है। पूरे केस की जांच करके सच्चाई को न्यायालय के सामने अपराधी को दंडित करने के लिए पेश करना, असल जिम्मेदारी पुलिस की ही है। आरंभिक जांच में ऐसी कोताही बरतना अक्षम्य है।**

कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की जघन्य हत्या की गुत्थी उलझती जा रही है। पूरा देश हतप्रभ है कि ये हो क्या रहा है जिस तरह की संभावना सीबीआई जांच में उभर कर आ रही है, वे सोच से परे की गिरावट का परिदृश्य पैदा करने वाली है। एक चिकित्सा संस्थान कैसे यौन अपराध का रैकेट चालक, ड्रग तस्करी में लिप्त और अवैध अंग तस्करी जैसी जघन्य गतिविधियों का ठिकाना हो सकता है। उस अपराध की शिकार महिला से बलात्कार के पीछे के कारणों में यदि अंग तस्करी और ड्रग तस्करी जैसी अपराधिक गतिविधियां भी जुड़ी हों तो यह मामला अति गंभीर श्रेणी का हो जाता है, जिस पर से पर्दा उठना अत्यावश्यक हो जाता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन के ऊपर न्यायिक प्रक्रिया में मददगार होने की प्रशासनिक जिम्मेदारी है, वही प्रशासन अपराधियों का संरक्षण करता दीखता है।

स्वयं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का व्यवहार कितना ओछा और हैरान करने वाला है। जब वे प्रशासनिक कर्तव्यों का निर्वहन करने के बजाये स्वयं यात्रा निकाल कर घटना का विरोध करने निकल पड़ती हैं। यह समझ नहीं आता कि वे किसका विरोध कर रही हैं और किससे सजा दिलाने की मांग कर रही हैं। यह तो राज्य सरकार का ही कार्य है और वही राज्य की मुखिया हैं। शक के दायरे में कॉलेज के प्रिंसिपल का व्यवहार भी है। उसे बचाने के प्रयास क्यों किये जा रहे हैं। जिसे हत्या की सूचना पुलिस को समय पर न देने का जिम्मेदार ठहरा कर निलंबित किया जाना चाहिए था, उसे दूसरे कॉलेज का प्राचार्य बना कर पुरस्कृत करने या संरक्षित करने का कार्य हैरान करने वाला है। सवाल यह है कि हत्या के प्रकट मामले को आत्महत्या क्यों दिखाने के प्रयास हुए हैं। इसमें पुलिस प्रशासन की भूमिका क्यों संदिग्ध बनी हुई है। प्रथम दृष्टया हत्या दिखने वाले मामले को पुलिस आत्महत्या दिखाने का प्रयास करे तो यह बहुत गंभीर मामला बनता है। पूरे केस की जांच करके सच्चाई को न्यायालय के सामने अपराधी को दंडित करने के लिए पेश करना, असल जिम्मेदारी पुलिस की ही है। आरंभिक जांच में ऐसी कोताही बरतना अक्षम्य है जांच के लिए घटनास्थल पर सबूतों को एकत्र करना, सबूतों को संरक्षित करना पुलिस की ही जिम्मेदारी है। इसमें पुलिस सोई हुई क्यों लगती है। क्यों घटनास्थल को खुला छोड़ कर साक्ष्यों को नष्ट करने का मौका अपराधी तत्वों को दिया गया। जांच कार्य के बीच में ही घटनास्थल के साथ तोड़फोड़ करने के पीछे क्या मंशा है। ऐसे कई संदेह पैदा करने वाले तथ्य खबरों से निकल कर आ रहे हैं। वैसे ममता के कार्यकाल में अराजकता के अनेक मामले पहले भी उभरते रहे हैं। संदेशखाली की घटना तो अभी ताजा ही है। चुनाव के बाद की हिंसा में विरोधियों को प्रताड़ित करने की छूट और उस पर राजनेताओं और प्रशासन की चुप्पी, पंचायत चुनावों के बाद हुई खुली हिंसा पश्चिम बंगाल में प्रशासन की निष्पक्षता को संदिग्ध बनाते हैं, जहां विरोधी दलों के समर्थकों के साथ हिंसक प्रतिकार की छूट प्रशासन द्वारा दी जाती है।

यहां तक की गवर्नर और राज्य की उच्च न्यायालय भी इस पर टिप्पणियां करते रहे हैं। कानून व्यवस्था के मामलों में इस तरह का भेदभाव व्यवस्था को कमजोर करता है और आपराधिक भूमिका वाले लोगों के हौसले बढाता है। किसी भी प्रजातांत्रिक व्यवस्था को इससे बचना चाहिए। प्रजातंत्र का मूल तो कानून का शासन है, जिसमें भेदभाव की कोई गुंजाइश नहीं हो सकती। शायद बंगाल, वामपंथी शासन के समय की इलाका दखल संस्कृति से अभी उबर नहीं पाया है, या ममता बनर्जी ने भी उसी कार्यप्रणाली को अपना लिया है ताकि विरोध के स्वरों को उठने ही न दिया जाए। यह एकदलीय शासन की स्थापना की इच्छा का द्योतक है। विरोधी पक्ष भी ऐसी स्थितियों में राजनीतिक लाभ के चक्कर में पड़ने लग जाता है। एक ऐसी अस्वस्थ बहस होने लग जाती है कि आपके शासित राज्य में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। सच में ऐसा हो भी रहा है अभी देहरादून में एक मानसिक रूप से कमजोर लड़की के साथ दुराचार का मामला सामने आया है। अपराधी पकड़े गए हैं किन्तु मेरी गलती और तेरी गलती करके गलती माफ नहीं की जा सकती। असल बात यह है कि जहां भी ऐसी घटना हो वहां अपनी प्रशासनिक और राजनीतिक जिम्मेदारी दलगत ओछी राजनीति से ऊपर उठ कर पूरी की जानी चाहिए। निर्भया मामले के बाद लगा था कि हालात सुधरेंगे किन्तु नहीं। केवल कानून सख्त बना देने से काम होना वाला नहीं, कानून को लागू करने वाली मशीन भी गंभीर होनी चाहिए। और अंत में यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हमारे बच्चों को नैतिक तरबियत जो घर से ही दी जा सकती है। उसका ध्यान रखा जाना चाहिए। कानून तो उल्लंघन करने वालों के लिए ही है। यदि आपराधिक सोच ही कम होती जाए तो ऐसी घटनाएं होना ही कम हो जाएंगी। यह काम तो घरों से ही शुरू होना चाहिए। आशा की जानी चाहिए कि पीड़ित महिला डॉक्टर को न्याय मिलेगा और आगे के लिए भी सुधार का मार्ग सुनिश्चित हो सकेगा तब तक जागते रहें।

# कानून का खौफ होता तो नहीं होता कोलकाताकांड

**प्रियंका सौरभ**

साल 2012 में दिल्ली के निर्भयाकांड के यौन हिंसा पर सख्त कानून बनाए गए और बलात्कार पर मौत की सजा का प्रावधान किया गया। इसके बावजूद यौन अपराध खत्म नहीं हुए । दुष्कर्म की प्रकृति अधिक आक्रामक, अधिक क्रूर हो गई है और एक हद तक सतर्कतावाद और गैंगस्टरवाद का एक रूप बन गई है। भारत में लगभग हर दिन क्रूर बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज होती है।हाल के वर्षों में भयावह यौन हमलों की रिपोर्ट में वृद्धि हुई है। समाजशात्री कहते हैं कि यह नया भारत है जहां कानून का शासन पूरी तरह से टूट गया है, जिसका सीधा असर महिलाओं पर पड़ रहा है, क्योंकि यह पितृसत्ता के बेधड़क अतिक्रमणों का दौर भी है। पीड़ितों के इर्द-गिर्द प्रचलित कलंक और पुलिस जांच में विश्वास की कमी के कारण बड़ी संख्या में बलात्कार की रिपोर्ट नहीं की जाती है। भारत की पंगु पड़ी आपराधिक न्याय प्रणाली में मामले सालों तक अटके रहने के कारण दोष सिद्धि दुर्लभ बनी हुई है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत में औसतन प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार की घटनाएं होती हैं। वर्ष 2022 में पुलिस ने एक युवती के साथ कथित क्रूर सामूहिक बलात्कार और यातना के बाद 11 लोगों को गिरफ्तार किया। इस युवती को दिल्ली की सड़कों पर घुमाया गया था। 2022 में ही भारत में एक पुलिस अधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया था। उन पर एक 13 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार करने का आरोप है, जो अपने साथ हुए सामूहिक बलात्कार की रिपोर्ट करने के लिए उनके पुलिस स्टेशन गई थी। मार्च में, अपने पति के साथ मोटरसाइकिल यात्रा पर गई एक स्पेनिश पर्यटक के सामूहिक बलात्कार के बाद कई भारतीय पुरुषों को गिरफ्तार किया गया था। 2021 में मुंबई में एक 34 वर्षीय महिला की बलात्कार और क्रूरतापूर्वक प्रताड़ित किए जाने के बाद मृत्यु हो गई। निर्भयाकांड के बाद कोलकाता के आरजी कर रेप और हत्याकांड ने एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को सुर्खियों में ला दिया है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा अब तो आम हो गई है। उदाहरण के लिए, सोशल मीडिया पर ट्रोल, जो हर मुखर महिला या उसकी बेटी को चुप कराना, गाली देना या बलात्कार करना चाहते हैं, उन्हें जवाबदेह नहीं बनाया जाता है। उल्लंघनकर्ताओं के पास बढ़ती हुई दंडमुक्ति और न्यायिक साधन भी राजनीतिक आकाओं के सामने आत्मसमर्पण करने के साथ, बलात्कार से लड़ना कठिन हो गया है। देश में महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों में वृद्धि, साथ ही देश की कठोर जाति व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर रहने वालों के साथ व्यवहार, ऊपर से नीचे तक दंडमुक्ति की संस्कृति के परिणामस्वरूप एक उत्साहजनक कारक के रूप में कार्य करता है। यह महिलाओं के अधिक सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने और लगभग सभी क्षेत्रों में पुरुष आधिपत्य को चुनौती देने के खिलाफ एक प्रतिक्रिया है। अधिकांश पुरुष अभिभूत हैं और नहीं जानते कि अपने आहत अहंकार को कैसे संभालें और व्यापक बेरोजगारी ने समग्र रूप से निराशा पैदा की है। भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में मामलों के वर्षों तक अटके रहने के साथ दोषसिद्धि का निम्न स्तर भी ऐसे क्रूर अपराधों का जन्मदाता है। पुरुष अकसर यौन हिंसा का इस्तेमाल दमनकारी लिंग और जाति पदानुक्रम को मजबूत करने के लिए एक हथियार के रूप में करते हैं। बलात्कार की घटनाओं की संख्या में वृद्धि और मुखालफत के लिए अधिक संख्या में महिलाओं के आगे आने के बावजूद देश में सजा की दर कम बनी हुई है। कई मामलों में, सबूतों की कमी को अकसर कम सजा दर या उच्च न्यायालयों द्वारा सजा को पलटने का कारण बताया जाता है। कुछ साल पहले स्पेनिश पर्यटक के साथ जो हुआ वह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और देश में अराजकता के बारे में बहुत कुछ बताता है। हम जानते हैं कि यौन अपराधों की बहुत कम रिपोर्टिंग होती है(



## राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**वृषः-** भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाएं।

**मिथुनः-** महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कायरे की ब्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**कर्कः-** क्रोध व शंका छोड़ संबंधों में प्यार बिखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी। किसी नए कार्य में मन केन्द्रित होगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी बिचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**कन्याः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

**तुलाः-** हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**धनुः-** कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेगे। अच्छे ब्यवहारकुशलता से सामाजिक मान-मर्यादा में वृद्धि होगी।


**मकरः-** कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफ होगी। पूर्वाग्रह वश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**कुंभः-** खाली मन शैतान का घर'' अपने दिनर्चया को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा।

**मीनः-** भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। परिश्रम द्वारा नए अवसरों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं का नरसंहार सुनियोजित

**डॉ. सत्या चौधरी**



**बांग्लादेशी सरकार के तख्तापलट से पहले और बाद में होने वाली घटनाओं का बारीकी से अध्ययन करने पर पता चलता है कि इनका पैटर्न 16 अगस्त 1946 को मुस्लिम लीग और मुहम्मद अली जिन्ना द्वारा कारित डायरेक्ट एक्शन से मिलता जुलता है जिसका एकमात्र उद्देश्य हिंदुओं का नरसंहार, हिंदू महिलाओं का बलात्कार, अपहरण, हिंदुओं की सम्पत्ति का अपहरण, लूटपाट व जाति विशेष का समूल नाश है। इस बीच भारत के बंटवारे से पहले 1941 में मौलाना अबूल आला मौदूदी द्वारा लाहौर में स्थापित जमात-ए-इस्लामिक जो कि एक इस्लामिक राजनीतिक दल है, जिसका मकसद खुदा की सल्तनत स्थापित करना है और जिसकी एक शाखा जमात-ए-इस्लामिक (जेईएल) बांग्लादेश में भी सक्रिय है कि भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। पहले जेईएल बांग्लादेश अथवा जेल बांग्लादेश ने अवामी लीग की सरकार से करीबियों का फायदा उठाकर अपने जेहादी कट्टरपंथियों को ऊंचें पदों पर बैठाकर भविष्य में होने वाली हिंसा की तैयारियों को सुनिश्चित किया जिसमें हिंदू आबादी वाले क्षेत्रों में जेहादियों की भर्ती, हिंदुओं के मंदिरों व प्रतिष्ठानों की मार्किंग की गई।**

लोकतंत्र-जनता की, जनता द्वारा, जनता के लिए सरकार है। किंतु पांच अगस्त 2024 को जिस प्रकार से बांग्लादेश में बांग्लादेशियों द्वारा चुनी हुई शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हुआ वो वैश्विक परिदृश्य में एक निंदनीय कृत्य है। बांग्लादेश के पहले प्रधानमंत्री व राष्ट्रपिता की उपाधि से विभूषित बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा के साथ हुई बदसलूकी इन इस्लामिक जेहादियों की जाहिलियत और कट्टरता को दर्शाती है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा पूरे घटनाक्रम में अमेरिका और पाकिस्तान के षड्यंत्रों की आशंका के बावजूद भारत के तथाकथित स्वघोषित बुद्धिजीवियों अथवा आन्दोलनजीवियों द्वारा इसे राजनीतिक अपरिपक्वता, छात्र आंदोलन, तानाशाही व निरंकुश शासन का परिणाम बताना आम भारतीयों के लिए चौंका देने वाला है।

बांग्लादेशी सरकार के तख्तापलट से पहले और बाद में होने वाली घटनाओं का बारीकी से अध्ययन करने पर पता चलता है कि इनका पैटर्न 16 अगस्त 1946 को मुस्लिम लीग और मुहम्मद अली जिन्ना द्वारा कारित % डायरेक्ट एक्शन % से मिलता जुलता है जिसका एकमात्र उद्देश्य हिंदुओं का नरसंहार, हिंदू महिलाओं का बलात्कार, अपहरण, हिंदुओं की सम्पत्ति का अपहरण, लूटपाट व जाति विशेष का समूल नाश है। इस बीच भारत के बंटवारे से पहले 1941 में मौलाना अबूल आला मौदूदी द्वारा लाहौर में स्थापित जमात-ए-इस्लामिक जो कि एक इस्लामिक राजनीतिक दल है, जिसका मकसद खुदा की सल्तनत स्थापित करना है और जिसकी एक शाखा जमात-ए-इस्लामिक (जेईएल) बांग्लादेश में भी सक्रिय है कि भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। पहले जेईएल बांग्लादेश अथवा जेल बांग्लादेश ने अवामी लीग की सरकार से करीबियों का फायदा उठाकर अपने जेहादी कट्टरपंथियों को ऊंचें पदों पर बैठाकर भविष्य में होने वाली हिंसा की तैयारियों को सुनिश्चित किया जिसमें हिंदू आबादी वाले क्षेत्रों में जेहादियों की भर्ती, हिंदुओं के मंदिरों व प्रतिष्ठानों की मार्किंग की गई जिससे दंगों के दौरान उग्र भीड़ की आड़ में हिन्दू नरसंहार व महिलाओं के बलात्कार को वीभत्स तरीके से अंजाम दिया जा सके। जेल बांग्लादेश ने छात्र आंदोलन को देशव्यापी बनाकर अवसर मिलते ही शेख हसीना को देश से निष्काषित कर अपने मंसूबों को अंजाम दिया और बर्बरतापूर्ण वीभत्स तरीके से खुलेआम नरसंहार और बलात्कर की घटनाओं को अंजाम दिया जिसमें अबतक लगभग दस हजार लोगों के हताहत होने का अनुमान है। ढाका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अब्दुल बरकत की 2016 में प्रकाशित पुस्तक के अनुसार 1964 से 2013 के मध्य बांग्लादेश में लगभग एक करोड़ हिन्दू आबादी हत्या, अपहरण, धर्म परिवर्तन अथवा विस्थापन के कारण विलुप्त हो गई, ध्यान देने योग्य तथ्य है कि 1950 में बांग्लादेश में हिन्दू आबादी 22 प्रतिशत थी जो आज घटकर लगभग आठ प्रतिशत बची हुई है। वर्तमान में बंगलादेश के अन्तरिम सरकार के मुखिया प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस का ढाकेश्वरी मंदिर जाना अथवा हिन्दू अल्पसंख्यकों के संरक्षण व संवर्धन की बातें करना 1950 के नेहरू - लियाकत समझौते की तरह कोरी कल्पना लगती है जिसका पालन भारत ने तो किया किंतु पाकिस्तान में हिन्दू अल्पसंख्यक आज भी अपने अधिकारों व संरक्षण की बाट जोह रहे हैं। आज जरूरत है कि वसुधैव कुटुम्बकं और सर्वे भवन्तु सुखिनः के साथ -साथ भारत की सरकार व हिन्दू समाज वीर भोग्या वसुन्धरा- के मंत्र की अनुपालना में इजराइल की सरकार व यहूदियों से सीख लेते हुए बांग्लादेशी हिंदुओं के सुरक्षा हेतु सभी मोर्चों पर मजबूती से अपनी भावाभिव्यक्ति को रखें, क्योंकि कट्टरपंथी जेहादियों के दमन का मात्र यही एक रास्ता शेष है जिसे धर्मनिरपेक्षता के दृष्टिकोण से देखना असम्भव है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में आगामी 23 से 25 एवं 30, 31 अगस्त को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा 2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए पुलिस अपनी तैयारियों में जुटी है द्य जिसको लेकर गुरुवार को एसपी अपर्णा गुप्ता द्वारा भारी पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत पुलिस भर्ती परीक्षा हेतु निर्धारित सभी 5 परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरों की यथास्थिति, पर्याप्त प्रकाश एवं अन्य व्यवस्थाओ का अवलोकन कर सम्बन्धित से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी से वार्ता कर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी गाइड्लाइन से अवगत कराते हुए परीक्षार्थियों को प्रदान की जाने विभिन्न भौतिक सुविधाओं को समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह गौर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवक को लाठियों से पीट-पीट कर किया घायल

**राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

रुपए के लेनदेन को लेकर पिता पुत्र ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर एक युवक को लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

▸ सिर पर अधिक चोटें होने पर वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा

कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र मैयादीन ने बताया कि बुधवार की रात वह खाना खाकर लेट गया। तभी गांव का पिता पुत्र अपने चार साथियों को लेकर बाइक से आए और दरवाजा खटखटाने लगे। जब उसने दरवाजा खोला तो पिता पुत्र हाथों में लाठियां लिए थे और कहने लगे कि उसके साढ़े चार हजार रुपए दो। बताया कि जब उसने का कि उसने रुपए दे दिए हैं। इतना कहने पर उक्त लोग गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। सिर पर अधिक चोटें होने पर वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। बताया कि आवाज सुनकर जब उसका भाई आया तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही।

# ब्यूटी पार्लर के प्रशिक्षु छात्राओं को बांटे प्रमाण पत्र

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में आज पार्लर में कोर्स पूर्ण होने पर छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण किये गए उल्लेखनीय हो कि महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता निशुल्क सिलाई एवं पार्लर का कोर्स करवाते हैं।

जिससे महिलाएं आत्म निर्भर वन कर अपनी जीविका पार्जन कर सके गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता के मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा स्टूडेंट्स को प्रमाण पत्र वितरण कराए विशिष्ट अतिथि के रूप में मीडिया जिला प्रभारी सत्येंद्र प्रताप एवम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश अनुरागी पनवाड़ी कोतवाल प्रभारी मनीष कुमार पांडेय व भाजपा युवा नेता अमन शर्मा रहे आमंत्रित अतिथि वतौर भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज द्विवेदी, प्रकाश मिश्र आशीष मिश्रा, प्रशांत रहे उक्त उद्बोधन में मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष अवधेशगुप्ता ने कहा कि यह संस्था क्षेत्र के शिक्षा के क्षेत्र में वरदान साबित हो रही यह संस्था समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचती है और उनके सपनों को पंख दे रही है जो कान्वेंट स्कूल की फीस भर पाने में अक्षम है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग धनी होते हैं बाबजूद इसके उनमें समाज सेवा का यह जज्बा नही होता है। उक्त अवसर पर स्कूल स्टाफ क्रांति रश्मि सोनम सीमा स्वाति राम सिंह प्रदीप नितिन खेमचंद्र प्रीति कौशल्या राम प्रकाश आदि सहित समस्त स्टाफ उपस्थित,रहा कार्यक्रम का संचालन स्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी ने किया और सभी प्रमाण पत्र के पात्र जनों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।

## वेतन न मिलने से आहत शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**महोबा।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात लेखा अधिकारी के खिलाफ राजकीय इंटर कॉलेज और जीजीआईसी के अध्यापक अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने समय से नाम वेतन मिलने का आरोप लगाते हुए लेखा अधिकारी पर परेशान करने का आरोप लगाया है । तीन विद्यालयों के सभी शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर जुलाई माह का वेतन निर्गत करने की मांग की है। महोबा राजकीय मुकंदलाल इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात लेखा अधिकारी द्वारा जुलाई में का वेतन नहीं दिया गया है। जिसको लेकर हम सभी अध्यापकों ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसके चलते अधिकारियों द्वारा रक्षाबंधन पर्व के पहले वेतन देने की का आश्वासन दिया गया था।

# अंडरब्रिज में जलभराव, राहगीरों के लिए बना परेशानी का सबब



**कुलपहाड़ महोबा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील अंतर्गत आने वाले जैतपुर नौगांव रोड़ पर बने रेलवे के अंडर ब्रिज में अत्यधिक जलभराव होने के कारण राहगीरों और बाहनो के लिए यह ब्रिज लोगो के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ है जिससे पैदल जा रहे ग्रामीणों को मजबूरन जान खतरे में डालकर रेल पटरी पार करना पढ़ रहा है। हमेशा थोड़ी सी बारिश में रेलवे के अंडर ब्रिज में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे अंडर ब्रिज तालाब का रूप ले लेते है। गुरुवार को हुई थोड़ी सी वारिश से अंडर ब्रिज तालाब में तब्दील हो गया जिससे आवश्यक कार्य हेतु जा रहे राहगीरों सहित वाहनो के बीच समस्या उत्पन्न हो गई और उन्हें घंटो वाहनों की कतार में खड़े होने को मजबूर कर दिया।

विगत कई वर्षों से बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे ग्रामीणों में रेलवे विभाग के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है की संबंधित रेलवे विभाग इस ओर किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दे रहा है न ही समस्या से समाधान दिला पा रहा है। स्थानीय लोगों ने रेलवे के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करा समस्या से निजात दिलाने की बात कही है।

**जलभराव की समस्या को लेकर बोले रेलवे के सहायक मण्डल अभियंता**

वही जब रेलवे के सहायक मण्डल अभियंता ब्रजेंद्र कुमार से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने बताया की मामला अभी संज्ञान में आया है मौके पर रेलवे विभाग के अधिकारियों को पहुंचाया जा रहा है जल्द ही मोटर के द्वारा पानी को बाहर निकाला जाएगा जब हमने उनसे पूछा की आखिर ग्रामीणों को इस समस्या से पूरी तरह निजात कब मिलेगी तो उन्होंने बताया की रेलवे द्वारा अंडरब्रिज के बगल से कॉलम बनाने का कार्य जल्द शुरू कर दिया जायेगा जल्द ही इस समस्या से ग्रामीणों को पूरी तरह छुटकारा मिल जाएगा रेलवे द्वारा समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिन्दू संगठनों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में महोबा सदर क्षेत्र के हिंदू सुरक्षा समिति और बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सदर तहसील में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंप बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की है। प्रदर्शन में हिंदू रक्षा समिति व भाजपा के के पदाधिकारी सहित दोनो संगठनों के दर्जनो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध महोबा में देखने को मिला है। हिन्दू संगठनों और भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियो ने पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च महोबा सदर क्षेत्र के मुख्य बाजार से गुजरते हुए तहसील पहुँचा। तहसील में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर एसडीएम को सौंपा गया प्रदर्शन में बीजेपी जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष जय प्रकाश अनुरागी, बजरंग दल से मयंक तिवारी, विश्व हिंदू परिषद से मनोज शिवहरे, बीजेपी मीडिया प्रभारी सत्येन्द्र गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता के साथ बीजेपी महिला टीम के ज्योति चतुर्वेदी, प्रियांशी आर्या, पूनम द्विवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दोस्तों की मारपीट से आहत युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या, आरोपी फरार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

चरखारी कोतवाली इलाके में दोस्तों की मारपीट से आहत युवक द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। तो वही आरोपी मौके से फरार हो गए है ।

खरेला थाना क्षेत्र के कुड़ार में रहने वाला निवासी 25 वर्षीय मुन्ना पुत्र भगवानदास ने मंगलवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया । मृतक के भाई चरन सिंह ने बताया कि मंगलवार को उसका भाई पवन दोस्त के साथ बाइक में बैठकर कजली मेला देखने महोबा आया था। दूसरी बाइक में दृगपाल, खलक और अनिल आए थे। सभी लोगों ने बजरिया में शराब पी और उनका विवाद हो गया और दृगपाल, खलक, अनिल ने मुन्ना की पिटाई कर दी। जिससे वह क्षुब्ध हो गया और चरखारी आकर उसने जहर खा लिया। झांसी जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम को भेज दिया है। और मामले की जांच शुरू कर दी है।

कुड़ार निवासी 25 वर्षीय मुन्ना पुत्र भगवानदास ने मंगलवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। स्वजन ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसे उसे मेडिकल कालेज झांसी रेफर किया गया था। शुक्रवार को झांसी जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। दिवंगत के चरन सिंह ने बताया कि मंगलवार को उसका भाई पवन को बाइक में बैठाकर कजली मेला देखने महोबा आया था। दूसरी बाइक में दृगपाल, खलक और अनिल आए थे। सभी लोगों ने बजरिया में शराब पी और उनका विवाद हो गया और दृगपाल, खलक, अनिल ने मुन्ना की पिटाई कर दी। जिससे वह क्षुबध हो गया और चरखारी आकर उसने जहर खा लिया। झांसी जाते समय उसकी मौत हो गई। जब पंचनामा भर रहा था तभी मुन्ना के साथ गए पवन को स्वजन ने ताज घूसों से जमकर पीट दिया और पुलिस ने उसे बचाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम को भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्ट्रेट कर्मियों ने धरना देकर पुरानी पेंशन बहाल करने की उठायी मांग

▸ जगदीश निगम की अगुवाई में दिनभर चला धरना प्रदर्शन एडीएम को सौपा ज्ञापन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के बैनर तले एक दिवसीय आज 22 सूत्रीय मांगो को लेकर कलक्ट्रेट कर्मियों ने धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष जगदीश निगम ने की। इस मौके पर श्री निगम ने कहा कि सरकार कर्मियों की पुरानी पेंशन बहाल करे क्योकि कर्मचारियों को बाद में वही एक सहारा होता है। मगर सरकार कर्मियों के इस हक को भी छीन लियाहै। अध्यक्ष ने कहा कि जब तक सरकार कर्मियों की पुरानी पेंशन बहाल नही करती तब तक कर्मचारी संघर्ष करते रहेगे। संगठन के जोनल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि कलक्ट्रेट को जनपद सचिवालय घोषित किया जाये। कलक्ट्रेट संवर्ग को विशेष बेतनमान दिया जाये। कलक्ट्रेट में लेखा का कार्य करने वाले पटल सहायकों को लेखा संवर्ग का बेतनमान दिये जाने संबंधी शासनादेश निर्गत किया जाये। समान कार्य के लिये समान बेतन के सिद्धांत के आधार पर कलक्ट्रेट कर्मियों को भी सचिवालय के बराबर बेतन दिया जाये।

इस मौके पर प्रमोद सोनकर, शफी मोहम्मद,प्रकाश सौरभ,लल्लू कुशवाहा, आशीष कौशल,आनंद कुटार, सुभाष, जितेंद्र अवस्थी, राजकुमार त्रिवेदी,अवधेश अवस्थी, प्रदीप निगम,गोविंद शर्मा,जितेंद्र यादव,शुभम कुटार, राहुल,अजय दिवेदी, शिखा, श्वेता,बीना कुमारी, कामिनी सिंह,रश्मि सचान, प्रिया मेहरोत्रा, पीयूष सक्सेना, शिवम राजपूत, प्रभात तिवारी, सुनील, जंगबहादुर समेत सभी कर्मचारी उपस्थित रहे,बाद में एडीएम वित्त एवं राजस्व विजयशंकर तिवारी को ज्ञापन सौपा।

## झांसी से आई प्रसिद्ध नृत्यांगनी ने अपनी कला से सभी का मन मोहा

**महोबा।** करीब 11 वर्षो से कजली महोत्सव के आल्हा मंच पर अपनी जुम्मेदारी की अहम भूमिका व नवयुवकों का नृत्य कला के माध्यम से सबका मनोरंजन कराती चली आ रही झांसी से आई प्रसिद्ध नृत्यांगनी पातुर की भूमिका निभाने वाली वंदना सिंह ने इस वर्ष भी सभी का मनमोह लिया। उनकी नृत्य कला को देखकर फिल्मी गीत में लोग थिरकते हुए दिखे।

आल्हा मंच के अध्यक्ष दाऊ तिवारी ने बताया कि यह बालिका 11 वर्षो से आल्हा मंच पर निशुल्क प्रस्तुति देती आयी है। जितने दिन तक आल्हा मंच पर कार्यक्रम चलता है अपनी सहभागिता निभाती है। वही कहा कि इस मंच पर ज्यादारतर कलाकार निशुल्क प्रस्तुति देते है द्य ऐतिहासिक कजली मेला में वीरो के सम्मान में निशुल्क प्रस्तुति देते है ।

# वृक्षों को राखी बाँधकर लिया पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

आल्हा चौक स्थित विद्या भारती द्वारा संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। साथ ही विद्यालय के आचार्यों एवं छात्र छात्राओं ने एक बड़ी राखी तैयार कर वृक्षों को बांधकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लेकर समाज को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने मां शारदे की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ किया तदोपरांत भईयाओं एवं विद्यालय परिवार द्वारा एक साथ मां शारदे की वंदना की गयी। कार्यक्रम संचालक राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय के संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी ने रक्षाबंधन के मनाए जाने के ऐतिहासिक, सामाजिक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रस्तुत करते हुए स्वरचित गीत भैया मेरे देश को अपने न भुलाना प्रस्तुत किया रक्षाबंधन एवं राखी के महत्व को अलग-अलग वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये विचार प्रस्तुत करने वाले वक्ताओं में जयनारायण आदित्य, पुष्पक प्रमुख रहे। आचार्य राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने भी अपना गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय की छात्र संघ प्रधानमंत्री नव्या सिंह एवं अक्षत सिंह ने राष्ट्रीय गीत सलाम उन शहीदों को जो खो गए ओढ़ के तिरंगा कफन प्रस्तुत किया।

## पंद्रह हजार महिलाओं ने रक्षाबंधन में रोजवेज बस से की मुफ्त यात्रा

**हमीरपुर।** स्थानीय रोडवेज में रक्षाबंधन के दिन मुफ्त बस सेवा में 14,867 महिला यात्रियों ने रोडवेज बस से मुफ्त सेवा की है, जिसमे यात्रा में विभाग का 14 लाख 80 हजार 785 रुपये खर्च हुये है। शासन यह धनराशि विभाग को देगी। सबसे ज्यादा महिलाएं कानपुर से महोवा रुट में यात्रा की है। जानकारी के मुताबिक शासन के आदेशानुसार रक्षाबंधन के दिन महिलाओं को शासन ने मुफ्त बस सेवा प्रदान करने की घोषणा की थी इस पर महिलाएं सुवह से विभिन्न मार्गों में जाने के लिये यात्रा की थी। विभाग का कहना है कि तीन दिन तक महिलाओं का आना जाना रहा। जिसमे करीब पंद्रह लाख रुपये का खर्च आया है।

# रेलवे की गैर जिम्मेदार हरकत से राहगीर परेशान

**बिना सूचना के बंद हुआ फाटक,वाहन चालक जान जोखिम डालकर पार कर रहे है पटरियां**

**सुमेरपुर,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**



बगैर किसी सार्वजनिक सूचना के बांदा रेलवे क्रॉसिंग के गेट संख्या 31 को चौबीस घंटे के लिए बंद कर देने से राहगीर परेशान रहे। लोगों को रूट बदलकर यात्रा करने को मजबूर होना पड़ा। वहीं दोपहिया वाहन चालक जान जोखिम में डालकर पटरियां पार करते नजर आए।

मौजूदा समय में भीमसेन से खैरार जंक्शन के मध्य दोहरीकरण का कार्य जारी है।इसमें यमुना साउथ बैंक से मौदहा के मध्य दोहरी लाइन पर संचालन भी शुरू हो गया है। कस्बे में बांदा मार्ग में बनी रेलवे क्रॉसिंग 31में पुरानी लाइन की मरम्मत के लिए बुधवार की रात अचानक बंद करके कार्य शुरू कर दिया। बगैर किसी सार्वजनिक सूचना के अचानक गुरुवार नौ बजे बजे तक रेलवे क्रॉसिंग बंद कर देने से राहगीर परेशान रहे। बांदा एवं सिसोलर मार्ग से आने वाले सभी भारी वाहन पचखुरा खुर्द से होकर हाईवे पर पहुंचे। वहीं हमीरपुर से बांदा की ओर जाने वाले वाहन खन्ना टोल प्लाजा से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पकड़ कर बांदा पहुंचे। इस तरह लोगों को कई किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर काटना पड़ा। रेलवे की तकनीकी टीम ने सूचना के नाम पर गेट पर ही सूचना चस्पा कर रखी है। गेट बंद होने से सर्वाधिक परेशानी धर्मेश्वर बाबा एवं पंधरी के निवासियों को उठानी पड़ी। रेलवे के अवर अभियंता उपेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यदायी संस्था केपीटीएल द्वारा मीडिया में प्रकाशन के लिए सूचना दी जानी थी। लेकिन नहीं दी गई यह घोर लापरवाही है।

# अधिकारियों की उदासीनता के चलते खुले में घूम रहे गोवंश

**सुमेरपुर,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत की हठधर्मिता के कारण कस्बे में बेसहारा गोवंश बावले जान बनता जा रहा है।

हाईवे सहित बांदा मार्ग में यह रात दिन धमाचौकड़ी मचाकर लगातार हादसे कर रहा है। बाजार में सांडों के आतंक से लोग आए दिन चुटहिल हो रहे हैं। बुधवार को रामलीला मैदान में आवारा सांडों के आतंक से दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ है। व्यापार मंडल की शिकायत के बाद नगर पंचायत के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। नगर पंचायत के पास खुद की कान्हा गौशाला होने के बाद नगर पंचायत बेसहारा गोवंश को संरक्षित नहीं कर रहा है। बेसहारा गोवंश का आतंक हाईवे सहित बांदा मार्ग में चप्पे.चप्पे में है। यह गोवंश आए दिन खुद घायल हो रहे हैं और राहगीरों को घायल कर रहे हैं। बुधवार को रामलीला मैदान में सांडों ने जमकर उत्पात मचाया। इससे दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। वहीं एक सांड किसी वाहन से टकराकर लहूलुहान हो गया। जिसकी सूचना व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता ने नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को दी। इसके बाद नगर पंचायत से कोई भी कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। जबकि सूचना पाकर पशु चिकित्सालय से पहुंचे पशुधन प्रसार अधिकारी डॉण्आरबी यादव की टीम ने घायल सांड का उपचार किया।

## सुविधा शुल्क देने वाले ग्रामीणों को मिलता है पेयजल,एसडीएम से शिकायत

**राठ।** क्षेत्र के लिधौरा गांव में जल संस्थान की बनी टंकी से पानी की सप्लाई में हेराफेरी करने का ग्रामीणों ने आपरेटर पर आरोप लगाया है। सैकड़ों ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर समस्या हल कराने की मांग की है। लिधौरा गांव निवासी विकास सिंहए मूरत सिंहए महीपत शोभाराम नीरज सिंह अमित सिंह रवि सिंह रवि किशन आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जलसंस्थान की पानी की टंकी बनी हुई है। सभी ग्रामीणों के कनेक्शन है। लेकिन टंकी का ऑपरेटर पानी सप्लाई में हेराफेरी कर रहा है। बताया कि सुविधा शुल्क देने वाले ग्रामीण के घर पानी पहुंचता है।

# माड़ोगढ़ की लड़ाई का व्याख्यान सुन श्रोताओं की फड़क उठीं भुजाएं

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



कजली महोत्सव की दूसरी शाम को वर्षो पुराने आल्हा मंच पर आल्हा गायकों का धमाल रहा। जिसको सुनने के लिए आल्हा गायन प्रेमियों की भीड़ से मैदान खचाखच भरा रहा। सास्कृतिक आल्हा मंच पर आल्हा ऊदल की 52 लड़ाइयों में पिता के बदला से संबंधित माड़ोगढ़ की लड़ाई का प्रसंग छिड़ा रहा जिसे आल्हा गायन के माध्यम से दूर दराज से आये आल्हा गायकों ने अपनी गायकी से लोगो का मन मोह लिया। जिसको सुन बैठे सभी लोगो की बांहे फड़कने लगी।

ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव के पर्व के दूसरे दिवस कीरत सागर पर वर्षो पुराने चंदेल वंशीय समाजसेवियों के सहयोग से चल रहे मंच पर आल्हा गायकों ने आल्हा ऊदल की 52 लड़ाइयों में से माड़ोगढ़ की लड़ाई का दूरदराज से आये प्रसिद्ध आल्हा गायकों द्वारा आल्हा गायन से वीरता ब्याख्यान किया गया। जिसमे जनपद सुल्तानपुर से आये आल्हा गायक राजेश जगनिक, ग्राम मवई हमीरपुर से आये प्रसिद्ध आल्हा सम्राट बच्चा सिंह के नाती धर्मसिंह अनुज सिंह, बबीना जालौन निवासी गयादीन कुशवाहा, परमालोर छतरपुर से आये राममिलन सिंह, हरदोनी बाँदा से आये प्रेम नारायण यादव, समदनगर से आई 10 वी 12 वी की छात्राएं दीक्षा यादव, प्रतीक्षा यादव, पुपवारा छतरपुर मध्यप्रदेश से आये छोटेलाल यादव, महोबा कस्वा से अंकित, विनोद यादव टीहर, महोबा तथा बबीना जिला जालोंन से आये जेजाकभुक्ति बुन्देलखण्ड रत्न से सम्मानित आल्हा गायक लल्लू सिंह यादव द्वारा माड़ोगढ़ की लड़ाई में आल्हा ऊदल की वीरता का आल्हा गायन के माध्यम से बताया कि संवत 1164 में माड़ोगढ़ के राजा करिया करिंगा राय ने जब महोबा पर आक्रमण किया तो उस समय बीर आल्हा 4 वर्ष के थे तथा उनका छोटा पुत्र अपनी मां देवला के गर्भ में थे।

## छेड़खानी करने वाले को तीन वर्ष की कैद

**हमीरपुर।** विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट रुद्रप्रताप सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता ने थाना जरिया 19 मार्च 2016 को तहरीर दी थी कि उसकी 16 वर्षीय बेटी 16 मार्च 2016 को समय करीब सात बजे सुबह अपने दरवाजे के सामने सफाई कर रही थी। तभी पड़ोस का जीतू पुत्र इंद्रजीत लोधी आया और इशारा करने के बाद बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया। जिस पर उसने शोर मचाया तो वह जाति सूचक शब्दों से गालीगलौज करने लगा। शोर सुनकर किशोरी की भाभी आ गई तो जान की धमकी देता हुआ भाग गया। जिस पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एससी एसटीए छेड़खानी व पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिंदू संगठनों ने किया रूट मार्च

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**



बांग्लादेश में हिन्दू एवं अन्य अल्पसंख्यको के ऊपर हो रहे शारीरिक , आर्थिक , धार्मिक शोषण तथा अत्याचारो को रोकने को लेकर हिन्दू रक्षा समिति के द्वारा कूष्माण्डा देवी मंदिर में एकत्र होकर रूट मार्च कर आक्रोश प्रदर्शन किया गया और तहसील पहुंच कर उप जिलाधिकारी यदवेन्द्र सिंह बैस को ज्ञापन दिया,

जिसमे समस्त हिंदू भाई व सनातनी विचारधारा के सामाजिक धार्मिक व साधु संत समाज सभी संगठनों के लोग ने भाग लिया, रुट मार्च कर ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से बजरंग दल के विभाग सयोंजक, शुभम शौर्य अग्निहोत्री, जिला अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, वेदव्रत सचान, कृष्णा मिश्रा ,मनोज परमार,गोपाल, शशिभूषण द्विवेदी, रोहित सविता , राजेश अवस्थी,बीनू बजरंगी, योगेंद्र सोनी,गौरव पाण्डेय, मनीष सचान,गणेश द्विवेद्वी, जीतू अवस्थी, सत्यम सांगा, रोहित सोनी ,लल्लू ओमर सहित तमाम संख्या में हिन्दू समाज ने अपना विरोध दर्ज कराया।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में निकाला मौन जुलूस

**प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा**

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**गुरुवार को** हिंदू रक्षा समिति, कानपुर प्रान्त के निर्देशन में बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे शारीरिक, आर्थिक व धार्मिक शोषण तथा अत्याचारों के विरोध में टाउन हॉल उरई से जिलाधिकारी कार्यालय तक मौन जुलूस निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। मौन जुलुस के दौरान उमस भरी गर्मी के चलते बारिश होनी शुरू हो गयी लेकिन कार्यकर्ता बरसते पानी में पैदल चलते रहे। मौत जुलूस में मातृ शक्ति ने भी सहभागिता की।

प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया कि विगत दिवसों में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया समाचार पत्रों व सोशल मीडिया द्वारा प्राप्त सूचनाओं से ज्ञात हुआ है कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों व उनके पवित्र पूजा स्थलों पर लगातार हमले हो रहे है। उत्पीडन, शोषण व मानवीय अत्याचारों से समस्त बांग्लादेशी हिंदू व अन्य अल्पसंख्यक व्यथित व पीड़ित है। बांग्लादेश में अराजकता तथा निष्प्रभावी कानून व्यवस्था के कारण अतिवादी जिहादी तत्वों द्वारा बड़े पैमाने पर हिंदुओं का आर्थिक तथा शारीरिक शोषण किया जा रहा है। हिंदुओं को लक्ष्य मानकर उसके धार्मिक तथा व्यवसायिक स्थलों पर लूट व तोड़फेड़ की जा रही है, ऐसी घटनाएं बांग्लादेश में प्रायः होती रहती थी परंतु ध्वस्त सरकारी व्यवस्था के चलते ऐसी घटनाओं ने वीभत्स रूप ले लिया है। कट्टरपंथी जिहादियों द्वारा बहन, बेटियों तथा छोटे बच्चों पर भी किए जा रहे कृत्यों के चित्र आदि देखकर संपूर्ण देश का हिंदू आक्रोशित है। हिंदू रक्षक समिति तथा अन्य हिंदू संगठन बांग्लादेश में व्याप्त इन अमानवीय अत्याचारों व दुर्व्यवस्था से पीड़ित हिंदुओं तथा अन्य अल्पसंख्यक के परिवारों व उनके व्यावसायिक, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा तथा संरक्षण की मांग करते है। पानी बरसने पर भी हिन्दु संगठन के कार्यकर्ता स्वयं सेवक पूरे जोश में नजर आ रहे थे। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, भारत विकास परिषद, सेवा भारती, इनर व्हील रोटरी क्लब स्वर्णिम, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार, गहाई सेवा मंडल सहित अनेक गणमान्य नागरिक समाजसेवी संस्थाओं ने सहभागिता की जिसमें प्रमुख रूप से हिंदू रक्षा समिति जनपद जालौन के कार्यकर्ताओं के अलावा माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, वरिष्ठ भाजपा नेता रामलखन औदीच्य, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता, अशोक राठौर, श्यामदास, ओम नारायण, लालजी गुर्जर, इं. अजय इटौरिया, ब्रम्हानन्द जी, बाबा बालकदास पाल, रामअनुग्रह सिंह, सोनू मिश्रा, दिलीप, अनिल, प्रभात सिंह, अवध द्विवेदी, भगवती शुक्ला, सन्तोष गुप्ता, रवीन्द्र सिंह, अरविन्द चौहान, अनिल निरंजन, नीरज दुबे, देवेन्द्र यादव, संजीव उपाध्याय, बलवीर सोनी, राघवेन्द्र सिंह परिहार, आचार्य तेजस, प्रशान्त तिवारी, लखन लाल चन्देया, डा. रचना श्रीवास्तव, चित्रा अहिरवार, लाल दीक्षित, रामकृष्ण, दिनेश चतुर्वेदी, गौतम त्रिपाठी, भूपेन्द्र सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अमेजिंग इंडियन अवार्ड 2024 से सम्मानित किए जाएंगे खाकी वाले गुरूजी

**प्रतिष्ठित मीडिया द्वारा नई दिल्ली के ताज पैलेस होटल में आयोजित कार्यक्रम में देश के कुल 12 लोगों को किया जाएगा सम्मानित**

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र कार्यालय में नियुक्त उपनिरीक्षक रणजीत यादव द्वारा अपनी ड्यूटी को वरीयता देते हुए अयोध्या के जयसिंह वार्ड की मलिन बस्ती के गरीब,असहाय और भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को वर्ष 2021 से निःशुल्क शिक्षण प्रदान करने के साथ ही उन्हें पठन पाठन सामाग्री लोगों के सहयोग से निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। समाजसेवी उप निरीक्षक रणजीत ने घाटों और मंदिरों के आस पास बड़े बुजुर्गों के साथ छोटे छोटे बच्चों को भी अपने हाथों में कटोरा लेकर भिक्षावृत्ति करते हुए देखा तो इन बच्चों की जिंदगी बदलने का संकल्प लिया और इनकी बस्ती में पहुंचकर इन्हें शिक्षित करने की शुरूआत कर दी।रणजीत ने शिक्षा की इस मुहिम को अपना स्कूल नाम दिया है।रणजीत यादव ने मलिन बस्ती के बच्चों के माता पिता को जागरूक करके 28 बच्चों का एडमिशन नजदीक के सरकारी स्कूल में करा दिया है?।अब वे सब रोजाना स्कूल जाते हैं।पुलिस की व्यस्ततम ड्यूटी से समय निकाल कर वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के कारण अयोध्या वासी प्यार से इन्हें ÷खाकी वाले गुरुजी÷ नाम से बुलाते हैं।रणजीत यादव द्वारा मलिन बस्ती के विकास,संवर्धन एवं शिक्षा क्षेत्र में किये जा रहे इस अनुकरणीय प्रयास के लिए देश की राजधानी नई दिल्ली में अमेजिंग इंडियन अवार्ड 2024 से सम्मानित करने लिए आने जाने के लिए हवाई जहाज का टिकट प्रदान करते हुए आमंत्रित किया गया है।इस सम्मान के चयन पर रणजीत यादव ने कहा कि ÷यह पुरस्कार माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद एवं मित्रों के सहयोग तथा स्वयं के कठिन परिश्रम का परिणाम है।÷अपना स्कूल÷ के सहयोगी ऋषभ शर्मा और अंशिका सिंह को विशेष धन्यवाद है।

# औषधि निरीक्षक ने किया मेडिकल स्टोर की जांच

**ज़ैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट मौजूद मेडिकल स्टोर का बृहस्पतिवार को औचक निरीक्षण औषधि निरीक्षक सीमा सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान औषधि निरीक्षक सीमा सिंह द्वारा नारकोटिक्स की दवाइयां, सीसीटीवी कैमरे, एक्सपायरी दवाइयां के रखरखाव, तथा साफ सफाई, स्टॉक रजिस्टर व कैश मेमो बिल बुक सहित अन्य मानक की जांच किया। जांच में दौरान भारत मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरा संचालित अवस्था में न मिलने पर नाराजगी जताई। वही राज मेडिकल स्टोर पर सभी दवाइयों दवाइयों के रख रखाव, कई पुरानी दवाइयों के रैपर, साफ सफाई न होने से नाराजगी जताते हुए शीघ्र मानक के अनुसार व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस दौरान औषधि निरीक्षक सीमा सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन व जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे तथा मानक के अनुसार सभी प्रकार के रखरखाव के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज़ैदपुर के बाहर मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया है। जिसमें सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरे, नारकोटिक्स व एच 1 से संबंधित औषधियां हैं। उनके अभिलेख व्यवस्थित किए जाने हैं। जिसको लेकर निरीक्षण किया गया है और इस संबंध में प्राप्त हुई खामियों को शीघ्र पूरा किए जाने निर्देश दिए गए हैं।

## नेपाल से आये पानी ने बाराबंकी में मचाया हड़कम्प

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** नेपाल द्वारा बैराजों से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने से सरयू नदी का जलस्तर तेजी साथ बढ़ने लगा है। जिससे नदी की तलहटी में बसे गांवों में हड़कंप मच गया है। ग्रामीण ऊंचे स्थानों पर पलायन की तैयारियां करने लगे हैं। वहीं बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। राजस्व विभाग ने बाढ़ क्षेत्र में स्थापित चारों चौकियों को सक्रिय कर नदी के बढ़ते जलस्तर पर निगरानी शुरू कर दिया है। गुरुवार को सुबह से ही नदी का जलस्तर तेजी से बढते हुए गांवों को अपने आगोश में लेना शुरू कर दिया। शाम तक ग्राम तेलवारी, परसावल, मांझा रायपुर, सहित करीब आधा दर्जन गांवों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई। गांवों को जोड़ने वाले रास्तों पर पानी भर गया। तेलवारी गांव के ग्रामीणों मुन्नी लाल, लल्लू, दुर्गा, आदि ने बताया कि नदी का जलस्तर जिस तेजी से बढ़ रहा उससे लगता है कि रात में पूरा गांव पानी में डूब जाएगा।

# अंतिम संस्कार में पहुंचकर चेयरमैन ने परिजनों को बंधाया ढांढस



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**ज्ञानखेर** मजरे लाही गांव में गोविंद कुमार विश्वकर्मा की निर्मम हत्या के दूसरे दिन अंतिम संस्कार में पहुंचे भाजपा नेता चेयरमैन अलोक तिवारी ने दुखी परिजनों को ढाढस बंधाया । कहा कि इस हत्याकांड के दोषी बक्शे नहीं जाएंगे। उनको कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम किया जाएगा । उन्होंने मृतक की पत्नी व बच्चों को जीवन यापन के लिए भरपूर मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान गुड्डू कश्यप विपिन चौरसिया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित शिक्षकों का हुआ प्रशिक्षण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ पर आयोजित नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में संदर्भदाता रमाकांत गुप्ता एवं मदन मोहन वर्मा ने अंग्रेजी की नवीन पाठ्य पुस्तक मृदंग के शिक्षण उद्देश्य एवं शिक्षण विधि पर चर्चा की । दूसरे सत्र में संदर्भदाता राम सागर रावत एवं प्रियंका सिंह नेअंग्रेजी पाठ्य पुस्तक मृदंग की समग्र समझ विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। भोजन अवकाश के उपरांत तीसरे सत्र में संदर्भदाता रत्नेश यादव एवं प्रियंका सिंह ने अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक मृदंग के अभ्यास कार्य के महत्व पर प्रकाश डाला। अंतिम सत्र में संदर्भदाता रमाकांत गुप्ता एवं मदन मोहन वर्मा ने सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं संकुल बैठक के सफल क्रियान्वयन पर विचार विमर्श किया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी हैदरगढ़,सुनील कुमार गौड़ ने सभी प्रतिभागियों से इस चार दिवसीय प्रशिक्षण की संप्राप्ति पर चर्चा के साथ प्रशिक्षण का समापन किया। इस अवसर पर आशीष वर्मा,गुलशन जफर,सत्य प्रकाश, मुबीन अहमद,चंद्रप्रभा मौर्य ,दिव्या रावत,कुंवर बहादुर सिंह,महेंद्र सिंह,श्रद्धा मणि,रीता अधिकारी,नेहा शुक्ला ,प्रसून मिश्रा,लक्ष्मी शर्मा,एकता कुशवाहा, कविता साहू,अनुराग यादव ,अजय प्रताप सिंह आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### वांछित को चाकू के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** युवक पर चाकू से हमला करने वाले एक युवक को जैदपुर पुलिस टीम ने एक अदद अवैध चाकू के साथ मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।जिसके विरुद्ध थाना जैदपुर में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।जानकारी के अनुसार कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह पुलिस बल के साथ थाना चौराहे के पास मौजूद थे तभी मुखबिर की सूचना पर कस्बे के उसरी जाने वाले मार्ग पर एक युवक को गिरफ्तार किया जिसकी तलाशी लेने पर एक अदद? अवैध?? चाकू बरामद? किया।बताते चलें कि शमीम पुत्र मो उमर जो कस्बे के वसीनगर का निवासी लगभग 14 दिन पहले इसी के द्वारा नादिर पुत्र हारून पर चाकू से हमला घायल किया था।वही सूत्रो ने बताया कि इसी युवक ने अगले साल बडापुरा के मेले के दौरान चौखंडी निवासी एक युवक को भी किसी धारदार हथियार से घायल कर दिया था।कस्बा इंचार्ज रनवीर की पुलिस टीम घेराबंदी इस शातिर युवक को धरदबोचा और एक अवैध चाकू बरामद कर युवक के विरूद्ध जैदपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी है।

### डीएम, एसएसपी ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**इटावा।** जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी संवर्ग सीधी भर्ती परीक्षा के संबंध में सनातन धर्म इण्टर कालेज का निरीक्षण कर सम्बन्धित को परीक्षा प्रबंध के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिए गए। विदित हो कि आज 23 अगस्त से आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी संवर्ग सीधी भर्ती परीक्षा-2023 जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर होना प्रस्तावित है जिसके दृष्टिगत आज जिलाधिकारी इटावा अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रललकक संजय कुमार द्वारा जनपद इटावा के परीक्षा केन्द्र सनातन धर्म इण्टर कालेज का निरीक्षण कर परीक्षा से संबंधित अवांछनीय तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा परीक्षा को नकलविहीन और सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### साइबर क्राइम बढ़ता जा रहा है जिससे व्यापारियों में दहशत का माहौल

**इटावा।** आज पुलिस लाइन नवीन सभागार में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक एस पी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा शहर में साइबर क्राइम बढ़ता जा रहा है जिससे व्यापारियों में दहशत का माहौल है आए दिन व्यापारियों के मोबाइल पर फोन आते रहते हैं और व्यापारी झांसे में आकर शिकार हो जाता है इस पर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम उठाना अति आवश्यक है। जिला प्रवक्ता इकरार अहमद ने कहा टप्पेबाजी की घटनाएं आए दिन बढ़ रही है। युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा ने कहा मोहल्ला शाह कमर पोस्ट ऑफिस वाली गली में चंद किशोर चौरसिया का मकान पूरी तरीके से गिराओ हालत में है कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है इसको उतरवाया जाए। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष वर्मा ने कहा शहर में चल रहे ऑटो चालकों के कागज चेक किए जाएं आए दिन ऑटो में बैठने वालों के साथ घटनाएं बढ़ रही हैं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी, जिला मंत्री संजीव राजपूत, नगर मंत्री मुहम्मद उवैश,महिला नगर उपाध्यक्ष अंजना दोहरे, नई मंडी अध्यक्ष सतेंद्र कुशवाहा, शीलू शर्मा, ललित आदि उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण वीथिका का शुभारंभ आज

**उरई (जालौन)।** इन्टैक उरई अध्याय के तत्वावधान में 23 अगस्त 2024 को शाम 5 बजे से 7 बजे तक हमारे चूड़ी वाली गली स्थित निज निवास पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर श्री कृष्ण वीथिका का शुभारम्भ जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर प्रमोद विश्वकर्मा के द्वारा होने जा रहा है। इस वीथिका में इन्डोनेशिया जैसे इस्लामिक देश के द्वारा भगवान श्री कृष्ण से संबंधित जारी तमाम दुर्लभ डाक टिकटों का विशेष प्रदर्शन होगा। इसके अलावा अन्य डाक टिकट, सिक्कों, प्राचीन चित्रों, मूर्तियों के साथ साथ अति दुर्लभ श्री कृष्ण शंखों का भी प्रदर्शन होगा। आप सभी लोग समय से अवलोकनार्थ आमंत्रित हैं। उक्त जानकारी संध्या पुरवार द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी गयी।

# 15 स्कूलों के जर्जर भवनों की हुई नीलामी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**ब्लॉक संसाधन** केंद्र हैदरगढ़ के परिसर में बीईओ सुनील कुमार गौड़ की अध्यक्षता में 15 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के जर्जर भवनो की नीलामी आयोजित हुई। नीलामी में प्राथमिक विद्यालय गोतौना के जर्जर भवन को प्रदीप कुमार सिंह ने 75000 रुपए में ,प्राथमिक विद्यालय गढ़ी का जर्जर भवन 59100 रुपए में,प्राथमिक विद्यालय अलीपुर को सत्यदेव साहू ने 53500 रुपए में ,प्राथमिक विद्यालय जारमऊ का जर्जर भवन उमेश कुमार ने 73400 रुपए में, प्राथमिक विद्यालय सालपुर का भवन गब्बर ने 47500 रुपए में,प्राथमिक विद्यालय सोइना का भवन त्रिभुवन ने 65500 रुपए में,प्राथमिक विद्यालय रामपुर का जर्जर भवन सत्यदेव साहू ने 63000 में , प्राथमिक विद्यालय पलिया के भवन को रणधीर सिंह ने 21500 रुपए में, प्राथमिक विद्यालय भैरमपुर के जर्जर भवन को सत्यदेव साहू ने 53500 रुपए में, प्राथमिक विद्यालय हैदरगढ़ प्रथम के जर्जर भवन को धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने 69000 रुपए में, प्राथमिक विद्यालय निकामत पिचूरी को सत्य देव साहू ने 69500 रुपए में, प्राथमिक विद्यालय मेहंदिया को महेंद्र कुमार ने 100100 रुपए में, प्राथमिक विद्यालय खानपुर प्रथम के जर्जर भवन को सत्यदेव साहू ने 48500 रुपए में, प्राथमिक विद्यालय गोसियामऊ के जर्जर भवन को अवधेश कुमार ने 90000 रुपए में तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ के जर्जर भवन को हरिशंकर शर्मा ने 74000 रुपए में क्रय किया। इस अवसर पर बृजेंद्र प्रताप सिंह,देवेंद्र शुक्ला,जितेंद्र वर्मा, सत्य प्रकाश सिंह,कुंवर बहादुर सिंह, रीना सिंह,शालिनी सिंह,मदन मोहन वर्मा,पंकज सिंह,दिनेश मिश्रा,हरिप्रसाद,सुदेश मोहन, रामराज सिंह,कुलवंत सिंह,श्री प्रकाश शुक्ला,सुनील श्रीवास्तव,अंकित कुमार, रमेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय जिला पुस्तकालय की सुविधाएं होंगी बेहतर: डीएम

**सुविधाओं से युक्त आदर्श पुस्तकालय में परिणित होगा राजकीय जिला पुस्तकालय: इंजी. अवनीश कुमार सिंह**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




**गुरुवार को** एमएलसी इंजी0 अवनीश कुमार सिंह, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, प्रशिक्षु आईएएस काव्या सी द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय जिला पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया गया। एम0एल0सी0, जिलाधिकारी, प्रशिक्षु आईएएस द्वारा संग्रहालय, वाचनालय कक्ष एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। राजकीय जिला पुस्तकालय की स्वच्छता, रख रखाव, व्यवस्था, सुसज्जित एवं शांत परिवेश एवं पाठकों की उपस्थिति देखकर सभी अत्यन्त प्रसन्न हुए, उन्होंने पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ पूनम सिंह, सहयोगी शिक्षिका मीनू बाला तथा स्टाफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतनी सुव्यवस्थित एवं साफ-सुथरी लाइब्रेरी अब तक नहीं देखी। एम0एल0सी, जिलाधिकारी, प्रशिक्षु आईएएस ने पुस्तकालय में तैयारी कर रहे पाठकों को बेहतर तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया तथा शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने पाठकों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के सन्दर्भ में भी विस्तार से चर्चा की तथा तैयारी में आ रही समस्याओं पर वार्ता की। पाठकों ने पुस्तकालय के दो कक्ष में एसी के साथ वाटर कूलर, पंखे, राउटर तथा तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकों की कमी के सन्दर्भ में जानकारी दी, एम0एल0सी0 एवं । राजकीय जिला पुस्तकालय को अपग्रेड एवं सुसज्जित करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे पाठकों के मार्गदर्शन हेतु प्रशिक्षु आई0ए0एस0 सुश्री काव्या सी ने पुस्तकालय में समय एवं सहयोग देने का आश्वासन दिया।एम0एल0सी0 एवं जिलाधिकारी ने पाठकों की मांग पर पुस्तकालय समय प्रातः 8 से सांय 6 बजे तक करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश पुस्तकालयाध्यक्ष को प्रदान किए तथा इसकी व्यवस्था हेतु अतिरिक्त मानव संसाधन द्वारा शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन प्रदान किया। जिलाधिकारी ने शौचालय एवं प्रांगण की साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु नगरपालिका से एक सफाई कर्मी नियुक्त करने का निर्देश दिया। राजकीय जिला पुस्तकालय का नाम सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय जिला पुस्तकालय रखने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने की बात कही। एमएलसी इंजी० अवनीश कुमार सिंह ने निदेशक साईं शिक्षण संस्थान विपिन राठौड़ को जनपद के समाज सेवियों/महाविद्यालय एवं विद्यालय के प्रबंधकों को राजकीय जिला पुस्तकालय से जोड़ने एवं पुस्तकालय के विकास एवं उन्नयन में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान चिन्हित कार्यों की प्रगति एवं समीक्षा के लिए अगले सप्ताह जिला पुस्तकालय समिति की विशेष बैठक आयोजित करने के निर्देश पुस्तकालयाध्यक्ष को दिए।

**बैठक** | **आरटीओ प्रशासन ने की राजस्व एवं मण्डलीय समीक्षा बैठक**

# राजस्व लक्ष्यों की करें शत प्रतिशत पूर्ति,एक भी अनफिट, कर बकाया वाहन संचालित न होने पायें: ऋतु

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



**शासन की** मंशानुसार राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति,वाहनों की फिटनेस,मानक के अनुसार पंजीयन तथा आईजीआरएस आदि पोर्टल पर शिकायतों के त्वरित निस्तारण की समीक्षा को लेकर गुरुवार को आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।यह बैठक संभागीय परिवहन कार्यालय में सम्पन्न हुयी जिसमें सुल्तानपुर,अयोध्या,बाराबंकी व अम्बेडकरनगर के एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।बैठक में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अगस्त माह के शेष दिनों में युद्ध स्तर पर मल्टीफोकस कार्यवाही करते हुए राजस्व की शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें तथा बकाया वसूली हेतु दूरभाष व डोर टू डोर नाकिंग की गति तेज करते हुए प्रभावी कर बकाया वसूली करें।मण्डल के सभी जिलों के एआरटीओ को निर्देशित किया गया कि आर.सी. प्रेषण करने के साथ राजस्व विभाग की वेबसाइट पर मिलान व प्रतिदिन स्टेटस मानीटर करें, जनपद व तहसील स्तर अधिकारियों तथा अमीनों से अनुश्रवण कर कार्यवाही करें।साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि कार्यालय में आने वाले (व्यवासायिक वाहनों,टैक्स जमा करने वालों) व्यक्तियों के अध्यतन पते की पुष्टि स्वरूप आधार की छायाप्रति प्राप्त कर सम्बन्धित पत्रावली में संलग्न करें जिससे नोटिस व सूचना आदि की समुचित कार्यवाही की जा सके।

बताया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए कार्यालय के आसपास यदि कोई अतिक्रमण हो तो अनाधिकृत व्यक्तियों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस से समन्वय कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करें।मौजूद एआरटीओ को कार्यालय को पारदर्शी एवं अनाधिकृत व्यक्तियों के हस्तक्षेप से मुक्त रखने तथा काउण्टर से ही कार्य सम्पादित किये जाने के संबंध में भी निर्देशित किया गया। आरटीओ द्वारा अधिकारियों के साथ साथ कर्मचारियों की भी निरन्तर बैठक व समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि यात्री वाहनों के वाहन स्वामी,माल वाहनों एवं स्कूल वाहनों के वाहन स्वामियों को कर जमा और फिटनेस कराने हेतु दूरभाष पर संपर्क करें और जिला प्रशासन की टास्क फोर्स का भी गठन करवाये।साथ ही सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) एवं सभी एआरटीओ को बिना फिटनेस वाहनों,पंजीयन समाप्त वाहनों, आयु सीमा पूर्ण कर चुके वाहनों की नोटिस भेजने,प्रपत्र अद्यतन वैध कराने के निर्देश दिए गए तथा समर्पित वाहनों का स्थलीय निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए।आरटीओ द्वारा बताया गया कि जो वाहन स्वामी निर्धारित समयावधि में कर जमा नहीं कराते हैं उनके विरुद्ध कर की वसूली भू-राजस्व की भांति की जायेगी,इसलिए कर जमा करायें। सभी वाहन स्वामी अपना कर घर बैठे श्ड्डह्द्ध1ड्डद्धड्डठ्ठ.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाकर आन लाइन माध्यम से कर जमा कर सकते हैं।इसके लिए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।मण्डल के ऐसे स्कूली वाहन जिनकी परमिट/फिटनेस समाप्त हो चुकी हैं,वे परमिट फिटनेस अद्यतन वैध करा लें अन्यथा ऐसे स्कूली वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस कारवाई के अन्तर्गत एआरटीओ प्रशासन द्वारा अयोध्या में 261, अम्बेडकरनगर में 165, सुल्तानपुर में 198,बाराबंकी में 258 तथा अमेठी में 81 स्कूल वाहनों का पंजीयन निलंबित किया गया हैं जबकि पिछले डेढ़ माह में कुल 374 स्कूल वाहनों ने कार्यालय के प्रयासों के फलस्वरूप फिटनेस कराई है। बताया गया कि यात्री बसी व स्कूल बसों हेतु मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा 31 अगस्त 2024 डेडलाइन दी गयी है कि उक्त तिथि तक सभी प्रपत्र वैद्य कराके ही संचालन करें अन्यथा कि स्थिति में अनाधिकृत एवं बिना वैध प्रपत्रों के वाहनों के विरुद्ध स्क्रैपिंग आरवीएसएफ की कार्यवाही की जा सकती है। इसलिए वाहन स्वामी तत्काल अपने प्रपत्र वैध करा ले।निजी वाहनों का कमर्शियल प्रयोग और एचएसआरपी आदि पर भी प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही दर्पण पोर्टल पेंडेन्सी,जागरुकता बैठकें आदि के निर्देश दिये गये। बैठक में आरटीओ सुश्री ऋतु सिंह, एआरटीओ सुल्तानपुर नन्दकुमार, एआरटीओ अयोध्या आर.पी.सिंह, एआरटीओ अम्बेडकरनगर सत्येन्द्र यादव, एआरटीओ बाराबंकी श्रीमती अंकिता शुक्ला तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## रोजगार मेले का आयोजन आज

**इटावा।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आज 23 अगस्त को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियां रिक्तियों के साथ उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रही हैं।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र जगराम व पुत्रवधू बबिता के गलत चाल-चलन के चलते उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा व मेरी पत्नी कुसुमलता का कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **अजयपाल शाक्य पुत्र सोनेलाल शाक्य निवासी-ग्राम बरौली, थाना दन्नाहार, तहसील सदर, जनपद-मैनपुरी, उ0प्र0।**

# डीएम ने बेहतर कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की हुई बैठक



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उन्होंनें अच्छे कार्य करने वाले सीडीपीओ अमित कुमार मिश्र, उमर्दा, विजय लक्ष्मी दुबे ग्रामीण, पूजा सिह तालग्राम, शेषमणि यादव जलालाबाद, एवं मुख्य सेविका अर्चना वर्मा नगर, रमाकान्ती छिबरामऊ, उमाकान्ती हसेरन, शिवप्रभा जलालाबाद व आंगनवाडी कार्यकत्री को प्रशस्ति पत्र एवं पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजना पोषण ट्रैकर पर नियमितता आधार वैरिफाई किये जाये। जो सूची फीड की जाये, आधार क्रमांक और फोन नम्बर को फोन करके तुरन्त वैरिफाई करें। जो भी पोषाहार दिया जाये। लाभार्थी को एसएमएस के माध्यम से जानकारी दी जाये। 17523 लाभार्थियों को मोबाइल नम्बर सत्यापन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाये। कहा कि पोषण ट्रैकर एप्प पर धात्री माता एंव 0 से 06 के बच्चों की फीडिंग में 291 का अंतर है, जिसे ससमय आंगनवाडी द्वारा फार्म भरकर ठीक कराया जाये।

माह जुलाई का 1357 बच्चों का दक्षता मापन नही हुआ है, जिसे समय से कराया जाये। बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नही होना चाहिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि पूर्ण विवरण सहित पोषाहार वितरण का रजिस्ट्रर तैयार किया जाये, जिसमें सेन्ट्रों से प्राप्त रिसीविंग एंव लाभार्थियों को वितरण पैकेट का मिलान बराबर होना चाहिए। कहा कि सैम 492 और मैम 2899 बच्चे मिले है। उनकी देखभाल के लिये सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित होनी चाहिए, बीमारी को खोजे और चिन्हित कर इलाज करें। जिलाधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि 11 से 14 वर्ष की आयु के बच्चे जो स्कूल नही जा रहे है। उन बच्चों का स्कूल में एडमिशन कराकर शिक्षा दी जाये। आरबीएसके टीम जब स्कूलों में जाए, सभी बच्चे उपस्थित होना चाहिए, जिससे सभी का स्वास्थ्य परीक्षण हो सके।

सभी केन्द्रों पर वजन मशीन/ इन्फोन्टोमीटर, स्टेडियोमीटर की उपलब्धता शत-प्रतिशत होनी चाहिए। प्रत्येक दशा में क्वालिटी ऑफ सर्विसेज अच्छी होनी चाहिए। उन्होनें 13 आंगनवाडी केन्द्रो का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**फातहे** बिलग्राम मिशन शाखा तालग्राम जनपद-कन्नौज के पदाधिकारी व सदस्यगण है हम लोग आपका ध्यान ऐसी घटना की ओर आकर्षित करवाना चाहते है जिससे प्रार्थी एवं समस्त एवं मुस्लिम समुदाय की भावनायें आहत हुई है। एक तथाकथित धार्मिक नेता महंत रामगिरी, धीरामपुर जिला-अहमद नगर (महाराष्ट्र) ने अपने भाषण में, जो कि सोशल मीडिया में वायरल है हमारे धर्म एवं इस्लाम की सर्वोच्च एवं सर्वमान्य शख्सियत पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के खिलाफ अत्यन्त अशोभनीय एवं अपमान जनक टिप्पणी की है। हमारे पैगम्बर हमारे सम्मान का प्रतीक है। प्रत्येक मुस्लिम की भावनायें गहराई से पैगम्बरे इस्लाम से जुड़ी हुई हैं। मुस्लिम समुदाय पैगम्बरे इस्लाम की शान में किसी प्रकार की अपमान जनक टिप्पणी को बर्दास्त नहीं कर सकता है। महंत रामगिरी केवल अपनी व्यक्तिगत लोकप्रियता के लिये ऐसा कर रहा है प्रार्थीगण मानना है कि इस प्रकार की दुर्भाग्य पूर्ण घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये महंत रामगिरी जैसे लोगों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कड़ी दण्डनात्मक कार्यवाही न्यायोचित धाराओं में करनी चाहिए और पैगम्बरे इस्लाम की शान में गुस्ताखी के खिलाफ एक कानून बनायें जाने की भी आवश्यकता है। इस घटना ने पूरे मुस्लिम समाज को अत्यधिक मानसिक पीड़ा दी है और पूरा मुस्लिम समाज अपमानित महसूस कर रहा है।हम लोग आपसे विनम्र निवेदन करते है कि महंत रामगिरी के खिलाफ भारतीय न्याय सहिता 299/302 के अनुसार कार्यवाही करने का आदेश देने की मेहरवानी करें।

# खबरें चलते-चलते

## कंटेनर की टक्कर से मजदूर की मौत

**छिबरामऊ कन्नौज।** दैनिक वेतन भोगी मजदूर खाना खाकर दोपहर में कम पर जा रहा था तभी पश्चिमी बाईपास पर कंटेनर ने टक्कर मारी गंभीर घायल। दैनिक वेतन भोगी मजदूर खाना खाकर कम पर जा रहा था तभी पश्चिमी बाईपास पर तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी घटना स्तर पर चौकी प्रभारी तौफीक के में पुलिस वल के पहुंचे घायल मजदूर को उपचार के लिए सो सैया संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया जहां पर घायल को कोई स्टेटचर वगैरा नहीं मिला घायल अवस्था में इमरजेंसी के बाहर मरीज तड़पता रहा काफी समय बाद स्टेचर की व्यवस्था कर मजदूर को उपचार के लिए इमरजेंसी में ले जाया गया जहां उपचार शुरू होने से पूर्वी उसके प्राण निकल चुके थे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है परिजनों ने अस्पताल प्रशासन के ऊपर लगाए गंभीर आरोप मृतक मजदूर दिनेश निवासी कंकरिया के चार लड़के दो लड़की एक पत्नी को रोटा बिलखते छोड़ गए आप गरीब बेचारा परिवार का भरण पोषण कैसे होगा।

## नगर पंचायत की सीमा में आने पर कटेगी रसीद

**छिबरामऊ कन्नौज।** नगर पालिका में विकास कार्यों को लेकर बोर्ड की बैठक नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें विभिन्न प्रकार की योजनाओं पर चर्चा की गई। नगर पंचायत सौरिख में बोर्ड की बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता की अध्यक्षता में आहूत की गई जिसमें समस्त सभासदों की उपस्थिति में नया भवन का निर्माण एवं मीटिंग हाल का निर्माण कार्यालय में जेसीबी मशीन लाइट एवं स्काई लिफ्ट तथा नगर सीमा में जो भी मकान नहीं आ रहे हैं उन्हें नगर पंचायत से जोड़ा जाएगा पुराने ब नये मकान का निर्माण नगर पंचायत की बगैर अनुमति के नहीं किया जा सकेगा इन सभी कार्यों पर चर्चा की गई इसके साथ अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने बैठक में कहा अतिक्रमण कारियों पर अभियान चला कर नोटिस चस्पा किए जाएंगे अगर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर नगर पंचायत कर्मचारी व सभी सभासद गढ़ मौजूद रहे।

## रात के अंधेरे में खनन माफिया हावी प्रशासन को नहीं है खबर

**छिबरामऊ कन्नौज।** रात के अंधेरे में खनन माफिया खेतों में खनन कर रहे हैं जबकि प्रशासन को किसी प्रकार की जानकारी नहीं है क्षेत्र के खडनी में रातों में होता है। खनन क्षेत्र की खडनी चौकी के अंतर्गत रातों में खनन माफिया जेसीबी लगाकर खनन कर रहे हैं लेकिन प्रशासन को किसी भी प्रकार की भनक के नहीं है मजे की बात तो यह है की करने निवासी एक युवक का खेत रूर मौजा में है उस खेत में ही खनन माफिया ने जेसीबी लगाकर सैकड़ो ट्रॉली मिट्टी उठा ली सुबह जब वह खेतों की तरफ गए तो देखा की खेत को खनन माफिया ने तालाब बना दिया खनन माफिया को किसी भी शासन प्रशासन का डर नहीं है खेत मालिक ने जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी के यहां की है जब खनन विभाग के अधिकारी से फोन लगाया तो उनसे बात नहीं हो सकी।

## किसान भाई एक पौधा मां के नाम करें रोपित: डॉ. अमर सिंह

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा चलाई जा रही एक योजना के तहत एक पौधा मां के नाम विषय पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह ने केंद्र पर आये किसान भाइयों को बताया कि पेड़ वह अदभुत वस्तु है। जिसकी छाया में हर कोई सुकून पाता है जैसे मां की ममता में शिशु डॉ सिंह ने किसान भाइयों को पौध रोपण तकनीक की विस्तार से जानकारी दी। तथा उन्हे जल शक्ति अभियान हेतु जागरूक किया। इस दौरान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ अरविन्द कुमार ने बाग रोपण से पूर्व मिट्टी परीक्षण करने की सलाह दी। प्रसार वैज्ञानिक डॉ0 सुशील कुमार ने उचित आकार का गड्ढा खोदने की सलाह दी ,गृह वैज्ञानिक डॉ0 पूनम सिंह ने बताया कि पोषण आवश्यकता फलो से पूरी की जा सकती है, गृह वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला यादव ने फलो के महत्व के बारे में विस्तार से बताया एवं मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने किसान भाइयों को मौसम से संबंधित जानकारी दी।

# महिला पहलवान ज्योती ने समधन दंगल में नम्रता पहलवान को चटाई धूल

- समधन दंगल में छठे दिन महिला पहलवानों ने भी कुस्ती में दिखाये दांव पेंच के खेल
- हजारों की संख्या में दर्शकों की उमड़ी दंगल में भीड़

**समधन, समृद्धि न्यूज़**



दंगल में जीत के लिये कुश्ती में संघर्ष करती महिला पहलवान



दंगल में अपने दांव पेंच से पसीना बहाते पहलवान

**नगर में** चल रहे सात दिवसीय दंगल में छठे दिन पहली कुस्ती पवन पहलवान व रिजवान गनी के बीच कराई गई जिसमें दोनों के बीच दांव पेंच का खेल चलने के वाद रिजवान गनी पहलवान ने पवन पहलवान को पटकनी देकर जीत अपने नाम दर्ज कर ली। समधन नगर स्थित पूर्वी स्वागत द्वार गेट के नजदीक चल रहे सात दिवसीय दंगल में गुरुवार को देर शाम पांच बजे दंगल कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें कमेटी की ओर से पहली कुस्ती राजस्थान से आये पवन पहलवान व जम्मू-कश्मीर से आये जावेद गनी के बीच कराई गई जिसमें करीब 20 मिनट दांव पेंच का खेल चलने के वाद रिजवान गनी पहलवान ने जीत अपने नाम दर्ज कर ली। दूसरी कुस्ती झुमरी तलैया से आयी महिला पहलवान नम्रता व कन्नौज से आयी महिला पहलवान ज्योती के बीच कुस्ती कराई गई जिसमें दोनों के बीच करीब 15 मिनट तक उठापटक चलती रही आखिर में कन्नौज की ज्योती ने नम्रता पहलवान को पटकनी देकर जीत अपने नाम दर्ज कर ली। तीसरी कुस्ती दिल्ली से आये गोलू पहलवान व बिहार से आये बकरा पहलवान के बीच कराई गई जिसमें करीब 20 मिनट तक दांव पेंच का खेल चलने के वाद बकरा पहलवान ने गोलू पहलवान को हराकर जीत दर्ज कर ली। चौथी कुस्ती जम्मू-कश्मीर से आये रिजवान गनी पहलवान व बिहार से आये बकरा पहलवान के बीच कराई गई जिसमें करीब 40 मिनट तक दांव पेंच का खेल चलने के वाद जावेद गनी पहलवान ने बकरा पहलवान को कड़ी शिकस्त देकर जीत अपने नाम दर्ज कर ली। दंगल में अन्य दिनों के अपेक्षा दंगल को देखने के लिये भारी भरकम भीड़ पहलवानों के दांव पेंच के खेल को देखने के लिये डटे रहे साथ ही पहलवानों का हौसला-अफजाई करते रहे। वाद मे कमेटी के सदस्यों ने विजेता व उपविजेता पहलवानों को माला पहनाकर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# यायिक मजिस्ट्रेट अवनीश गौतम को लिखित ज्ञापन सौंपा



**तालग्राम छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**हजरत मौलाना** पीर सैय्यद अनस मुस्तफा बास्ती साहब की सरपरस्ती में न्यायिक मजिस्ट्रेट अवनीश गौतम को ज्ञापन सौंपा इस दौरान मुफ्ती चांद आलम मंजरी, तालग्राम नगर पालिका अध्यक्ष मोहसिन खान उर्फ जानू, सलीम एडवोकेट, कारी अखलाक अहमद, मेराज, समाज सेवी रेहान खान, मुस्लिम रजा खान, हाफिज इरफान वाहिदी, हाफिज निहाल अंसारी, सलमान राइन, शहजाद, सद्दाम एडवोकेट, इमरान अहमद, नदीम अख्तर, राजू, आदि लोगो की मौजूदगी में न्यायिक मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

# कोलकाता की डॉक्टर बिटिया को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**पुरानी** गल्ला मंडी के गेट पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, किराना एसोसिएशन एवं अन्य व्यापारियों ने कोलकाता की डॉक्टर बिटिया के चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा कोलकाता में ट्रेनी जूनियर डॉक्टर के साथ हुई घटना से लोगों में काफी आक्रोश है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है। इस घटना ने पूरे समाज को हिलाकर रख दिया है। आज हमारी बहन बेटियां पश्चिम बंगाल में कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। इस मौके पर प्रकाश अग्रवाल प्रदेश मंत्री व्यापार मंडल, विवेक गुप्ता, अमित भारतीय, सुशील गुप्ता एसके, वीर गोयल, सुरेश पान वाले, बृजेश, प्रभात मंटू, विजय , कल्लू, प्रभाकर, समीर, नसीम, दिलीप, अरविंद, विमलेश गुप्ता, बंटी मिश्रा, उमाशंकर, शिवम, महेश, नीरज, राहुल, बबलू बिजली वाले, विजय, नन्हे, रविंद्र व सानू सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## युवक से अभ्रदता कर दी धमकी किया पथराव

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम बिर्रा निवासी विपिन शर्मा पुत्र ओमप्रकाश द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 24 अप्रैल को शादी कार्यक्रम में शामिल होने आया उसकी मौसी के लड़का सोनू का मोबाइल फोन गांव के ही मनोज कुमार पुत्र रक्षपाल ने चोरी कर लिया था। जिसकी पंचायत ग्यारह हजार रुपयों में की गई। जिस पर मनोज के माता-पिता ने उससे रुपए उधार ले कर सोनू को दे दिए। विगत 22 अगस्त की शाम मनोज की मां ने फोन करके रुपए ले जाने की बात कही। जिस पर वह रुपए लेने मनोज के घर गया जहां पर मनोज, रक्षपाल व उसकी मां ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए हमलावर हो गए। किसी तरह भाग कर वह अपने घर में घुस गया। पीछा करते हुए आए उक्तगणों ने उसके दरवाजे पर आकर पथराव किया तथा गोली मार देने की धमकी दी है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# विद्युत चेकिंग अभियान में छह पर मुकदमा, वसूले साढ़े तीन लाख

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



**उच्चाधिकारियों** के निर्देश पर विद्युत उपखण्ड अधिकारी ने उपनिरीक्षक व अवर अभियंता सहित विजिलेंस टीम के साथ ग्राम रजलामऊ में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। जिससे ग्रामीणों में हडकम्प मच गया। विद्युत विभाग द्वारा करीब तीन दर्जन कनेक्सन काटे और आधा दर्जन पर कार्रवाई करते हुये लाखों रुपयो की राजस्व बसूली की है। गुरूवार को क्षेत्र के ग्राम रजलामऊ में उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार सिरोही नें उप निरीक्षक टीपी सिंह, अवर अभियंता विकास कुमार एवं विजिलेंस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाते हुये पैंतीस लोगों के केबल विच्छेदन किये और विद्युत चोरी करते रंगे हाथ पकडे गये छह लोगो पर मुकदमा दर्ज कराया। साथ ही साढे तीन लाख रुपयों की राजस्व वसूली की। इस दौरान विजिलेंस टीम वीर बहादुर, टीजीटू विनय कुमार, लाइनमैन संजय यादव, सुमरीत, जावेद आदि मौजूद रहे।

## मुकदमे में समझौते के लिए दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पांच माह पूर्व पुराने मुकदमे में पति ने समझौते के लिए दबाव बनाने के लिए धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीडिता नें कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम ऊंचा पट्टी निवासी पूजा देवी पुत्री राम प्रकाश सैनी द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत पांच माहपूर्व उसने अपने पति सहित दो देवरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें समझौते का दबाव बनाने के लिए उसके पति नें दरवाजे पर आकर अभद्रता व जान से मारने की धमकी दे रहा है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा घटना जांच शुरू कर दी गई है।

# शहर में चलाया चेकिंग अभियान 34 वाहनों के काटे चालान

- यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आनंद के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा सरायमीरा रोडवेज बस स्टैंड के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

जिसमें कई दो पहिया वाहन पर तीन सवारी और कई वाहन चालक वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करते हुए पाए गए। जिनके यातायात पुलिस द्वारा चालान किए गए। वही स्टंट बाजी करने के मकसद से मानक के विपरीत नंबर प्लेट की भी चेकिंग की गई। एक मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार थे। और तीनों भयंकर शराब के नशे में थे। यदि इनको छोड़ा जाता तो कहीं भी दुर्घटना का शिकार हो सकते थे या दूसरे को शिकार बना सकते थे।

यातायात प्रभारी द्वारा मौके पर ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने के बाद मोटरसाइकिल को कोतवाली में निरुद्ध कर दिया गया। अभियान के दौरान 34 वाहनों के चालान किए गए। सभी वाहन चालकों को प्रभारी द्वारा यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। इस मौके पर उप निरीक्षक यातायात रविनंदन माथुर, मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, मुख्य आरक्षी विजय बाबू, आरक्षी धनीराम वर्मा मौजूद रहे।

# युवाओ से संबंधित रोजगार स्कीमों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को समय से लाभ देने हेतु आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किसान भाई 25 अगस्त, 2024 तक धान, मक्का, बाजरा, गेंहू फसलो का बीमा कराकर प्राकृतिक आपदाओं, कीटों और बीमारियों के कारण फसल के नुकसान हेतु सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि पशु पालन, मत्स्य पालन, डेयरी आदि योजनाओ में लोन कराकर लोगो को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायें और क्रेडिट कार्ड बनाकर योजनाओ से जोड़ा जाये। उन्होने अधिकारियो को निर्देश दिये कि 65 प्रतिशत पापुलेशन युवाओ की है, जिसमें बहुत से युवा बेरोजगार है। युवाओ से संबंधित रोजगार स्कीमो का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे युवा रोजगार कर स्वावलंबी बन सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया-1, भारतीय स्टेट बैंक-4, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया-2, पंजाब नेशनल बैंक-03, बैंक ऑफ बडोदा-02, इंडियन ओवरसीज बैंक-02 आदि बैंको के लंबित आवेदनो को समय से निस्तारित किया जाए। इसी क्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (केवीआईसी) के अंतर्गत जिन बैंकों के लंबित आवेदन पत्र हैं उनका समय सीमा के अंदर निस्तारण किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया आदि बैंकों को निर्देश दिए की लंबित आवेदन पत्र का निस्तारण समय से करें। उन्होने ऋण जमा अनुपात की समीक्षा करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक को सी0डी0 अनुपात को बढ़ाए जाने की निर्देश दिए। कैम्प/ चौपाल के माध्यम से लोन के विषय में जानकारी दें। इसके साथ ही लोगों के बीच जाकर अच्छे प्रोजेक्ट बनाकर लोगो को प्रोत्साहित करें और योजनाओं के विषय में बताएं जिससे अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ ले सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा सहित संबधित अधिकारीगण व विभिन्न बैंकों के बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# एआरटीओ व खनन अधिकारी ने ट्रैक्टर ट्राली की सीज

- ई-वेबिल के बिना जाते हुये पान मसाला का ट्रक किया सीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**एआरटीओ प्रवर्तन** सुभाष राजपूत तथा खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह की टीम द्वारा थाना राजेपुर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान खनन सामग्री ढोने वाले ट्रकों के ओवरलोड होने तथा खनन विभाग के प्रपत्रों की जांच की गयी। जांच के दौरान अमृतपुर से आने वाले तथा शाहजहांपुर की ओर जाने वाले एक ट्रैक्टर ट्राली की जांच डबरी तिराहे पर की गयी। जांच में यह पाया गया कि चालक के पास 6 घनमीटर बालू का खनन था। जबकि मापने पर ट्राली में 20 घनमीटर बालू लदी पायी गयी। इस प्रकार ट्राली में लदी 14 घनमीटर बालू अवैध थी। ट्रैक्टर ट्राली को थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया तथा उस पर 1.22 लाख का रुपया का जुर्माना लगाया गया। खनन विभाग द्वारा अलग से कार्यवाही की गयी है।



थाने में खड़ी बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली समृद्धि न्यूज

राजेपुर क्षेत्र में मार्ग चेकिंग के दौरान कानपुर में पंजीकृत एक ट्रक को चेक करने पर पाया गया कि उस पर परिवहन विभाग का एक साल का टैक्स बकाया है। ट्रक में लदे माल के प्रपत्र की जांच करने पर पाया गया कि ट्रक में पान मसाला लदा हुआ है जो असम के कामरूप जिले से दिल्ली ले जाया जा रहा था, परन्तु ट्रक फर्रुखाबाद से अल्लागंज की ओर जा रहा था। चालक द्वारा ई-वेबिल प्रस्तुत नहीं किया गया। चालक ने बताया कि वह माल कानपुर से ला रहा है तथा दिल्ली ले जा रहा है। ऐसे में वाहन में लदे बहुमूल्य पान मसाला का परिवहन जीएसटी की चोरी करते हुये ले जाने का सन्देह हुआ। ट्रक में बिल के अनुसार रू0 11,76,840/- रुपये का माल लदा था। पकड़े गये ट्रक की सूचना स्थानीय राज्य कर विभाग को मोबाइल पर दी गयी एवं तत्काल जांच करने का अनुरोध किया गया। राज्य कर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस ट्रक द्वारा राज्य कर का भुगतान नहीं किया गया है। ट्रक को पकड़कर थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया तथा परिवहन विभाग के अनुसार रू0 17500/- का जुर्माना तथा 20000/- रुपये का कर आरोपित किया गया। राज्य कर विभाग द्वारा अपने कर का आरोपण अलग से किया जायेगा।




ट्रक को सीज करने की कार्यवाही करते एआरटीओ

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**मौरम से** भरे डंपर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना ग्राम प्रधान ने थाना पुलिस को दी।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पुठरी निवासी रविंद्र कुमार उर्फ डाबी पुत्र रघुवंश पांडे अपनी बाइक से कस्बा नवाबगंज किसी बीमार परिजन को अस्पताल में देखने आए थे। जहां से वह वापस अपनी बाइक संख्या यूपी 76एल7190 से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव बांसमाई के पास मोहम्मदाबाद की तरफ से आ रहे हैं ट्रक संख्या यू.पी74एटी0667 के चालक ने रविंद्र उर्फ डाबी की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रविंद्र की बाइक ट्रक के नीचे घुस गयी और ट्रक का पहिया रविंद्र के सिर से निकल गया। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मां मीरा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं बहन लता ने जब भाई की मौत का समाचार सुना, तो वह भी रोने बिलखने लगी। मृतक चार भाई था। जिसमें बड़े भाई पुष्पेंद्र पांडे, सत्येंद्र पांडे, धीरेंद्र पांडे के बाद सबसे छोटा मृतक रविंद्र पांडे पुत्र रघुवंश पांडे था। घटना के बाद बेकाबू ट्रक शिवरतन पुत्र पुत्तू लाल के घर में जा घुसा। जिससे शिवरतन के कमरे का लेंटर टूट गया। वहीं उनके घर के समीप प्रेमवती पत्नी नवरत्न के भी घर में भी काफी नुकसान हुआ है। घटना की सूचना ग्राम प्रधान ने थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर इंस्पेक्टर अमोद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। वहीं ट्रक तथा ट्रक चालक को अपने कब्जे में ले लिया और मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।



मृतक का फाइल फोटो



थाने पर खड़ा मौरम से लदा डंपर

# दो दोस्तों ने खाया जहर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

- मृतक सूरज दिल्ली से युवती को भगाकर लाया था
- बीते दिन दिल्ली पुलिस युवती को बरामद कर ले गयी थी

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज**

**दो दोस्तों ने** जहर खा लिया। दोनों को लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां एक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहल्ला किदवई नगर निवासी दीपांशु शर्मा उर्फ सूरज (19) पुत्र राजाराम और आकाश पाल (18) पुत्र प्रमोद पाल के घर आमने सामने होने के कारण दोनों के बीच दोस्ती थी। आकाश पाल का पिता प्रमोद पाल दिल्ली में नौकरी करता है। वह रक्षाबंधन से पहले आकाश पाल को अपने साथ दिल्ली ले गया था, जबकि उसका दोस्त दीपांशु शर्मा उर्फ सूरज दिल्ली में नौकरी करता था। उसके दिल्ली में एक युवती से प्रेम सम्बन्ध हो गये थे। जिस पर वह युवती को अपने साथ यहां भगा लाया था। रक्षाबंधन के बाद दिल्ली पुलिस ने यहां छापा मारा और युवती को अपने साथ ले गई थी, जबकि दीपांशु शर्मा उर्फ सूरज को छोड़ दिया था। बताते हैं कि गुरुवार को सुबह करीब 7.30 बजे दीपांशु शर्मा उर्फ सूरज और आकाश पाल घर से निकल गये और बेवर रोड के पास दोनों ने जहर खा लिया। घटना की सूचना पर पहुंचे आकाश पाल के पिता दोनों को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने दीपांशु शर्मा उर्फ सूरज को मृत घोषित कर दिया, जबकि आकाश पाल की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है। घटना के संबंध में चर्चा है कि सूरज शर्मा व आकाश पाल एक ही युवती से प्रेम करते थे। शायद इसीलिए दोनों ने जहर खा लिया होगा। जिससे सूरज शर्मा की मौत हो गयी, जबकि आकाश पाल जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। मृतक की मौत पर माता कुंती का रो-रोकर बुरा हाल है।





# लोहिया अस्पताल की नाली के चेम्बर में पड़ा मिला युवक का शव



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**लोहिया अस्पताल** की नाली के चेंम्बर में युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार लोहिया अस्पताल आइसोलेशन वॉर्ड के पीछे महिला ओटी के पश्चिम की तरफ पानी के चेंम्बर में अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की सूचना थानाध्यक्ष कादरीगेट अवध नारायण पांडे को दी। जिस पर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। काफी प्रयास के बात भी युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# खबरें चलते-चलते

## महिला को लिफ्ट देने के बहाने लूटे जेवरात



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइक सवार लुटेरों ने महिला को लिफ्ट देने के बहाने तमंचे से धमकाकर उसके जेवरात लूट लिये और फरार हो गये। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव उखरा बीसपुर थाना नवाबगंज निवासी नन्हीं पत्नी नन्हेलला 18 अगस्त को सुबह अपने गांव से गंगा नहाने के लिए नवाबगंज पहुंची। जहां से टेंपो में बैठकर सुबह 9.00 बजे फैजबाग होते हुए आ रही थी। रास्ते में ढाईघाट के लिए सवारी न मिलने के इंतजार में खड़ी थी, तभी वहां वीरेन्द्र दास यादव बाबा पुत्र कल्याण सिंह जो गंगाजी ढाईघाट पुल के पास रहता है तथा ग्राम भौरा नगला थाना मिर्जापुर जिला शाहजहांपुर का मूल निवासी है, वह मोटरसाइकिल अपाचे नंबर यू.पी.8एल0720 से अपने साथी के साथ आया और महिला से कहा कि आपको कहां जाना है। जिस पर महिला ने कहा कि वह गंगाजी जा रही है और सवारी के इंतजार में खड़ी है। जिस पर बाबा ने उससे कहा हम दोनों गंगा जी पर रहते है। चलो मेरी मोटर साइकिल पर बैठ जाओ। हम तुमको गंगाजी पर छोड़ देंगे। जिस पर महिला उसकी मोटर साइकिल पर बैठ गयी। ग्राम विरियाढांडा के आगे पहुंची, तभी मोटरसाइकिल सवारों ने रोककर मुझको तमंचे से धमकाते हुए कहा कि जो कुछ भी दे दो, नहीं तो गोली मार देंगे। महिला ने डर की वजह से एक सोने की लर व सोने के झाले जो पहने थी वह उतारकर दे दिये तथा 500 रुपये जो नकद थे वह भी दे दिये और फरार हो गये। पीड़ित महिला थाने पहुंचे और घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी।

## बुद्ध अम्बेडकर सामाजिक सेवा समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बुद्ध अम्बेडकर सामाजिक सेवा समिति के पदाधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।जिसमें कहा है कि दिनांक 1 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा एस0सी0/एस0टी0 आरक्षण के उप वर्गीकरण पर 7 न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ द्वारा दिए गये फैसले से देश में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजति के लोगों को पुनः उपवर्गीकरण दिये जाने की मान्यता प्रदान की गई है। जिसको लेकर और भी बहुत सारी बातें कही गयी हैं। उक्त निर्णय से बुद्ध अम्बेडकर सामाजिक सेवा समिति सहमत नहीं है। समस्त अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति आप से निवेदन करती है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये निर्णय जिसमें उपवर्गीकरण व क्रीमीलेयर सहित इन वर्गो के आरक्षण के सन्दर्भ में परिवर्तन किया गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में संसद का विशेषसत्र बुलाकर निरस्त कराने एवं आरक्षण के मूल स्वरुप जो कि 1 अगस्त 2024 से पहले लागू था उस स्वरुप को बहाल कराने एवं आरक्षण को संविधान की नौवीं सूची में दर्ज कराने की मांग की। इस दौरान दुर्गेश जाटव, अजय भारती, वुद्धपाल, सुशील कुमार, सादिक, सचिन कुमार, विजय कुमार, अमन, अनुराग सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।

## करंट से युवक झुलसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव बरझाला निवासी नीलेश कुमार उम्र 22 वर्षीय पुत्र कैलाश चन्द्र विद्युतत करन्ट की चपेट में आकर झुलस गये। उन्हें परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया।

# गरीब बच्चों को शिक्षित बनाना मेरा उद्देश्य: डा0 अनुराग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विशलेषण समाचार के अंक में शिक्षा की प्रहरी बने कन्हैया

## शिक्षा के प्रहरी

लाल रामसरन रस्तोगी इंटर कालेज के सहायक अध्यापक डा0 अनुरग मिश्र ने बताया कि सब की खातिर जो जिया करते है, लोग कुछ ऐसे हुआ करते है। सैकड़ों साल उम्र हो उनकी हम सब यही दुआ करते है। यह पंक्तियां

## हॉवी- पढ़ना व पढ़ाना आदि

डा0 अनुराग मिश्र पर सटीक बैठती है। क्योंकि वह अपने बड़े भाई स्व0 अनूप कुमार मिश्र को अपना आदर्श मानकर उनकी प्रेरणा से निरंतर आगे बढ़े और हर कार्य को अपना आधार मान लिया। छोटी सी उम्र में पिता का साया उठ गया। बड़े भाई ने जिम्मेदारी संभाली और अपने छोटे भाई अनुराग को पढ़ाकर शिक्षक बनाया। उनके अहम योगदान के लिए अनुराग हमेशा उनका शुक्र अदा करते रहते है। हाईस्कूल की शिक्षा भारतीय कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नीमकरोरी में 1996 में पूर्ण की। इंटर की पढ़ाई श्याम लाल इंटर कालेज कन्नौज 1998 में पूर्ण की। बीए की पढ़ाई पीएसएम डिग्री कालेज कन्नौज से की। एमए 2005 में कानपुर यूनिवर्सिटी से किया। साथ ही 2002 में डा0 बीआरए कालेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन आगरा से बीएड किया। 2012 में सीएमजे यूनिवर्सिटी मेघालय से पीएचडी की। प्रथम तैनाती 1 मई 2003 को रस्तोगी इंटर कालेज में हुई। तब से अब तक वहीं पर अध्यापन कार्य कर रहे है। उन्होंने बताया कि मेरे पिता अवधेश चन्द्र मिश्र नीमकरोरी विद्यालय में हेड मास्टर थे, उनका निधन 1997 में हो गया। पूरी जिम्मेदारी मेरे बड़े भाई अनूप कुमार मिश्र ने संभाली और 2020 में उनका भी देहांत हो गया। उनके बाबा स्व0 रामशंकर मिश्र भी शिक्षक थे। उनकी प्रेरणा से ही पूरा परिवार शिक्षा से जुड़ा। अंग्रेजी भाषा में मेरा शुरु से ही लगाव था। मेरे द्वारा पढ़ाये गये कई बच्चे कई विभागों में विभिन्न पदों पर कार्यरत है। गरीब बच्चों की फीस अपने पास से भरता हूं और पठन-पाठन की सामग्री भी उपलब्ध कराता हूं। शिक्षक संघ में सदस्य का दायित्व रहा और प्रदेश कार्यकारिणी में भी सदस्य रहा। मेरी सभी शिक्षकों के हित के लिए सरकार से मांग है कि पुरानी पेंशन बहाल की जाये। जिससे वह अपना बुढ़ापा अच्छे ढंग से जी सकें। मेरी पत्नी रुचि बाजपेयी भी प्राथमिक विद्यालय नेकपुर कला में प्रधानाध्यापिका है। उनका भी सहयोग हमें पूर्ण रुप से मिलता रहता है। मुझे फल खाना बहुत पसंद है।

नाम- डा0 अनुराग मिश्र
पद-सहायक अध्यापक कन्हैया लाल रामसरन रस्तोगी इंटर कालेज फर्रु0
पिता- स्व0 अवधेश चन्द्र मिश्र
योग्यता- एमए, बी.एड., पीएचडी
प्रेरण श्रोत-स्वामी विवेकानंद
हावी- पढ़ना व पढ़ाना
तैनाती- रस्तोगी इंटर कालेज फर्रुखाबाद।
सम्मान- जिला स्तर पर सम्मान व शिक्षक संघ द्वारा सम्मानित
उद्देश्य- छात्रों पर अनुशासन रखना व शासन की योजना का क्रियांवन करना
कार्य- समय-समय पर गरीब व निर्धन छात्रों की मदद करना और आगे बढ़ाना।



डा0 अनुराग मिश्र
सहायक अध्यापक
रस्तोगी इंटर कालेज, फर्रुखाबाद



विद्यालय के शिक्षकों के साथ डा0 अनुराग मिश्र

शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।

# भारतीय किसान मजदूर यूनियन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** मजदूर यूनियन ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें 11 सूत्रीय मांगों का समाधान किये जाने की मांग की गयी।

दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि एम.एस.पी.सी.टू. मय 50 प्रतिशत खरीद पर सक्षम गारन्टी कानून जल्द बनाया जाये, डा0 एम.स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को पूर्ण रुप से लागू किया जाये, किसान व मजदूर को पूर्ण रुप से कर्जा मुक्त किया जाये, मनरेगा स्कीम को कृषि के साथ जोड़ा जाये तथा 200 दिन का रोजगार व 700 रुपया मजदूरी प्रतिदिन की जाये, देश की मुख्य नदियों को आपस में जोड़कर कृषि के लिए नहरी पानी व जनमानस के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराया जाये, 60 वर्ष की आयु से ऊपर के किसान मजदूर को 5000/- रुपया मासिक वृद्धा पेंशन व 50,000/- मेडिकल इंश्योरेंस गारन्टी दी जाये, किसानों को निजी नलकूप से सिंचाई के लिए कम से कम 20 घंटे बिजली दी जाये, फर्रुखाबाद जिले में तहसील कायगमंज व तहसील अमृतपुर बाढ़ क्षेत्र है, जांच कर बाढ़ पीड़ितों को सहायता दी जाये, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाये, अग्निवीर योजना को बन्द किया जाये, ब्लाक राजेपुर के गांव नगला पंचम में लगभग 150 मीटर सी.सी. गली का निर्माण हुआ जिसमें एक भी तरफ नाली नहीं बनी है। जिससे घरों में पानी भर रहा है। इसलिए गली का निर्माण कराया जाये आदि मांगें शामिल हैं। इस मौके पर अवधेश कुमार यादव जिलाध्यक्ष, रामरुप, राम लड़ैते, विनोद कुमार, सुरेंद्र पाल सिंह, उदयवीर सिंह, फूलनश्री,, शिवपाल सिंह, इंस्पेक्टर सिंह, राजेश सिंह यादव, प्रमोद सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

# कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने 22 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कलेक्ट्रेट कर्मचारियों** ने कलेक्ट्रेट परिसर में उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर एक दिवसीय धरना देकर 22 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में मांग की गयी कि जनपद मुख्यालय स्तर पर कलेक्ट्रेट का नाम जिलाधिकारी के स्थान पर मिनी/जनपद सचिवालय रखा जाये, कलेक्ट्रेट लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों को नायब तहसीलदार के 10 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति प्रदान की जाये, नवीन पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाये, नवसृजित जनपद एवं तहसीलों में उत्तर प्रदेश जिला कार्यालय (कलेक्ट्रेट) लिपिक वर्ग सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2011 द्वारा प्रख्यापित पदों का सृजन किया जाये तथा पूर्व में समस्त जनपदों/तहसीलों में अस्थायी स्वीकृत पदों को स्थायी किया जाये, संघ के कार्यालय हेतु दारुलसफा में कक्ष आवंटित किया जाये, समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धान्त के आधार पर कलेक्ट्रेट कर्मियों को भी सचिवालय के बराबर वेतन भत्ते दिये जायें, उपार्जित अवकाश 300 दिन संचित करने की बाध्यता को समाप्त करते हुए पूर्व की भांति पूर्ण अवशेष उपार्जित अवकाश लेखा तैयार करने एवं तद्नुसार भुगतान/उपभोग किये जाने की व्यवस्था बनायी जाये, सहित कुल 22 मांगें शामिल हैं। इस मौके पर नवनीत कुमार बिसारिया, पंकज यादव, सुशील कुमार, डॉ0 रंजना, अजय राठौर, ऋतुराज, आशीष पाल, अमन यादव, आशीष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कलेक्ट्रेट कर्मचारी समृद्धि न्यूज

## महिला समेत दो ने खाया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव सैथरा निवासी मन्जू देवी उम्र 35 वर्षीय पत्नी विशुन दयाल ने घरेलू कलह से क्षुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर निवासी शवा उम्र 18 वर्षीय पुत्री हसमुद्दीन ने भी जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। दोनों की हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे और भर्ती कराया।

## गुमशुदा की तलाश

**नामः रामू पुत्र रामवीर**



गुमशुदा का हुलिया
रंग- साफ गोरा
लम्बाई- 5-6 फुट
पहनावा- सफेद शर्ट व काली पेंट

रामू दिमाग से आंशिक परेशान है और वह कुछ दिन पहले कहीं गुम हो गया है। जिस किसी को पता चले तो इस नम्बर पर सूचना दें। **मो0: 9118646593 रामवीर निवासी चांदपुर, थाना नवाबगंज, जिला फर्रुखाबाद।**

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिन्दू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन कर पीएम को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बांग्लादेश** में हिन्दुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे शारीरिक, आर्थिक, धार्मिक शोषण व अत्याचारों के विरोध में हिंदू रक्षा समिति प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची और प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन देने से पूर्व हिन्दू रक्षा समिति व हिन्दू संगठनों ने जेएनवी तिराहे से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। रैली में लोग हाथों में तख्तिया लिये थे। जिस पर लिखा बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो, बांग्लादेशी हिन्दू भाईयों का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान आदि नारे लिखे थे।

दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों व उनके पवित्र पूजा स्थलों पर लगातार हमले हो रहे है। उत्पीड़न, शोषण व मानवीय अत्याचारों से समस्त बांग्लादेशी हिन्दू व अन्य अल्पसंख्यक व्यक्ति पीड़ित है। बांग्लादेश में अराजकता तथा निष्प्रभावी कानून व्यवस्था के कारण अतिवादी जिहादी तत्वों द्वारा बड़े पैमाने पर हिन्दुओं का आर्थिक तथा शारीरिक शोषण किया जा रहा है। हिन्दुओं को लक्ष्य मानकर उनके धार्मिक तथा व्यवसायिक पर लूट व तोड़फोड़ की जा रही है। ऐसी घटनायें बांग्लादेश में प्रायः होती रहती थी, परन्तु ध्वस्त सरकारी व्यवस्था के चलते ऐसी घटनाओं ने विभत्स रुप ले लिया है। कट्टरपंथी जिहादियों द्वारा बहन-बेटियों तथा छोटे-छोटे बच्चों पर भी किये जा रहे कृत्यों के चित्र देखकर हिन्दू समाज आक्रोशित है। विरोध प्रदर्शन के दौरान जय श्री राम, भारत माता की जय के नारे लगाये गये। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस, फर्रुखाबाद कोतवाली पुलिस, थाना मऊदरवाजा पुलिस सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। विश्व हिंदू परिषद के युवा जिला अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने कहा कि वह केंद्र सरकार से मांग हैं कि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को रोका जाए। सरकार हिंदुओं के संरक्षण का काम करें। दुनिया भर के हिंदू एक हैं। इस अवसर पर करणी सेना जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर, विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री सुशील चौहान, जितेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह राठौड़ के अलावा विजय शंकर सिंह चौहान, विजय कटियार, सुरेश यादव, उमेश गुप्ता सहित सरदार पटेल युवा वाहिनी सहित दर्जनों संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं अखिल भारतीय संत समिति के साधु संत ने बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे शारीरिक, आर्थिक, धार्मिक शोषण व अत्याचारों के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन अतिरित मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में महंत दशरथपुरी, महंत सुरेश दास, लालाराम, महंत सरजूदास, ओमकार दास, मनीष प्रताप सिंह, विधुशेखर मिश्र, अनिलेश मिश्र, रामचन्द्र गिरी, पद्मपुरी, विजयपुरी, राकेश सिंह उर्फ मुन्ना आदि के नाम शामिल है।


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय संत समिति के पदाधिकारी समृद्धि न्यूज


विरोध प्रदर्शन करते हिन्दू रक्षा समिति के पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधौली निवासी एक व्यक्ति ने थाना कमालगंज में दर्ज कराये गये मुकदमे में रहा कि उसकी नाबालिग 15 वर्षीय पुत्री जो वर्तमान समय में जूनियर हाई स्कूल सिधौली में कक्षा 8 की छात्रा है। वह 17 अगस्त को स्कूल जा रही थी, तभी रास्ते में कल्लू उर्फ अपर्ण पुत्र राम किशोर एवं प्रमिला उर्फ बिट्टी देवी पत्नी रामकिशोर, आरती पत्नी गोल्लन पुत्री रामकिशोर, संतोष पुत्र जगन्नाथ समस्त निवासीगण जेमा अटारे थाना सदर जनपद कन्नौज एवं रामकिशोर का दामाद गोल्लन पुत्र नामालूम बोलोरो गाड़ी से आए एवं मेरी पुत्री को शादी के लिए बहला-फुसलाकर भगा ले गए। उक्त घटना को खुशी पुत्री बबलू ने देखा और मुझे जानकारी दी। लोकलाज के के चलते मैंने उपरोक्त लोगों से संपर्क किया और अपनी नाबालिग पुत्री को वापस करने के लिए कहा, लेकिन उपरोक्त लोग तैयार नहीं हुए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### महिला के साथ अश्लील हरकतें करने में दो भाइयों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पति ने गांव के ही राम खिलाड़ी व भगवानदास पुत्रगण बाजीलाल के विरुद्ध घर में घुसकर छेड़छाड़, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 12 अगस्त की रात 9.30 बजे मेरी पत्नी बच्चों के साथ घर पर लेटी थी, तभी उपरोक्त आरोपितों ने घर में घुसकर मेरी पत्नी को गलत नियत से दबोच लिया और उसके साथ अश्लील हरते करने लगे पत्नी के विरोध करने पर गाली-गलौज करने लगे। मैं छत पर लेटा था चीखने चिल्लाने की आवाज पर मैं छत से नीचे आया और देखा कि उक्त दोनों आरोपित गाली गलौज कर रहे हैं। जब मैने विरोध किया तो आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दरोगा रवी सोलंकी के सुपुर्द कर दी।

### सपा की बैठक 25 अगस्त को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी आवास विकास कार्यालय पर 25 अगस्त रविवार को सुबह 11 बजे बैठक होगी। जिसमें सपा के पूर्व सांसद, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, पूर्व एवं वर्तमान ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, विधानसभा अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, समस्त फ्रंटल संगठनों के जिलाध्यक्ष, फ्रंटल संगठनों एवं प्रदेश कमेटी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी एवं समस्त वरिष्ठ नेतागण बैठक में अपनी सहभागिता अवश्य करें। बैठक की निगरानी प्रदेश नेतृत्व करेगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने दी है।

### रोजगार मेला 23 व 28 अगस्त को आईटीआई कालेज में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार मेले का आयोजन 23 व 28 अगस्त को होगा। 23 अगस्त रोजगार मेले में हीरो मोटर्स कम्पनी भाग लेगी। 28 अगस्त को श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लि0 कम्पनी भाग लेगी। 400 रिक्तियों के लिए अभ्यार्थियों का चयन होगा। अभ्यार्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ आईटीआई स्कूल में प्रातः 10 बजे 23 व 28 अगस्त को पहुंचे। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### नौरेजपुर के किसान गौशाला केयर टेकर की स्वेच्छाचारिता से परेशान

**जालौन (उरई)।** गोशाला का केयर टेकर गोशाला से जानवरों को अन्ना छोड़ देता है। जिससे जानवर फसल में घुसकर फसल को बर्बाद कर रहे हैं। पीड़ित किसान ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर गोशाला से पशुओं को अन्ना छोडने वाल केयर टेकर के विरूद्ध कार्रवाई करने एवं गोशाला में ही पशुओं को बंद रखे जाने के लिए निर्देशित किए जाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम नौरेजपुर निवासी किसान लालसिंह ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में अस्थाई गोशाला बनी हुई है। गोशाला में केयर टेकर की भी नियुक्ति है। बताया कि गोशाला के पास ही उनका और अन्य किसानों का खेत है। जिसमें उन्होंने तिली और ज्वार की फसल बोई है। आरोप लगाया कि गोशाला में नियुक्त केयर टेकर गोशाला में बंद जानवरों को अक्सर अन्ना छोड देते हैं। यह अन्ना जानवर खेतों में घुसकर फसल को नष्ट कर देते हैं। जिससे किसानों को आर्थिक क्षति पहुंच रही है। वह जीविकोपार्जन के लिए खेत की फसल पर ही निर्भर हैं। यदि फसल ही नष्ट हो गई तो फिर भरण पोषण में भी दिक्कत होगी। इस बाबत केयर टेकर से बात करने पर वह झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित किसान ने एसडीएम से गोशाला से पशुओं को अन्ना छोड़ने वाले केयर टेकर के खिलाफकार्रवाई करने एवं गोशाला से पशुओं को अन्ना न छोड़ने के लिए निर्देशित किए जाने की मांग की है।

# वक्फ विधेयक सभी की राय से बनाया जाना चाहिये: नैय्यर मिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मुस्लिमो की** वक्फ अपनी संपत्तिहै, स्कूल, अस्पताल, मदरसे के लिए वक्फ की जमीन होती है। मै वर्तमान विधेयक का समर्थन नहीं करता हूं। यह बात राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय उलेमा एवं सदस्य मसाइख बोर्ड व अजमेर दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष अम्मार अहमद अहमदी उर्फ नैय्यर मिया सज्जादानशीन रुदौली शरीफ फैजाबाद ने कही। मुस्लिम समाज के लोग ही वक्फ संपत्ति पर कब्जा करने, बेंचने या किराए पर उठाने पर लगे हुए हैं इस पर नैय्यर मिया ने कहा कि केंद्र सरकार ने वक्फ विधेयक के लिए संयुक्त समिति का गठन किया है जो वक्फ के लिये सभी से विचार विमर्श करके विधेयक का मसौदा तैयार करेगा। दरगाह बोर्ड की मांग हमने रखी है जिसमे 42 नियम है जिसे भी लागू किया जाए। भाजपा सरकार ने सीधे विधेयक न पारित कराकर 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय कमेटी के गठन की घोषणा करके सराहनीय कार्य किया है। जिनके पास हम कई कमेटी के लोग अपनी राय भी दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि पुरानी सरकारों ने 55 वर्षो से दरगाहो, खानकाहो पर काफी जुर्म व शोषण किए है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत द्वारा शरण दिए जाने पर कहा कि भारत बांग्लादेश के संबंध काफी पुराने हैं। बांग्लादेश को स्थापित करने में भारत का बहुत बड़ा योगदान है। इस कारण भारत ने शेख हसीना को शरण दी है। मदरसों के सर्वे पर कहा कि मदरसों में सुधार के लिए सरकार मदरसों का सर्वे करा रही है। इस मौके पर दरगाह के सज्जादा नशीन, सूफी हाजी मोहम्मद शरीफ उर्फ मोहब्बत शाह, नायब सज्जादानशीन, मोहम्मद वसीम मिया आदि मौजूद रहे।


वार्ता करते नैय्यर मिया समृद्धि न्यूज

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में चंद्रयान-3 प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


प्रबंधक व प्रधानाचार्य के साथ छात्र-छात्रायें समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गुरुकुल** वर्ल्ड स्कूल में प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला के मार्गदर्शन में छात्रों ने चंद्रयान-3 प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। चंद्रमा पर भारत की सफलता मनाते हुए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में एन0सी0ई0आर0टी नई दिल्ली ने 17 अक्टूबर 2023 को एक पोर्टल अपना चंद्रयान लॉन्च किया था। इस पोर्टल का उद्देश्य मनोरंजक गतिविधियों का उपयोग करते हुए बच्चों को चंद्रयान-3 के विषय में जागरूक करना है। बच्चों ने आज पिक्चर बिल्डर, क्विज आदि में भाग लिया। विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं छात्रों को प्रोत्साहित किया।

# आधुनिक कैमरों की कार्यशाला का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**फर्रुखाबाद फोटो** क्लब व एक कम्पनी द्वारा फोटोग्राफी उपकरण आधुनिक प्रणाली को लेकर कैमरा कार्यशाला का एक स्टूडियो में आयोजन हुआ। कैमरा विशेषज्ञ पंकज बाजपेयी द्वारा कई कैमरे के माडलों का प्रदर्शन किया गया। उसकी आधुनिकता प्रणाली की जानकारी दी गई। 45.7 मेगा पिक्सल दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कैमरे की श्रेणी में आता है। साथ ही फोटो खींचने की विधि एवं संवाद प्रदर्शित किया गया। फोटो खींचने की विधियां एडीटिंग फोटो की क्वालिटी पर कार्यशाला में फोटोग्राफरों को जानकारियां दी गई। साथ ही परिवर्तन करने का अनुरोध किया गया। फोटोग्राफर एसोसिएशन जोन के प्रभारी अमित राठौर ने विचार रखे। इस मौके पर विष्णु श्रीवास्तव, प्रदीप शाक्य, बृजेश, रवि, अभिषेक, संदीप चौहान, आकाश, अर्जुन, सोनू शुक्ला, नंदकिशोर चौरसिया, नीलू कटियार, रविन्द्र भदौरिया, अनुराग पाण्डेय आदि फोटोग्राफर मौजूद रहे।


कार्यशाला में मौजूद फोटोग्राफर

# एआरटीओ प्रवर्तन ने डग्गामार बस पकड़कर रोडवेज बस अड्डे पर किया सीज

▸ बिना फिटनेस संचालित 13 ऑटो पकड़े

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**परिवहन विभाग** के प्रवर्तन दल तथा एआरएम रोडवेज की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये जयपुर से आने वाली एक डग्गामार बस का चालान कर रोडवेज बस अड्डे पर सीज किया गया। मुखबिर की सूचना पर एआरएम रोडवेज राजेश कुमार ने एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत से सम्पर्क कर बताया कि एक डग्गामार बस जयपुर से सवारियां लेकर फर्रुखाबाद व कमालगंज जा रही है। सूचना पर तत्काल टीम का गठन किया गया तथा कायमगंज की ओर से आते हुये अरूणाचल प्रदेश में पंजीकृत एक डग्गामार बस को चेक किया गया। चेक करने पर पाया कि सवारियों पर अलग-अलग स्थान के टिकट थे। जब बस के प्रपत्रों की जांच की गयी तो बस पर परमिट नहीं पाया गया तथा चालक के पास ड्राइविंग लाइसेन्स नहीं था। बस को सीज करते हुये उस पर 56750 रुपये का जुर्माना लगाया गया। बस का तकनीकी निरीक्षण भी कराया जायेगा। जनपद में बिना फिटनेस संचालित 13 ऑटो रिक्शा को भी चालान कर सीज किया गया तथा इन पर 91000 रुपये का जुर्माना लगाया तथा 15000 रुपये का टैक्स वसूला गया।



पकड़ी गयी डग्गामार बस मौजूद अधिकारीगण

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान का कायमगंज में हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उत्तर प्रदेशीय** प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक कायमगंज की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान ने की व संचालन योगेन्द्र कुमार ने किया। कायमगंज पहली बार आये जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। स्वागत से गदगद हुए अवनीश चौहान ने संघ पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षकों की सभी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान कराया जाएगा। ब्लाक कायमगंज के शिक्षकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया और समस्यायें बतायी। बैठक को जिला सह संयोजक राजकिशोर शुक्ल और निर्देश गंगवार ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अश्विनी चतुर्वेदी, रहबर हुसैन, राजवीर, लक्ष्मी देवी, फारिया, अर्चना, उदय यादव, संजीव बर्धन, पूर्णेश मिश्रा, हेमलता, गजेन्द्र सिंह, अश्वनी यादव, गौरव, नितिन मिश्रा, अमित, संदीप सिंह, मुन्नीदेवी, अनुराग पाठक आदि लोग मौजूद रहे।


अवनीश चौहान का स्वागत करते शिक्षक समृद्धि न्यूज

# भाकियू महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ने महिलाओं को बांटे मनोनयन पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज गुट महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह, जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह पवन के आदेशानुसार अपनी जिला कमेटी का गठन कर पदाधिकारियों को नियुक्ती पत्र देकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। सोनी शुक्ला ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों के हित की रक्षा के लिए हम हमेशा तैयार है। ऐसे में जो भी समस्या आती है उसका निराकरण किया जायेगा। सभी महिलाओं ने भाकियू जिंदाबाद के नारे लगाये। महिला मोर्चा की कमेटी गठित होने के दौरान सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे गये। साथ ही सोनी शुक्ला ने महिला पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलायें मौजूद रही।



मनोनयन पत्र के साथ भाकियू महिला मोर्चा की पदाधिकारी

# समस्याओं को लेकर भाकियू बलराज गुट ने सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन बलराज के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह पवन के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर तीन सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि ग्राम पंचायत भोजपुर विकासखंड कमालगंज के ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा निर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्यों के फर्जी निशानी अंगूठा व हस्ताक्षर कार्रवाई रजिस्टर व एजेंडा रजिस्टर पर बनाकर समितियों का गठन किया गया। जिसकी शिकायत निर्वाचित सदस्यों द्वारा में शपथ पत्र व हलफनामे के साथ की गई थी, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा बराबर ग्राम प्रधान व सचिव को बचाया जा रहा है। जहानगंज प्राइमरी पाठशाला स्कूल के पास जल भराव के कारण किसानों के बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभी तक निस्तारण नहीं किया गया है। शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई है। इस मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, सर्वेश सिंह यादव, एनए खान, अनुराग कुशवाहा, पंकज यादव, धीरेंद्र यादव, उज्जवलकांत, प्रताप सिंह, मुकेश कुशवाहा, केशव राजपूत, नाहर सिंह, शाहदाव खां आदि मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

# हिन्दी साहित्य भारती की बैठक में दी गई जिम्मेदारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय महाविद्यालय** के सभागार में अंतरराष्ट्रीय संस्था हिंदी साहित्य भारती इकाई की बैठक डॉ0 कृष्णकांत अक्षर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संस्था की महामंत्री भारती मिश्रा ने सभी उपस्थित सभी सदस्यों से संस्था के हित में तन मन धन से सहयोग करने की अपील की। आने वाले सितंबर माह में हिंदी तथा भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता एवं सभी का ध्यान आकर्षित करने हेतु विभिन्न स्तरों पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करने की बात कही। उन्होंने कहा की साहित्यकार के रूप में हम सब की माहिती जिम्मेदारी है की हिंदी तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण हेतु जो भी संभव प्रयास हो हम सबको मिलकर करना ही चाहिए। डॉ0 आलोक बिहारी शुक्ला ने समस्त महाविद्यालयों में कराए जाने वाले कार्यक्रमों की कमान अपने हाथों में संभालने की जिम्मेदारी ली। अमृतपुर से आए प्रेम सागर चौहान तथा डॉ0 पी0डी0 शुक्ला ने राजेपुर तथा अमृतपुर में अपने संयोजन में कार्यक्रम कराने की जिम्मेदारी ली। पूर्व प्रधानाचार्य श्रीनिवास मिश्र ने फतेहगढ़ तथा कुलभूषण श्रीवास्तव ने फर्रुखाबाद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने की जिम्मेदारी ली। डॉ0 प्रभात अवस्थी ने कहा की हिंदी की आत्मा को समझना और समझाना ही हम सब का प्रयास होना चाहिए। अक्षर ने कहा कि आज हम सब अपने वरिष्ठ साहित्यकारों को वह उनकी कृतियों को पढ़ने में रुचि खो चुके हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से इस रुचि को जागृत करने का हर संभव प्रयास करना है। वंदे मातरम गीत के साथ बैठक का समापन हुआ।



कार्यक्रम को सम्बोधित करती भारती मिश्रा समृद्धि न्यूज




आंध्र प्रदेश विस्फोट हादसा

# जान गंवाने वालों के परिवारों को मिलेंगे एक-एक करोड़

एजेंसी, विशाखापट्टनम।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को अच्युतापुरम एसईजेड के दुर्घटना पीड़ितों से मुलाकात करने मेडिकवर हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने वहां इलाज करा रहे घायलों से मिलकर डॉक्टरों से बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार उनके उचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय करेगी। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। उन्होंने गंभीर रूप से घायलों को 50 लाख रुपये और मामूली चोटों वाले लोगों को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया।

सीएम नायडू ने घटना के पीड़ितों को इलाज के दौरान बहादुर बनने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने पीड़ित परिजनों से बात। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अस्पताल के बाहर मीडिया से बात की। उनका कहना कि फार्मा कंपनी में हुई घटना बेहद दुखद और परेशान करने वाली थी। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई और 36 लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि घायलों में 10 गंभीर रूप से घायल और 26 मामूली रूप से घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि राज्य सरकार सभी पीड़ितों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे। हम उन लोगों के लिए प्लास्टिक सर्जरी भी करवाएंगे और जिन्हें इसकी आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि राज्य सरकार गंभीर रूप से घायल लोगों को 50 लाख रुपये और मामूली चोटों वाले लोगों को 25 लाख रुपये का मुआवजा देगी। भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन काल में पिछले पांच वर्षों में सारी व्यवस्थाएं नष्ट हो गई हैं। यह दुर्घटना उसी का परिणाम है। सीएम ने कहा कि जांच के आदेश दिए गए हैं। दूसरी ओर, राज्य मंत्री पल्लू रविंद्र ने कहा कि अच्युतापुरम एसईजेड हादसे में घायल हुए मजदूरों का सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि अनाकापल्ली के उषा प्राइम हॉस्पिटल में 18 लोगों का इलाज चल रहा है। 10 लोगों का इलाज अच्युतपुरम के एक निजी अस्पताल में और 7 लोगों का इलाज विशाखापट्टनम के मेडिकेयर में चल रहा है। राज्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के विशेष प्रधान सचिव कृष्णा बाबू कल देर रात अनाकापल्ली पहुंचे और उषा प्राइम अस्पताल में इलाज करा रहे पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ितों को मिल रहे इलाज के बारे में डॉक्टरों से बात की। इस हादसे में मारे गए 17 लोगों के शव गुरुवार सुबह विशाखा केजीएच और अनाकापल्ली सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाये गए। इनमें 12 शव विशाखा केजीएच और 5 शव अनाकापल्ली सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित किये गए हैं। अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि शवों को आज शाम तक पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जायेगा।



- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने मेडिकवर हॉस्पिटल में इलाज करा रहे घायलों से मिलकर डॉक्टरों से की बात
- गंभीर रूप से घायलों को 50 लाख और मामूली चोटों वाले लोगों को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान

### पीएम मोदी अनकापल्ली हादसे से दुखी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली की एक फार्मा कंपनी में हुए हादसे पर शोक व्यक्त किया है। साथ ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से अनुग्रह राशि की घोषणा भी की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार सुबह यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि अनकापल्ली में एक फैक्टरी में हुए हादसे में लोगों की मृत्यु से आहत हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## देश के विभिन्न हिस्सों में 10 दिनों में 900 दुष्कर्म की घटनाएं : अभिषेक

एजेंसी, कोलकाता।



तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि पिछले 10 दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों में करीब 900 दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं।

श्री बनर्जी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कहा कि पिछले 10 दिनों में पूरा देश आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की घटना के खिलाफ प्रदर्शन और न्याय की मांग कर रहा है, वहीं देश के विभिन्न हिस्सों में करीब 900 दुष्कर्म की घटनाएं हुई है। जब लोग इस भयानक अपराध के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे थे, तब दुख की बात है कि स्थायी समाधान पर अभी भी काफी हद तक चर्चा नहीं हुई है।

डायमंड हार्बर से सांसद ने कहा कि प्रत्येक दिन 90 दुष्कर्म की घटनाएं, हर घंटे चार और हर 15 मिनट में ऐसी एक घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में स्पष्टतया निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है।हमें ऐसे मजबूत कानूनों की आवश्यकता है जो 50 दिनों के भीतर सुनवाई और दोषसिद्धि को अनिवार्य बनाएं, जिसके बाद कठोरतम दंड दिया जाये, न कि केवल खोखले वादे किये जायें। राज्य सरकारों को कार्रवाई करनी चाहिए और केंद्र पर एक व्यापक बलात्कार विरोधी कानून बनाने के लिए तत्काल दबाव डालना चाहिए जो त्वरित और सख्त न्याय सुनिश्चित करे।

## राजमार्ग परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश

एजेंसी, जालंधर।



पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने गुरुवार को जिले में चल रही राजमार्ग परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (जालंधर ग्रामीण) हरकमलप्रीत सिंह खख के साथ अधिकारियों के साथ बैठक में डॉ. अग्रवाल ने उन्हें दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे, जालंधर बाईपास और अमृतसर-बठिंडा राजमार्ग जैसी प्रमुख परियोजनाओं की गति में तेजी लाने के निर्देश दिये, ताकि वे अपनी समय सीमा को पूरा कर सकें।

डॉ अग्रवाल ने अधिकारियों को प्रगति में बाधा डालने वाली किसी भी अड़चन की पहचान करने और उसे दूर करने के निर्देश दिये, साथ ही मुद्दों को हल करने के लिये सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने इन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय के महत्व पर प्रकाश डाला।

उपायुक्त ने क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास के लिए इन परियोजनाओं के महत्व को रेखांकित किया और इस बात पर जोर दिया कि किसी भी तरह की देरी से जिले के विकास पर असर पड़ सकता है। समीक्षा के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी भी मौजूद थे।

## टैक्स एवं कानूनी पेशेवरों की सहूलियत के लिये लीगल एआई प्लेटफॉर्म लॉन्च

एजेंसी, नई दिल्ली।



लीगल-टेक समाधान उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी लेक्सलेगिसडॉटएआई ने गुरुवार को यहां कर और कानूनी पेशे से जुड़े लोगों को और सक्षम बनाने के लिये विशेष रूप से डिजाइन देश के पहले लार्ज लैंग्वेज मॉडल के शुरुआत की घोषणा की।

लेक्सलेजिसडॉटएआई के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी साकार एस यादव ने कहा कि यह एआई टूल सटीकता और विश्वसनीयता के साथ कानूनी मामलों में शोध को लेकर जबरदस्त बदलाव लाने वाला है। यह प्लेटफॉर्म हर प्रकार के मुद्दों से संबंधित विशिष्ट निर्णय और सटीक संदर्भ प्रदान करके कानूनी पेशे से जुड़े लोगों की मदद करेगा। इससे बड़े पैमाने पर मौजूद मुकदमा दस्तावेजों को मैन्युअल तरीके से एक जगह एकत्र करने में अदालतों को लगने वाले समय में भी काफी कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म जल्द, सटीक, बिना किसी का पक्ष लिये सभी चीजें सुरक्षित रखते हुये कानूनी पेचीदगियों की जानकारी उपलब्ध करायेगा।

श्री यादव ने कहा कि देश में लंबित कानूनी मामलों की संख्या चार करोड़ से अधिक है और प्रतिदिन 60 हजार मामले दर्ज होते हैं। लेक्सलेजिसडॉटएआई को न्यायपालिका और कानूनी पेशे से जुड़े लोगों को एआई संचालित टूल की मदद से सक्षम बनाने के लिये डिजाइन किया गया है। यह शोध को सरल ओर बेहतर बनाता है। इसमें आगे आने वाले फीचर कानूनी प्रक्रियाओं को और अधिक सुव्यवस्थित करेंगी। इस प्लेटफॉर्म से कानूनी पेशे से जुड़े लोगों के समय की बहुत बचत होगी। आगामी दिनों में हम देश के साथ-साथ दूसरे देशों में भी प्रैक्टिस प्रबंधन प्लेटफॉर्म पर और ज्यादा कार्य एवं प्रक्रिया की शुरुआत करना चाहते हैं।

## एससी-एसटी वर्ग के हितों की अनदेखी नहीं होने देगी सरकार : वीरेंद्र कुमार

एजेंसी, छतरपुर।



- सरकार एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर के सिद्धांत को स्वीकार नहीं करेगी

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने गुरुवार को कहा कि सरकार एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर के सिद्धांत को स्वीकार नहीं करेगी। सरकार एससी-एसटी वर्ग के हितों की अनदेखी नहीं होने देगी। सरकार पूरी तरह से उनके हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ. वीरेंद्र कुमार ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से एससी-एसटी वर्ग के सांसद मिले थे। इससे स्पष्ट है कि सरकार क्रीमीलेयर की अवधारणा को नहीं मान रही। सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है उसमें राज्य सरकारों को राय दी गई है। उसमें भी शर्त है कि पहले सर्वे करना पड़ेगा। उसके बाद कुछ होगा। यह टिप्पणी केंद्र सरकार के लिए नहीं राज्य सरकारों के लिए की गई है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि राज्य को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए एससी-एसटी जातियों का उपवर्गीकरण करने का अधिकार है। फैसले का मतलब है कि राज्य सरकार एससी-एसटी श्रेणियों के बीच अधिक पिछड़े लोगों की पहचान कर सकती है और कोटे के भीतर अलग कोटा के लिए उन्हें उप-वर्गीकृत कर सकती है।

### एयर इंडिया के फ्लाइट की आपात लैंडिंग

बम की धमकी के बाद उतारा गया विमान, सभी 135 यात्री सुरक्षित



एजेंसी, नई दिल्ली। टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या 657 में बम की धमकी के बाद उसकी केरल के तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर सुबह करीब आठ बजे इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में सवार सभी 135 यात्री सुरक्षित हैं। तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट के अधिकारियों के अनुसार, इमरजेंसी लैंडिंग कराने के बाद विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया है। फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद पूरी तरह से आपातकाल घोषित कर दिया गया। फिलहाल विमान आइसोलेशन बे में है। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। यह फ्लाइट आज सुबह 5:45 बजे मुंबई एयरपोर्ट से रवाना हुई और उसे सुबह 8:10 बजे तिरुवनंतपुरम में उतरना था।

### अंतिम संस्कार की अस्थ सेवा का बढ़ेगा दायरा



एजेंसी, नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी के दिल दहलाने वाले अनुभवों के बीच रेड हेल्थ की अंतिम संस्कार की सेवा अस्थ का दायरा जल्द ही बढ़ेगा। रेड डाट हेल्थ के संस्थापक प्रभदीप सिंह ने यह घोषणा विज्ञप्ति में की है। सिंह के मुताबिक, वर्तमान में यह सेवा बेंगलुरु, हैदराबाद, दिल्ली-एनसीआर और वाराणसी सहित 30 शहरों में दी जा रही है। भविष्य में इसे और अधिक स्थानों में विस्तारित किया जाएगा। इस योजना पर काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि अस्थ सैकड़ों दुखी परिवारों के साथ चौबीस घंटे खड़ा रहता है। कोविड काल में लोग अपनों की पार्थिव देह को छूने से डरते थे। तब हमने यह सेवा शुरू कर कोशिश कि दिवंगत आत्माओं के मोक्ष प्राप्ति के लिए जो भी संभव हो सके, वो किया जाए। तब अस्थ का जन्म हुआ। आज समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ अस्थ की एंबुलेंस चौबीस घंटे सेवा प्रदान करती हैं। अस्थ मूल रूप से शवों को उनके मूल स्थान पर पहुंचाने और अंतिम संस्कार की सेवा है।

## ममता की निर्ममता से पश्चिम बंगाल में महिला होना हुआ अपराध : भाजपा

- मशहूर एक्ट्रेस और पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती को रेप की धमकी मिली

एजेंसी, नई दिल्ली।



आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल की बलात्कार और हत्या पीड़ित के लिए न्याय की मांग करने पर टीएमसी की पूर्व सांसद को बलात्कार की धमकियां मिली हैं। इस घटना पर भारतीय जनता पार्टी ने ममता सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा ममता की निर्ममता से पश्चिम बंगाल में महिला होना अपराध हो गया है।

भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर कहा है कि न्याय के लिए खड़े होने और बोलने की हिम्मत करने वाली किसी भी महिला को बख्शा नहीं जाएगा। यह डर और धमकी ही टीएमसी के गुंडों ने बंगाल की राजनीतिक संस्कृति को सीमित कर दिया है। राज्य सरकार को शर्म आनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि बंगाली फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस और पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती को रेप की धमकी मिली है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर इसका खुलासा किया है। उन्होंने मिल रही धमकियों और अश्लील मैसेज के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए हैं। मिमी ने बताया कि कोलकाता डॉक्टर केस के बारे में पोस्ट करने के बाद से उन्हें लगातार ऐसे मैसेज आ रहे हैं।

### लेह में बस सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिरी, छह की मौत, 22 घायल



एजेंसी, लेह। लद्दाख के लेह जिले में गुरुवार को एक बस सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर जाने से छह लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए।
लेह के डिप्टी कमिश्नर संतोष सुखादेव ने बताया कि निजी बस एक स्कूल के कर्मचारियों को शादी समारोह में ले जा रही थी। दुरबुक इलाके में अचानक चालक के नियंत्रण खो देने के कारण बस खाई में गिर गई। जिला प्रशासन और पुलिस के कर्मियों ने घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। 22 घायलों को लेह के एसएनएम अस्पताल और सेना के अस्पताल ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है।
सुखादेव ने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है।

## अमृतसर हवाई अड्डे को मिला एयर एशिया एक्स का 'सर्वश्रेष्ठ स्टेशन पुरस्कार'

एजेंसी, अमृतसर।



अमृतसर के श्री गुरु राम दास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को मलेशियाई एयरलाइन एयर एशिया एक्स ने जुलाई 2024 महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टेशन पुरस्कार से सम्मानित किया है।

एयर एशिया एक्स, दुनिया की सबसे बड़ी कम लागत वाली एयरलाइनों में से एक, कुआलालंपुर से अमृतसर के लिये सप्ताह में चार सीधी उड़ानें संचालित करती है। यह पुरस्कार अमृतसर हवाई अड्डे को समय पर उड़ानें संचालित करने, क्षतिग्रस्त यात्री बैगों की सबसे कम संख्या होने और दुनिया भर में एयरएशिया एक्स नेटवर्क के 24 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के बीच उच्चतम नेट प्रमोटर स्कोर हासिल करने के लिये मान्यता देता है।

अमृतसर में एयर एशिया एक्स के स्टेशन मैनेजर बीर सिंह बग्गा ने अपने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की और कहा कि यह उपलब्धि हमारी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। यह टीम वर्क का परिणाम है जो ऐसी सफलताओं को संभव बनाता है। श्री बागा ने अपनी टीम के प्रत्येक सदस्य की कड़ी मेहनत को स्वीकार करते हुये अमृतसर हवाई अड्डे पर अपनी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। फ्लाई अमृतसर इनिशिएटिव और सामाजिक एनजीओ अमृतसर विकास मंच, जिन्होंने अगस्त 2018 में इन उड़ानों को शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, ने भी एयरएशिया एक्स के अमृतसर हवाई अड्डे के कर्मचारियों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। इन संस्थानों के एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें कुलवंत सिंह अणखी, मनमोहन सिंह बराड़, राजविंदर सिंह गिल, योगेश कामरा और जेपी सिंह शामिल थे, ने एयरएशिया एक्स के अमृतसर हवाई अड्डे के स्टेशन प्रबंधक बीर सिंह बागा और मुख्य सुरक्षा अधिकारी गुरदीप सिंह को सम्मानित किया।

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट : ईडी कार्यालय पर कॉंग्रेस का मार्च, कइयों को पुलिस ने लिया हिरासत में

एजेंसी, चंडीगढ़। हिंडनबर्ग रिपोर्ट में सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच को लेकर हुये खुलासे को लेकर हरियाणा और चंडीगढ़ कांग्रेस ने वीरवार को प्रवर्तन निदेशालय पर प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने कुछ नेताओं समेत कई कार्यकर्ताओं को हिरसत में लिया।

कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुख्यालय से प्रवर्तन निदेशालय के कार्यक्रम तक पैदल रोष मार्च निकाला। कॉंग्रेस ने आरोप लगाया कि पुलिस ने लाठी चार्ज भी किया और उसमें कई कार्यकर्ताओं को चोट आई। बाद में पुलिस ने हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सांसद जयप्रकाश जेपी, वरुण मुलाना समेत कइयों को हिरासत में लिया। कॉंग्रेस सेबी प्रमुख को पद से हटाने और हिंडनबर्ग खुलासों की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की मांग कर रही है।

## कमलेश कुमार वर्मा अध्यक्ष व हरिगेंद मौर्य महामंत्री मनोनीत



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

गुरुवार को सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कर्मचारी यूनियन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम मंत्री राकेश सचान, सूक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्यम, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग एवं खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर बोर्ड के संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ यादव विशिष्ट अतिथि के साथ समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यूनियन का चुनाव 15 जुलाई को सम्पन्न हुआ था।

कमलेश कुमार वर्मा को अध्यक्ष, हरिगेंद मौर्य को महामंत्री, प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव तथा राजेन्द्र कुमार कश्यप को उपाध्यक्ष, राजकुमार को मंत्री, हरिकरन सिंह को संगठन मंत्री, लक्ष्मी नारायण तिवारी को कोषाध्यक्ष, सुधर सिंह को प्रचार मंत्री एवं सात कार्यकारिणी सदस्यों में अभिषेक कुमार अग्निहोत्री, अमित कुमार त्रिपाठी, कमलाकान्त सिंह यादव, श्यामसुन्दर तिवारी, हरीशंकर, भैरो प्रसाद, रामानन्द वर्मा को यूनियन के पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।

## मेदांता ने हासिल की 100 सफल ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी की उपलब्धि

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।




क्षेत्र के प्रमुख हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर, मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हॉस्पिटल के ब्रेस्ट कैंसर विभाग की स्थापना के बाद से पिछले 18 महीनों में यहां सफलतापूर्वक 100 ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी की गई हैं। यह उपलब्धि अस्पताल की इस घातक बीमारी से लड़ रहे मरीजों को विश्वस्तरीय देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इन सर्जरी में सेंटिनल लिम्फ नोड बायोप्सी, ब्रेस्ट रि-शेपिंग या ऑन्कोप्लास्टी, ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन और विशेषज्ञ डॉक्टरों वाले ट्यूमर बोर्ड द्वारा मरीज के लिए सर्वोत्तम इलाज के तरीकों पर चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण रही है।

हॉस्पिटल द्वारा दी जाने वाली उन्नत सर्जिकल तकनीकें और चिकित्सा, ऑन्कोलॉजिस्ट और रेडियेशन टीम की विशेषज्ञता के कारण मरीजों को इलाज के बेहतर परिणाम मिल सके हैं।

अस्पताल ब्रेस्ट कैंसर के लिए एक व्यापक इलाज की सुविधा प्रदान करता है, जो प्रत्येक मरीज की विशेष जरूरतों के अनुसार तय की जाती है। शुरुआती स्टेज के इलाज में ब्रेस्ट-प्रिजर्विंग ऑपरेशन और सेंटिनल लिम्फ नोड बायोप्सी शामिल हैं, जो सर्जरी की जटिलताओं को कम करने के साथ-साथ कैंसर का प्रभावी ढंग से इलाज करती हैं। स्क्रीनिंग से पता चले प्रारंभिक स्तर के कैंसर, जब ट्यूमर का फैलाव अधिक नहीं होता है, ऐसे मरीजों के लिए, मेदांता लखनऊ एडवांस्ड सर्जरी जैसे वायर गाइडेड एक्ससिजन की सुविधा प्रदान करता है। जिन मरीजों को अपने ब्रेस्ट को सुरक्षित रखना है, ऐसे मरीजों के लिए अस्पताल ब्रेस्ट रि-शेपिंग या ऑन्कोप्लास्टी में विशेषज्ञता रखता है, जो ट्यूमर को हटाते हुए ब्रेस्ट की प्राकृतिक रूप-रंग को बनाए रखता है। इसके अलावा, मेदांता लखनऊ ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी भी प्रदान करता है, जिससे मरीजों को अपना आत्मविश्वास और शरीर की छवि पुनः प्राप्त करने में मदद मिलती है।

## फेड रिजर्व के ब्याज दर में कटौती शुरू करने के संकेत से चढ़ा बाजार

एजेंसी, मुंबई।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के जारी मिनट्स में अगले कुछ सप्ताह में ब्याज दर में कटौती शुरू करने के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, दूरसंचार, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली से शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त बरकरार रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.89 अंक मजबूत होकर करीब दो सप्ताह बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 81,053.19 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 41.30 अंक बढ़कर 24,811.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 0.67 प्रतिशत की छलांग लगाकर 48,643.86 अंक और स्मॉलकैप 0.47 प्रतिशत की बढ़त लेकर 55,598.26 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4053 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2451 में लिवाली जबकि 1513 में बिकवाली हुई वहीं 89 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

समस्त जनपद वासियों को 'स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन' की
हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष बाबू गौतम
एडीओ पंचायत
विकास खण्ड-कदौरा, जनपद-जालौन

समस्त जनपद वासियों को 'स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन' की
हार्दिक शुभकामनाएं
महावीर शरण गुप्ता
एडीओ पंचायत
विकास खण्ड-माधौगढ़, जनपद-जालौन